जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

₹4

वर्ष 21 | अंक-246 | मुंबई, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य




लखनऊ बनाम मुंबई : किसका पलड़ा भारी ?

पेज 11

ETAR
Vision of india
BEST QUALITY MOBILE ACCESSORIES
ET-R36
EARPHONE
AIR-LUXE
Royal Series Battery
FOR INQUIRY CALL +91 99677 73129
follow us / etar_india / www.etarindia.com

वक्फ संशोधन विधेयक : राज्यसभा में चर्चा

# बीजद के फैसले से बंधी 'उम्मीद'

▶▶ राज्यसभा में बदल गया समीकरण, विपक्ष और कमजोर

▶▶ सत्ता पक्ष ने दीं दलीलें, विपक्ष ने इरादों पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया। सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का जबरदस्त समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में 288 सांसदों ने वोट किया। वहीं, इसके विपक्ष में 232 वोट पड़े। इसके साथ ही विधेयक के राज्यसभा में जाने का रास्ता साफ हो गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा में पेश कर दिया। हालांकि, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 की असल परीक्षा इसी सदन में मानी जा रही है। दरअसल, राज्यसभा में एनडीए का बहुमत जरूरी संख्या पर ही स्थिर है। इस बीच बीजू जनता दल (बीजद) ने अपना वक्फ संशोधन विधेयक की खिलाफत करने का अपना रुख बदल लिया है। अब पार्टी के सांसद सस्मित पात्रा ने कहा है कि वक्फ विधेयक के लिए पार्टी की तरफ से कोई व्हिप नहीं जारी किया गया है। सांसद अपने अंतरात्मा की आवाज को सुनकर राज्यसभा में वक्फ विधेयक पर वोटिंग कर सकते हैं। बीजद ने लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा से पहले इसका विरोध की बात कही थी। अब फैसला बदलने से राज्यसभा में विपक्ष की स्थिति और कमजोर हुई है। राज्यसभा में बीजद के 7 सांसद हैं। पहले इनकी गिनती विपक्ष में होती थी। अब इन सांसदों का रुख तय नहीं है। ऐसे में वक्फ विधेयक पर विपक्ष की ताकत और कमजोर होना तय है।



## मिलिंद देवरा ने किया बिल का समर्थन



राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 पर बोलते हुए शिवसेना सांसद मिलिंद मुरली देवरा ने कहा कि आज फैशन बन गया है कि सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। मैं कश्मीर से 370 हटने के बाद तीन बाद वहां गया, 370 हटने के बाद सबसे ज्यादा फायदा कश्मीरी मुसलमानों को हुआ है। मेरी सभी मुसलमान भाईयों-बहनों से अपील है कि भ्रम और अफवाह पर ध्यान न दें।

## इमरान प्रतापगढ़ी ने किया विरोध



राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने बिल का विरोध किया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 2014 में आई भाजपा तभी से वक्फ संपत्तियों को हड़पने की कोशिश कर रही है। वे जिस मुस्लिमों को न्याय दिलाने की बात कर रहे हैं, उनके पास लोकसभा में कोई मुस्लिम सांसद नहीं है।

### नड्डा ने गिनाई वक्फ बिल की खूबियां

राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा- हमारा प्रयास है कि वक्फ के काम पारदर्शिता आए। अपने संबोधन की शुरुआत में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि सदन इस बिल का समर्थन करेगा। इस बिल का मूल उद्देश्य वक्फ की संपत्ति का रखरखाव करना है। इस बिल पर काफी चर्चा हुई है। मैं इस बिल को लेकर कहना चाहता हूं, इसके खिलाफ जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसका विरोध करता हूं। इस बिल को लेकर 2013 बने जेपीसी में सिर्फ 13 सदस्य थे, अब इस बिल को लेकर बने जेपीसी में 31 सदस्य थे।

### 'हम संविधान से चलते हैं, वो बस किताब दिखाते हैं'

जेपी नड्डा ने कई मुस्लिम देशों का जिक्र करते हुए कहा, वहां पर वक्फ की संपत्ति का रखरखाव सरकारें करती हैं। लेकिन हम तो बस रखरखाव और नियमों से चलने की बात कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग न हो इस लिए ये बिल लाया गया है। नड्डा ने 2013 वक्फ बिल की कमियां और 2025 के वक्फ बिल की खूबियां भी गिनाई। जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के लोग जेब में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, हमेशा दिखाते रहते हैं, लेकिन पढ़ते नहीं, इस्तेमाल नहीं करते हैं। संविधान का इस्तेमाल हम करते हैं।

# भारत-थाईलैंड बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी

**बैंकॉक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। ये संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। मोदी ने गुरुवार को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर पर वार्ता की। मोदी ने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। मोदी ने कहा कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है।



### दिलों-परंपराओं को जोड़ती रामायण

प्रधानमंत्री मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने दो दिवसीय यात्रा पर बैंकॉक पहुंचे हैं। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने रामकियेन (थाई रामायण) का मनमोहक प्रदर्शन देखा। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो किसी और जैसा नहीं था! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था, जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।' पीएम ने कहा कि रामायण वास्तव में एशिया के कई हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ती है।

### डाक टिकट जारी करने का आभारी

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाई सरकार ने 18वीं सदी के 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किए, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाई सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा के दौरान डाक टिकट जारी करने के लिए मैं थाई सरकार का आभारी हूं।

### भूकंप में हताहतों के प्रति संवेदना

पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### श्रीलंका जाएंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समुद्रीय सहयोग पर समझौते पर हस्ताक्षर की देखरेख के लिए बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) के नेताओं के साथ शामिल होंगे। जिनमें थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता शामिल हैं।

MULTTIFAB
LED Lighting Solutions
DHANLAXMI MALI PRODUCT
Survey No.177,Isand Road,
Chhatral, Ta- Kalol,
Dist.Gandhinagar,
Gujarat- 382 729
+91 97874 10141
+91 84518 31691
Customer Care No.:
+91 99094 10141
www.multtifabled.co.in

NICE™
INSURANCE LANDMARK
विशेष सूचना !
एलआईसी के इतिहास का नंबर 1 प्लान 'जीवन श्री' में निवेश करने वाले सभी पॉलिसी होल्डर्स की मैच्योरिटी यानी पॉलिसी खत्म होने का समय आ गया है। लेकिन, इसकी जानकारी बहुत सारे ग्राहकों को नहीं है, जिन्होंने पॉलिसी बैंक द्वारा ली या ऐसे एजेंट द्वारा जिन्होंने काम बंद कर दिया। अब चिंता छोड़िए, आप अपनी सभी पॉलिसी हमारी कंपनी नाइस इंश्योरेंस लैंडमार्क द्वारा फ्री में चेक करा सकते हैं, हम आपको पोर्टफोलियो एवं नई जानकारी देंगे।
★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड
41 साल का भरोसा
300 से अधिक एवार्ड विजेता
गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A
9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com

# ट्रंप का अमेरिका फर्स्ट, मोदी का इंडिया : चौधरी

भारत से आयात पर अमेरिका का 26% जवाबी शुल्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ लागू करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि हम अमेरिका द्वारा लगाए गए पारस्परिक टैरिफ के प्रभाव का विश्लेषण कर रहे हैं। अगर डोनाल्ड ट्रम्प के लिए अमेरिका पहले है तो हमारे पीएम नरेन्द्र मोदी के लिए भी भारत पहले है। दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने न्यूनतम 10% टैरिफ लागू करने की घोषणा तीन अप्रेल को कर दी। इसमें व्हाइट हाउस द्वारा सबसे खराब अपराधी के रूप में चिह्नित देशों के लिए कठोर टैरिफ रेट शामिल हैं।



### भारत पर पड़ इसका असर

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बहुमूल्य पत्थर, रसायन, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी क्षेत्रों के सामान प्रभावित हो सकते हैं। इन क्षेत्रों में हाई टैरिफ अंतर के चलते अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। हाई टैरिफ का अंतर, किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है। व्यापक क्षेत्र स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच संभावित शुल्क अंतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है।

### कितने का हाई टैरिफ अंतर

रसायनों तथा औषधि पर यह अंतर 8.6 प्रतिशत, प्लास्टिक पर 5.6 प्रतिशत, वस्त्र और परिधान पर 1.4 प्रतिशत, हीरे, सोने तथा आभूषणों पर 13.3 प्रतिशत, लोहा, इस्पात व आधार धातुओं पर 2.5 प्रतिशत, मशीनरी व कंप्यूटर पर 5.3 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक पर 7.2 प्रतिशत और वाहन तथा उसके घटकों पर 23.1 प्रतिशत शामिल है।

प. बंगाल | शिक्षक भर्ती घोटाला

# खतरे में 25000 शिक्षकों की नौकरी

▶▶ सुप्रीम कोर्ट का ममता सरकार को झटका

▶▶ नियुक्ति अवैध व चयन प्रक्रिया 'त्रुटिपूर्ण'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ा झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति को गुरुवार को अवैध करार दिया और चयन प्रक्रिया को 'त्रुटिपूर्ण' बताया। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के संबंध में 127 याचिकाओं पर निर्णय सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमारे विचार में यह ऐसा मामला है, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण है। बड़े पैमाने पर हेरफेर और धोखाधड़ी के साथ-साथ मामले को छिपाने के प्रयासों ने चयन प्रक्रिया को इतना नुकसान पहुंचाया है कि उसे दुरुस्त नहीं किया जा सकता।



### दिव्यांग अभ्यर्थियों को खतरा नहीं

चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने नियुक्तियों को रद्द करने संबंधी कलकत्ता हाईकोर्ट के 22 अप्रेल 2024 के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि चयन की विश्वसनीयता और वैधता कम हो गई है, इसलिए उच्च न्यायालय के आदेश को कुछ संशोधनों के साथ बरकरार रखना होगा।

### फैसला मंजूर नहीं : ममता

- सीएम ममता ने विशेष बैठक की। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मैं कानून के बारे में ज्यादा नहीं जानती लेकिन कोर्ट का सम्मान करते हुए मैं कहना चाहती हूं कि मैं फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। मानवीय आधार पर मैं कहना चाहती हूं कि मुझे ये फैसला स्वीकार नहीं है। जिन लोगों की उम्मीदवारी रद्द की गई है, वो सुप्रीम कोर्ट के अनुसार नए सिरे से आवेदन कर सकते हैं। उन्हें नया मौका दिया जाना चाहिए। सरकार के पास अभी भी एक लाख नौकरियां हैं लेकिन मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते हम इस पर आगे नहीं बढ़ सकते।


## न्यूज BRIEF

### जम्मू-कश्मीर में 48 अफसर बदले

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए जेके प्रशासनिक सेवा के 48 अफसरों के तबादले और नियुक्ति के आदेश दिए हैं। 14 अतिरिक्त उपायुक्त, 26 सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट समेत जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा के 48 अफसरों का ट्रांसफर करने का आदेश दिया है।

### नंदिनी दूध की कीमत में इजाफा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने कुछ दिन पहले एक अधिसूचना जारी कर नंदिनी दूध की कीमत चार रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी थी। संशोधित दर एक अप्रेल से लागू हो गई है। इसके बाद बेंगलुरु के कई होटलों और रेस्तरां ने कॉफी और चाय के दाम बढ़ा दिए हैं। कीमत तीन रुपए से बढ़कर पांच रुपए हो गई है।



### तेलंगाना : हैदराबाद में भारी बारिश

**हैदराबाद।** तेलंगाना के हैदराबाद में मौसम सुहाना हो गया है। हैदराबाद में गुरुवार दोपहर बारिश देखने को मिली। हैदराबाद में हुई बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा। इस कारण चादरघाट और मलकपेट में भारी ट्रैफिक जाम लग गया।

खंडवा में बड़ा हादसा

# कुएं की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत

- जहरीली गैस ने ली जान
- करना था गणगौर विसर्जन

**खंडवा।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में गणगौर उत्सव के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है। यहां गणगौर मैया के विसर्जन के लिए गांव के कुएं की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कुंए के आसपास जमा है। जानकारी के अनुसार हादसा जिले के छैगांव माखन तहसील में आने वाले कोंडावत गांव में हुआ है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन से पहले गांव के कुएं को साफ करने करीब पांच लोग उतरे थे, पर काफी देर तक जब वे वापस नहीं आए तो तीन लोग और उन्हें तलाशने कुएं में उतरे, पर वो भी नहीं लौट सके। बाद में लोगों ने पुलिस को सूचना दी।



एंबुलेंस घोटाला

### दो हजार एंबुलेंस को 900 करोड़ का भुगतान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एंबुलेंस से जुड़ा नया घोटाला सामने आया है। सरकार की ओर से एंबुलेंस भुगतान को लेकर जानकारी देने के बाद विवाद बढ़ गया है। पिछले ढाई सालों में 2000 एंबुलेंस को किराए के रूप में 900 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इस पर कांग्रेस का आरोप है कि इसके आधे रुपए में तो नई आधुनिक एंबुलेंस आ जाती। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह की ओर से सवाल किया गया कि विगत कुछ सालों में सरकार ने एंबुलेंस को कितना भुगतान किया है? इस पर सरकार की ओर से जवाब आया कि पिछले 33 महीने में करीब 900 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

# प्राइमरी स्कूल की टीचर और करोड़ों की सैलरी

**लखनऊ।** यूपी की एक महिला टीचर 25 सरकारी स्कूलों में नौकरियां कर रहीं थीं। उन्होंने सरकारी वेतन के रूप में करोड़ों की कमाई की। जब इसका भेद खुला तो विभाग के हाथ-पांव फूल गए। वर्ष 2020 में अनामिका शुक्ला का नाम प्रदेश भर में सुर्खियों में आ गया था। इस नाम पर 25 जिलों में 25 अनामिका शुक्ला ने नौकरियां पा लीं। इतना ही नहीं सभी, ने 13 महीनों का मानदेय भी ले लिया। इस खुलासे के बाद प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अनामिका शुक्ला के नाम से प्राइमरी टीचर की नौकरियां करने वालों की धरपकड़ होने लगी। कासगंज के फरीदपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी अनामिका शुक्ला नाम की एक टीचर अगस्त 2018 से तैनात थीं।



▶▶ फर्जी दस्तावेज से की करोड़ों की कमाई

# 22 लाख स्किल्ड ड्राइवरों की कमी

▶▶ नितिन गडकरी ने लोकसभा में दी जानकारी

▶▶ 1600 ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किए जाएंगे

▶▶ सरकार शुरू करेगी 4500 करोड़ की योजना

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में 22 लाख स्किल्ड ड्राइवरों की कमी है। यह जानकारी केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में दी। उन्होंने कहा कि अच्छी ट्रेनिंग की कमी के चलते कई दुर्घटनाएं हो रहीं हैं।

हर साल सड़क दुर्घटनाओं के कारण लगभग 1.8 लाख लोग मरते हैं और उनमें से कई अनट्रेंड ड्राइवरों की वजह से मरते हैं। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय परिवहन मंत्री ने कहा कि केंद्र ने ड्राइवरों के लिए ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित करने के लिए 4500 करोड़ रुपए की योजना शुरू की है।

1600 ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित किए जाएंगे। इससे 60 लाख से अधिक रोजगार पैदा होंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से क्लस्टर दृष्टिकोण सहित ड्राइविंग प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) और ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) की स्थापना के लिए उपयुक्त प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया गया है।



### 55% ट्रक ड्राइवरों की नजर कमजोर

रिपोर्ट में यह सामने आया था कि भारत में करीब 55.1 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की नजर कमजोर है, जबकि 53.3 प्रतिशत को दूर की दृष्टि में सुधार की जरूरत है और 46.7 प्रतिशत को निकट दृष्टिदोष के उपचार की जरूरत है। आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार रिपोर्ट के मुताबिक करीब 44.3 प्रतिशत ड्राइवरों में शरीर द्रव्यमान सूचकांक (बीएमआई) सीमा रेखा या उससे अधिक है, जबकि 57.4 प्रतिशत में रक्तचाप का स्तर बढ़ा हुआ है और 18.4 प्रतिशत में ब्लड शुगर सीमा रेखा या उससे अधिक पाया गया।

सीबीएसई एकेडमिक ईयर 2025-26

# नए पाठ्यक्रम में कई बड़े बदलाव

**नई दिल्ली।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) में जल्द बोर्ड एग्जाम 2024 के रिजल्ट जारी करने की तैयारी हो रही है तो दूसरी ओर सीबीएसई ने हाल ही में नए एकेडमिक सेशन 2025-26 के लिए सिलेबस अपडेट जारी कर दिया है। साथ ही नए टीचिंग मेथेड, ग्रेडिंग सिस्टम और प्रैक्टिकल लर्निंग को लेकर कई बड़े ऐलान भी किए हैं। बोर्ड ने महज बुक्स में बदलाव नहीं किया है, बल्कि पूरे सिस्टम में कुछ बदलकर बड़ा बदलाव लाने की कोशिश की है।



### अब सालाना दो बार बोर्ड एग्जाम

इसी सेशन से कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए अब बोर्ड एग्जाम साल में दो बार आयोजित किए जाएंगे। पहला बोर्ड एग्जाम फरवरी में तो दूसरा एग्जाम अप्रेल में आयोजित होगा। यानी अगर कक्षा 10वीं में अगर मार्च वाली परीक्षा में फेल हुए तो अप्रेल में अपने में सुधार लाकर दूसरे मौके में पास होने की कोशिश कर सकते हैं, इसके लिए साल भर इंतजार नहीं करना होगा। हालांकि 12वीं में पहले जैसे एक ही बार एग्जाम देना होगा।

### अगर फेल हुए तो

- कक्षा 10वीं के बोर्ड एग्जाम पास करने के लिए छात्रों को वही पुराने 33 फीसदी नंबर लाने होंगे, अगर कम नंबर आए तो आप फेल होंगे। मसलन अगर कोई छात्र साइंस, मैथ, सोशल साइंस जैसे किसी सब्जेक्ट में फेल हुआ तो वह पास हो सकेगा। इसे ऐसे समझें कि अगर कोई छात्र किसी सब्जेक्ट में फेल हुआ, तो वह स्किल बेस्ड या ऑप्शनल लैंग्वेज सब्जेक्ट बदल सकेगा।

### स्किल बेस्ड सब्जेक्ट होंगे शामिल

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं के छात्रों के लिए इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर एप्लीकेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों को शामिल कर स्किल बेस्ड एजुकेशन पर जोर दे रहा है। इसके अतिरिक्त कक्षा 9वीं और 10वीं के दौरान छात्रों को अंग्रेजी या हिंदी में से किसी एक लैंग्वेज को चुनना जरूरी कर दिया गया है। कक्षा 12वी में बोर्ड ने 4 नए स्किल इलेक्टिव्स को शामिल किया, जिनमें लैंड ट्रांसपोर्टेशन एसोसिएट, इलेक्ट्रेनिक एंड हार्डवेयर, फिजिकल एक्टिवी ट्रेनर और डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन शामिल है।

## भारतीय रेल का नया कीर्तिमान

# बीते वित्त वर्ष में बनाए 7,134 कोच

▸▸ कोच निर्माण में दुनिया का अग्रणी देश बनकर उभरा भारत

▸▸ 2014 से 2024 के बीच आंकड़ा 54,809 पहुंचा

▸▸ आम आदमी का ध्यान रखकर नॉन एसी कोचों के उत्पादन में वृद्धि



**मुंबई /नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7,134 कोचों का निर्माण कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह संख्या पिछले वर्ष 6,541 कोचों के उत्पादन की तुलना में करीब 9 प्रतिशत अधिक है। आम आदमी का ध्यान रखते हुए गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पिछले वित्त वर्ष में 4,601 नॉन एसी कोच का उत्पादन हुआ। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय रेल की उत्पादन क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शाती है, जो बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है। इससे रेल सेवाएं अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और कुशल बनेंगी। जिससे यात्रियों को बेहतर यात्रा का अनुभव मिलेगा।

### भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां

- भारतीय रेल की तीन कोच निर्माण इकाइयां हैं। जिसमें तमिलनाडु के चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ), पंजाब के कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री (आरसीएफ) और उत्तर प्रदेश के रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) शामिल है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने वर्ष 2024-25 में पिछले उत्पादन रिकॉर्ड को तोड़ने हुए 3,007 कोच का उत्पादन किया है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारतीय रेल ने कोच निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है।

### कोच उत्पादन के आंकड़े में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

- 2004 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 3,300 कोच के करीब था। वहीं 2014 से 2024 के बीच कोच उत्पादन का आंकड़ा रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ 54,809 पहुंच गया, जिसका औसत 5,481 कोच रहा है। कोच निर्माण क्षेत्र में यह वृद्धि भारतीय रेल द्वारा आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में निर्णायक है। इसका उद्देश्य घरेलू निर्माण क्षमता को मजबूत करना, आयात पर निर्भरता को कम करना और रेलवे संरचना में अत्याधुनिक तकनीक को अपनाना है।

### 'मेक इन इंडिया' पहल को नया आयाम

- रेल कोच निर्माण में भारतीय रेल की यह उपलब्धि 'मेक इन इंडिया' पहल को नया आयाम देती है। साथ ही विश्व पटल पर भारत को एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित करती है। कोच उत्पादन में भारतीय रेल की सफलता 'मेक इन इंडिया' पहल का हिस्सा है, जो रेल ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को और अधिक कुशल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एडवांस तकनीक से लैस आधुनिक कोच यात्रियों को ज्यादा आराम, अधिक स्थान और अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैंगे। इससे यात्रा का अनुभव और ज्यादा आरामदायक बन रहा है। इसके साथ ही उच्च उत्पादन क्षमता से ट्रेनों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

### पश्चिम रेलवे अहमदाबाद मंडल

## रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की द्वितीय बैठक आयोजित

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर तीन अप्रेल को मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) की द्वितीय बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, अहमदाबाद में किया गया। बैठक के प्रारम्भ में समिति के सचिव व वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनु त्यागी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा अहमदाबाद मंडल पर चल रही विभिन्न गतिविधियों एवं विकास कार्यों से समिति के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होने माननीय सदस्यों को आश्वस्त किया की यात्री सुविधाओ का विकास अहमदाबाद मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे है तथा आने वाले कुछ समय में और आधुनिक सुविधाएँ मण्डल पर देखने को मिलेगी। उनकी उचित माँगों पर मंडल द्वारा शीघ्र समाधान किया जाएगा। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों द्वारा संजय कुमार ब्रह्मभट को जेडआरयूसीसी सदस्य के लिए नामित किया। अनु त्यागी द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से अहमदाबाद मंडल की उपलब्धियों के बारें में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि अहमदाबाद मंडल के अहमदाबाद, साबरमती, गांधीधाम एवं भुज स्टेशनों का मेजर रीडेवलपमेंट किया जा रहा है साथ ही 16 रेलवे स्टेशनों का अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत रीडेवलपमेंट कार्य भी प्रगति पर है। इन कार्यों के पूर्ण होने पर हम हमारे सम्मानित यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान करने में समर्थ होंगे। त्यागी ने कहा कि इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों जैसे डबलिंग, गेज परिवर्तन, इलेक्ट्रिफिकेशन और स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य को गति मिली है।



इस बैठक मे उपस्थित सदस्यों के साथ अपने-अपने क्षेत्रों से संबन्धित यात्री सुविधाओं को बढ़ाने,रेलवे संबंधी समस्याओ के शीघ्र निराकरण करने व उनकी उचित मांगो पर सकारात्मक विचार विमर्श किया। इस आयोजित बैठक में सर्वश्री राकेश कुमार जैन, पारसमल नाहटा, हिंगोरभाई रबारी, जामाभाई देसाई, विष्णुकान्त नायक, भगवानभाई पटेल, संजय कुमार ब्रह्मभट्ट, जितेंद्र कुमार लेउवा, दीपक कुमार चौधरी, दिलीपभाई पंड्या, किशोर ठाकुर, क्षितीश शाह, मुकेशकुमार ठाकर, रमेशभाई संगानी,अरविन्दभाई नायक, अनिलकुमार पटेल एवं जगदीशभाई ठाकोर उपस्थित रहे तथा इस अवसर पर मण्डल के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित भी रहे।

## शहर में तैयार किए जाएंगे वैकल्पिक मार्ग

- मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार

**भायंदर।** मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार हो और शहर में रिंग रोड तैयार हो सके, इसके लिए मनपा ने नीचे दिए गए मार्गों को तैयार करने हेतु एम.एम.आर.डी.ए. प्राधिकरण से अनुरोध किया था।1. मीरारोड पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले रेलवे पर उड्डाणपुल का निर्माण करना और संपर्क मार्ग को दहिसर लिंक रोड से जोड़ना। **2.** घोड़बंदर से जैसल पार्क तक 60 मीटर और 30 मीटर चौड़ाई वाला सड़क निर्माण। **3.** घोड़बंदर साई पैलेस से ठाकुर मॉल के पीछे तक 30 मीटर चौड़ा राष्ट्रीय महामार्ग से दहिसर चेक नाका तक रास्ता बनाना। **4.** भाईंदर पश्चिम स्थित सुभाषचंद्र बोस मैदान आरक्षण क्र. 91 से भायंदर रेलवे स्टेशन बस डिपो तक 30 मीटर चौड़ा मार्ग बनाना। **5.** भायंदर पश्चिम स्थित सुभाषचंद्र बोस मैदान से मोरवा गांव तक सीमेंट कंक्रीट रोड बनाना। इन कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने और आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के लिए मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा ने 12 मार्च को एम.एम.आर.डी.ए. अधिकारियों के साथ बैठक ली।

## समपार फाटक संख्या एसटी-35 बंद



### कामपुर स्टेशन पर नया रोड ओवर ब्रिज चालू

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पू. सी. रेलवे) ने गुवाहाटी - लामडिंग सेक्शन के कामपुर स्टेशन पर समपार फाटक संख्या एसटी - 35 के स्थान पर एक महत्वपूर्ण रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) संख्या 114/ए का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा किया। सड़क यातायात में भीड़-भाड़ और गुवाहाटी - लामडिंग सेक्शन में हाल ही में पूर्ण हुई दोहरी लाइन से ट्रेनों के बढ़ते आवागमन के कारण समपार फाटक संख्या एसटी-35 के स्थान पर आरओबी के निर्माण की आवश्यकता पड़ी। इस परियोजना को लगभग 64 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पूरा किया गया। नव निर्मित आरओबी का उद्घाटन असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत विश्व शर्मा ने 30 मार्च, 2025 को किया और अब यह सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, समपार फाटक संख्या एसटी- 35, जिसका ट्रांसपोर्ट व्हीकल यूनिट (टीयूवी) 6.70 लाख था, को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। इससे एक महत्वपूर्ण रूकावट समाप्त होने के साथ-साथ क्षेत्र में ट्रेन परिचालन को बढ़ावा मिलेगा। आरओबी की कुल लंबाई 803 मीटर है, जिसमें 505 मीटर लंबा वायाडक्ट और 42 मीटर का बो स्टिंग गर्डर स्पैन शामिल है। 7.5 मीटर चौड़े मार्ग के साथ, यह वाहनों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा। यह महत्वपूर्ण बुनियादी संरचना स्थानीय यात्रियों के लिए निर्बाध रोड कनेक्टिविटी प्रदान करेगा, जिससे तेज तथा सुरक्षित यात्रा और अधिक बेहतर होगी। इसके अतिरिक्त, व्यस्त समपार फाटक के बंद होने से इस महत्वपूर्ण मार्ग पर रेल संरक्षा को बढ़ावा मिलेगा, विलंबता में कमी आएगी और ट्रेन परिचालन की समग्र दक्षता में सुधार होगा। समपार फाटकों की समाप्ति ट्रेन परिचालन की संरक्षा को बढ़ाएगा और आरओबी पर सड़क परिवहन एवं राहगीरों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे पूरे क्षेत्र में निर्बाध परिवहन, यात्री सुविधा और संरक्षा बढ़ाने के लिए बुनियादी संरचना के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। इस आरओबी के चालू होने से नगांव और कार्बी आंगलोंग जिलों के निवासियों को काफी लाभ होगा।


## स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. एस/01/2025-26 तारीखः 01-04-2025।** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्ननिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं ।

**क्रमिक संख्या 1. निविदा संख्या. 61/25/5074ए/ओटी/01/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 11-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ डीआरजी. नं. टी-5849 (एएलटी-1) अनुसार 60 किलोग्राम जोगल फिश प्लेटस, डीआरजी नं. आरडीएसओ टी- 5854 अनुसार दो फिश प्लेटस दो क्लेम्पस और डीआरजी नं. आरडीएसओ टी-5854/1 अनुसार दो क्लेम्पस और डीआरजी नं. टी-10773 अनुसार सिंगल कइल स्प्रींग वाशर सहित डीआरजी नं. टी-11525 अनुसार दो वोल्टस एवं नाटस, फिश प्लेटस के लिए आईआरएस स्पेसिफिकेशन। (वारंटी अवधि: आपूर्ति की तारीख से 30 महीने तक) (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आईटम: 3100466, फिश प्लेटस सब आईटम: फिश प्लेटस, आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति), परिमाण- जितेन्द्र कुमार, एनएफआर (असम) के लिए 2070 सेट, पीएल. संख्या. -60090133।

**क्रमिक संख्या 2. निविदा संख्या. 40/25/0555/ओटी/02/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 15-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0139. 2009 (आरईवी-1) अनुसार एलएचबी कोचो के लिए रुफ माउटेंड एसी पैकेज यूनिट हेतु माइक्रोप्रोसेसर कांट्रोलर, डीआरजी नं. नहीं, स्पेसिफिकेशनः आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0139 2009 (आरईवी-1) अनुसार (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम: 3100369, एलएचबी कोच एवं डाबल डेकर कोचों के लिए रुफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट हेतु माइक्रोप्रोसेसर कांट्रोलर। आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाणः पांडु/जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 8 संख्यक, 2) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 1 संख्यक। 3) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन/वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 10 संख्यक, 4) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव /वर्कशॉप/डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 10 संख्यक। पीएल. संख्या.- 45212119।

**क्रमिक संख्या 3. निविदा संख्या. 40/25/0548/ओटी/03/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 21-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/पीई/एसपीईसी/एसी/0080-2007 (आरईवी.2) अनुसार 60 केवीए ट्रांसफार्मर 750वी/415 वी, 3 फेज, 4 वार वेक्टर कनफिगारेशन स्टार स्टार। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] [आइटम: 2400035.60 केवीए ट्रांसफार्मर] आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाण- कटिहार जीएसडी, एनएफआर (बिहार) के लिए 01 संख्यक, 2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 06 संख्यक। 3) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 06 संख्यक, 4) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 07 संख्यक, पीएल. संख्या.- 47200110।

**क्रमिक संख्या 4. निविदा संख्या. 61/24/5679/ओटी/04/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 21-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** अगर हैं अनंतिम परिवर्तन सहित आरडीएसओ डीआरजी नं. टी-8822 अनुसार 60 किलोग्राम वेब सुइच एक्सपानशन जायंट का (टीडब्ल्यूएसइजे) निर्माण एवं आपूर्ति। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हैं, स्टेजेस: 1], [यूवीएएम लिंकिंग:] आईटम: 3100042, उन्नीत सुइच एक्सपानशन जायंट, सब आईटम: 65 मिलीमीटर गैप (सर्वोच्च) के लिए उन्नीत सुइच एक्सपानशन जायंट। आईटम टाइपः गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाण-जितेन्द्र कुमार, एनएफआर (असम) के लिए 421 सेट, पीएल. संख्या.- 600608360175।

**क्रमिक संख्या 5. निविदा संख्या. 37/24/0665बी/ओटी/05/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 21-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** बीओएक्सएनएचएल/बीसीएनएचएल के लिए ड्राफट गीयर फॉलोवर सहित उन्नीत उच्च क्षमतासम्पन्न ड्राफट् गियर ऐरेंजमेंट। वागनस. डीआरजी नं. आरडीएसओ डीआरजी नं. डब्ल्यूडी-81010-एस-03 एएलटी-12, आइटम-19. एमएटी. स्पेसिफिकेशन-नवंबर-17 के आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं.- डब्ल्यूडी-71-बीडी-15 [आरईवी-01] (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने)[निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:]आइटम: 3100317 बीओएक्सएनएचएल/बीसीएनएचएल वागनों के लिए उन्नीत उच्च क्षमतासम्पन्न ड्राफट गियर, आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 50 संख्यक, 2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 1335 संख्यक। पीएल. संख्या.- 38134676।

**क्रमिक संख्या 6. निविदा संख्या. 70/24/0476ए/ओटी/06/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 24-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** नट सहित बोल्ट एमएस हेक्स हेड एम 16 X 50, मेटरियल स्पेसिफिकेशनः स्टील आईएस 1363 (पार्ट. 1): नट के लिए बी एएलटी और आईएस 1363 (पार्ट-3): 2018 के लिए 2023, नट के लिए 5 एवं बोल्ट हेतु 4.6 प्रपार्टी क्लास (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) 1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 6000.00 केजी, 2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 11000.00 केजी। 3) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 19000.00 केजी, 4) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 400 केजी, पीएल. संख्या.:- 73031379।

**क्रमिक संख्या 7. निविदा संख्या. 37/25/0563ए/ओटी/07/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 21-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** आरडीएसओ एसटीआर नं.-डब्ल्यूडी-20-एमआईएससी-95 (आरईवी-5) अनुसार संशोधित इलास्टोमेरिक एवं डीजाइन बी, ड्रायिंग-डब्ल्यूडी-21109-एस-02 एएलटी-2. एमएटी स्पेसिफिकेशन-ड्रायिंग और आरडीएसओ एसटीआर नं. क्यूएमएस-5: 2000 आरयूवी-1 अनुसार (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आईटम: 3100309, इलास्टोमेरिक पेडस, सब आईटम: इलास्टोमेरिक पैड्स, डिजाइन- बी, आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) 1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 4406 संख्यक, 2) परिमाणः पांडु जीएसडी, एनएफआर (असम) के लिए 5237 संख्यक 3) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 7041 संख्यक। 4) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 15437 संख्यक, पीएल. संख्या.- 38106322।

**क्रमिक संख्या 8. निविदा संख्या. 30/25/5178ए/ओटी/08/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 21-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** एयर स्प्रिंग सासपेनशन बोगी के लिए हस कनेकशन, ड्रयिंग नं. स्केटस के1054 एएलटी-नहीं या फिर अनंतिम, एमएटी स्पेसिफिकेशन-आरडीएसओ-एसटीआर-सी-के-407 (आरईवी-04), (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, स्टेजेस: 0], [यूवीएएम लिंकिंग:] आईटमः 3100396, आरडीएसओ स्पेसीफीकेशन नं. सीके507 (आरईवी-4) अनुसार आईसीएफ/एलएचबी टाइप बोगी सहित एयर स्प्रींग असेमब्ली सिस्टम के लिए एयर सासपेनशन कांन्ट्रोल इकुइपमेंटस। सब आइटम: आईसीएफ/एलएचबी टाइप बोगी सहित एयर स्प्रींग असेमब्री सिस्टम के लिए एयर सासपेनशन कांन्ट्रोल इक्यूइपमेंट] आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति), 1) परिमाण- डिब्रुगढ़ टाउन वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 2161 संख्यक, 2) परिमाणः न्यू बंगाईगॉव वर्कशॉप डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 1922 संख्यक। 3) परिमाणः न्यू जलपाईगुड़ी जीएसडी, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 125 संख्यक। पीएल. संख्या.- 33503333।

**क्रमिक संख्या 9. निविदा संख्या. एमएल255039/ओटी/09/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 16-06-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** 1. सीएलडब्ल्यू पीएल संख्या. 29741075 अनुसार जून 2016 या फिर अनंतिम में जारी किए गए सीएलडब्ल्यू स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/2008/ईएल/एसपीईसी/0017, आरईवी.5 अनुरूप आईजीबीटी आधारित 3- फेज ड्राइव प्रपालशन साजो-सामान की आपूर्ति। संयोजित प्र पत्र अनुसार बिस्तृत विवरण। परिमाणः 01 सेट, 2. मार्च-2016 में जारी किए गए स्पेसिफिकेशन नं. सीएलडब्ल्यू/एएमसी/सी-डी एवं डी/01 अनुसार आईजीबीटी आधारित 3-फेज ड्राइव प्रपालशन साजो-सामान की विस्तृत वार्षिक रख-रखाव का ठेका (एएमसी)। परिमाण-01 सेट।

**क्रमिक संख्या 10. निविदा संख्या. 61/24/5413ए/ओटी/10/2025-26**
**बंद/खुलने की तारीखः 21-04-2025**

**संक्षिप्त विवरण:** अगर है अनंतिम परिवर्तन सहित एएलटी नं. 2 सहित अगर हैं अनंतिम संशोधन के साथ आईआरएस-टी-31-2021 अनुरुप स्पेसिफिकेशन के साथ डीआरजी नं. आरडीएसओ टी-5919 अनुसार 60 केजी यूआईसी/52 केजी रेइल खंड हेतु फ्लैट टो सहित इलास्टिक रेइल क्लिप-V (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 महीने) [निरीक्षण एजेंसी: राइटस नन-टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: लागु नही, स्टेजेस: 0) [यूवीएएम लिंकिंग:] आईटम: 3100558 इलास्टिक रेइल क्लिपस) आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति), परिमाणः एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 883352 संख्यक। पीएल. संख्या. 60110028।

**नोट:** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

**पीसीएमएम, मालीगॉव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*


### पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

## न्यू बंगाईगांव कारखाना की उल्लेखनीय उपलब्धियां



- सभी संशोधनों के साथ 100% अनुपालन किया हासिल
- 125 कोचों को विनाइल-रैप करने को एक निविदा प्रक्रिया चल रही

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के न्यू बंगाईगांव कारखाना ने मार्च, 2025 में रेलवे संचालन में दक्षता, गुणवत्ता और आधुनिकीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कई प्रमुख कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया। बढी हुई दक्षता और भविष्य के संदर्भ के लिए पूर्ण रिकॉर्ड बनाए रखते हुए इस कारखाना ने रेलवे बोर्ड, आरडीएसओ और पू. सी. रेलवे के मुख्यालय द्वारा अनुशंसित सभी संशोधनों के साथ 100% अनुपालन हासिल किया। पुराने कैरेज लिफ्टिंग शॉप को खाली कर दिया गया और आईसीएफ कोचों को नव स्थापित एलएचबी कोरोशन रिपेयर शॉप में स्थानांतरित करने के बाद फर्श संबंधी कार्य के लिए इंजीनियरिंग विभाग को सौंप दिया गया। इस बीच, छत की लीक की पहचान के लिए कवर किए गए वागनों का शॉवर परीक्षण शुरू हो गया है, जिससे रोलिंग स्टॉक की विश्वसनीयता और दीर्घकालिकता में सुधार हो रहा है। सौंदर्य और दीर्घकालिकता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत, पारंपरिक पेंटिंग के विकल्प के रूप में एक एलएचबी 2-टियर एसी कोच पर विनाइल रैपिंग की गई। इसके अतिरिक्त, अगले दो महीनों में और 125 कोचों को विनाइल-रैप करने के लिए एक निविदा प्रक्रिया चल रही है। कोचिंग गतिविधियों के हिस्से के रूप में, आईसीएफ, एलएचबी, डेमू और एसपीएआरटी सहित विभिन्न श्रेणियों के कुल 77 कोच की सफल आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) की गई। इसके अतिरिक्त, ट्रॉली डिस्पैच में एसएस1 के लिए 35 कोच सेट और आईओएच आईसीएफ के लिए 65.50 कोच सेट शामिल थे, जिससे सभी मंडलों में निर्बाध संचालन की सुविधा मिली। न्यू बंगाईगाँव कारखाना ने मार्च 2025 में 145 वैगनों को सफलतापूर्वक निकाला गया। इसके अतिरिक्त, तीन वैगनों को ट्विन पाइप एयर ब्रेक सिस्टम में अपग्रेड किया गया, जिससे 2024-25 के लिए कुल संचयी 253 हो गया। उल्लेखनीय रूप से, पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए न्यू बंगाईगाँव कारखाना से निकले सभी वैगन अब इस प्रणाली से पूरी तरह से सुसज्जित हैं। उक्त महीने के दौरान, दरवाजे की ऊंचाई में कमी और दरवाजे को अवरुद्ध करने के लिए 10 वैगनों को ठीक किया गया, जिससे 2024- 25 में कुल 122 और कुल आंकड़ा 291 हुआ। इसके अलावा, उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए दो ट्रेड विफलता सामग्रियों और 21 विविध घटकों सहित 23 सामग्रियों का निर्माण किया गया। रोलिंग स्टॉक की कमी को कम करने के लिए, न्यू बंगाईगाँव कारखाना ने विभिन्न मंडलों को 279 जोड़ी व्हील सेट की आपूर्ति की, जिसमें बीसीएन के लिए 118, एलएचबी के लिए 100, आईसीएफ के लिए 39, डीएसएल के लिए 18 और एसपीएल आईसीएफ के लिए 4 शामिल हैं।

### नासिक मनपा क्षेत्र

## 30 से स्थानिक संस्था कर विभाग को बंद करने के निर्देश

- सरकार ने जारी किया था 24 फरवरी को पत्र

**नासिक।** सरकारी अधिसूचना के अनुसार 22 मई 2013 से नासिक मनपा सीमा में स्थानिक संस्था कर की अमल में लाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तथापि, सरकार की अधिसूचना अनुसार 31 जुलाई 2015 को स्थानिक संस्था कर बंद कर दिया गया और 1 अगस्त 2015 से केवल उन व्यापारी/उद्योगपतियों पर स्थानिक संस्था कर लागू किया गया जिनका कारोबार रु.50 करोड़ या उससे अधिक था। इसके बाद एक जुलाई 2017 से संपूर्ण देश में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू कर दिया गया, जिससे स्थानिक संस्था कर को पूर्णतः बंद कर दिया गया। सरकार के 24 फरवरी के पत्र अनुसार 30 अप्रैल से सभी मनपाओं के स्थानिक संस्था कर विभाग को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन व्यापारी/उद्योगपतियों ने स्थानिक संस्था कर लागू होने के बाद नासिक मनपा के स्थानिक संस्था कर विभाग में पंजीकरण करवाया था, उन्होंने अपने व्यवसाय के वित्त वर्ष 2013-14, 2014-15, 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के विवरण पत्र प्रस्तुत किए हैं। परंतु, उन्होंने जो स्थानिक संस्था कर भरा है वह सही है या नहीं, इसकी पुष्टि करने के लिए संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सत्यापन करना आवश्यक है। सरकार के 24 फरवरी के पत्र अनुसार 30 अप्रेल से सभी मनपाओं के स्थानिक संस्था कर विभाग को बंद करने के संबंध में सूचित किया गया है।

## नवी मुंबई मनपा का प्लास्टिक प्रतिबंध पर विशेष जोर

**नवी मुंबई।** त्योहारों की पृष्ठभूमि में खरीदारी के चलते बाजार में प्लास्टिक के उपयोग में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए नवी मुंबई मनपा की ओर से सतर्कता बरतते हुए आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में एक सप्ताह पहले से ही प्लास्टिक प्रतिबंधात्मक मुहिमों को प्रभावी रूप से चलाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस कड़ी में मनपा के उड़न दस्ते सक्रिय हो गए हैं। पिछले सप्ताह परिमंडल 1 के दस्ते ने 300 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक का भंडार जब्त किया। इसी प्रकार परिमंडल 2 के प्लास्टिक प्रतिबंधात्मक दस्ते ने उप आयुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के नियंत्रण में कार्य करते हुए 27 मार्च को सूचना मिलने पर कि ऐरोली टोल नाका पर दोपहिया वाहन से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियों की ढुलाई की जा रही है, वहां जाल बिछाकर 100 किलो प्लास्टिक थैलियों का भंडार जब्त किया गया। वाहन भी जब्त कर लिया गया। 28 मार्च को महापे गांव में एक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन से ले जाया जा रहा 40 किलो प्लास्टिक भी जब्त किया गया और गाड़ी को कब्जे में लिया गया। इसके अलावा, 26 मार्च को दिघा स्थित रामदेव स्वीट्स में एकल उपयोग प्लास्टिक थैलियां पाए जाने पर रु.5,000 का जुर्माना वसूला गया। न्यू प्रेम स्वीट्स, घणसोली में भी प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पाए जाने पर रु.5,000 का दंड वसूल किया गया। 28 मार्च को सेक्टर 19, ऐरोली में अजय फ्रूटवाले से रु. 5,000 का जुर्माना वसूलते हुए 1 किलो एकल उपयोग प्लास्टिक के साथ प्लास्टिक थैलियां जब्त की गईं। 29 मार्च को भी इसी क्षेत्र में बिस्मिल्ला कैटरिंग से रु.5,000 का जुर्माना और 5 किलो 100 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया। 31 मार्च को घणसोली शिवाजी तालाब क्षेत्र में विनोद चौधरी के पास प्लास्टिक थैलियों का उपयोग पाए जाने पर 100 ग्राम थैलियां जब्त की गईं। सेक्टर 7, वाशी में भी 2 किलो प्लास्टिक थैलियां जब्त कर रु. 5,000 का दंड वसूल किया गया। एक अप्रेल को ऐरोली टोल नाका पर टीवीएस स्कूटी से प्लास्टिक थैलियों की ढुलाई करते हुए एक व्यक्ति पकड़ा गया था।


**महावितरण**
महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**जाहीर सुचना**

२२०/१००/२२ के.व्ही डोंबिवली स्विचींग स्टेशनमधून निघणारी खालील वाहिनी देखभाल व दुरूस्तीचे कामाकरिता खाली दिलेल्या वेळेत बंद राहणार असुन या काळात कल्याण (पूर्व) विभागामधील खालील परिसरातील विद्युत पुरवठा पुर्णपणे बंद राहील याची ग्राहकांनी नोंद घ्यावी व म.रा.वि.वि.कंपनीस सहकार्य करावे ही विनंती.

| वाहिनीचे नाव | दिनांक | वेळ | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| २२ के.व्ही. एम आय डी सी वाहिनी क्रं. ४ (क्रं. ३०४) | ०४.०४.२०२५ | ०९.०० ते १४.०० | एम. आय. डी. सी. फेज १ |

**कार्यकारी अभियंता, कल्याण (पूर्व) विभाग**

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT**
**(WATER SUPPLY)**
**E-Tender Notice No. 01/- 2025-26**

1) Nashik Municipal Corporation, Nashik invites bids for Providing Valveman services for operation & maintenance This Work publish E Tender Notice No. 01/2025-26 Last Date & Time of Issue of Blank Tender form 03/04/2025 to 23/04/2025 UPTO 3.00 website **http://mahatenders.gov.in** Public Health Engineering Department, (WS) Nashik Municipal Corporation, Nashik. The detailed tender notice, document would be available on **www.mahatenders.gov.in**

A prebid conference open to all the prospective Tenderer will be held in the office of the Superintending Engineer, (WSD) Nashik Municipal Corporation, Nashik on 11/04/2025 at 11.30 hrs

**Note**: All the following necessary instructions/clarifications will be published on the online website.

**Sd/-**
**Superintending Engineer,**
**Public Health Engineering Department, (W.S.)**
**Nashik Municipal Corporation, Nashik**

जनसंपर्क/जा.क्र/०५/२०२५
दि. ०२/०४/२०२५

सर्व नागरिकांनी पाणी काटकसरीने वापरावे.


### मीरा- भायंदर मनपा संपत्ति कर विभाग : वित्त वर्ष 2024-2025

## 241 करोड़ 59 लाख की रिकॉर्ड कर वसूली



**पिछले वर्ष की तुलना में 48 करोड़ की बढ़ोतरी**

**भायंदर।** 31 मार्च की मध्यरात्रि तक मीरा- भायंदर मनपा मालमत्ता कर विभाग द्वारा रु. 241 करोड़ 59 लाख की रिकॉर्ड कर वसूली की गई है। संपत्ति कर वसूली की रफ्तार और अधिक बढ़े, इसके लिए मीरा-भायंदर मनपा के आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) के मार्गदर्शन में संपत्ति कर विभाग की नियमित समीक्षा बैठकों के अनुसार शहर में संपत्ति कर की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए गए थे। मीरा-भायंदर शहर में कई संपत्ति धारकों के पास वर्षों से बकाया कर था। ऐसे वर्षों से लंबित कर वाले मामलों में आयुक्त के आदेशानुसार संबंधित संपत्तियों को जब्त कर उन पर मनपा का नाम चढ़ाकर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने के निर्देश दिए गए थे। इस संदर्भ में शहर में विशेष जनजागृति भी की गई थी। कार्रवाई प्रारंभ होते ही और जनजागृति के कारण शहर के संपत्ति धारकों ने कर भुगतान शुरू किया। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप 31 मार्च की मध्यरात्रि तक मीरा- भायंदर मनपा संपत्ति कर विभाग द्वारा रु.241 करोड़ की रिकॉर्ड वसूली की गई है। रु.241 करोड़ की संपत्ति कर वसूली का श्रेय आयुक्त तथा प्रशासक राधाबिनोद शर्मा (भा.प्र.से.) ने अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त (कर विभाग), नियंत्रण अधिकारी, सहायक नियंत्रण अधिकारी, संपत्ति कर विभाग प्रमुख, सभी कर निरीक्षक, कर वसूली लिपिक एवं कर्मचारियों को दिया है। पिछले वर्ष 31 मार्च 2024 को रु. 193 करोड़ की कर वसूली की गई थी। उसकी तुलना में इस वर्ष की संपत्ति कर वसूली अधिक प्रभावशाली और तीव्र रही है, जिसमें रु.48 करोड़ की अधिक वसूली की गई है। आयुक्त के निर्देशानुसार, उपायुक्त (सूचना प्रौद्योगिकी) के मार्गदर्शन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित की गई www.mbmc.gov.in वेबसाइट और MyMBMC मोबाइल ऐप के माध्यम से संपत्ति कर भुगतान के लिए नागरिकों से अपील की गई थी। इस अपील को नागरिकों ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया। ऑनलाइन पद्धति पर विशेष बल देते हुए 1,40,000 नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से, जबकि 1,59,560 नागरिकों ने नकद और चेक द्वारा कर भुगतान कर मनपा को सहयोग प्रदान किया। मीरा-भायंदर मनपा कोषागार में कुल रु.241,59,98,932 का संपत्ति कर जमा किया गया है। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि रु.8,98,39,365 राशि के 385 चेक बैंक खाते में जमा किए गए हैं, जो बैंक की स्वीकृति की प्रतीक्षा में हैं। आयुक्त के मार्गदर्शन में मीरा- भायंदर मनपा की स्थापना से अब तक की सबसे अधिक संपत्ति कर वसूली रु.241 करोड़ के रूप में दर्ज की गई है। यह सफलता सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कर वसूली के लिए किए गए प्रयासों का प्रतिफल है, ऐसा आयुक्त ने कहा और सभी का अभिनंदन किया।

# बच्चे के बर्थ सर्टिफिकेट से पूर्व साथी का नाम नहीं हटा सकते : बॉम्बे हाईकोर्ट

**एक महिला ने याचिका दायर कर पिता का नाम हटाने की मांगी थी अनुमति**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के औरंगाबाद की एक महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने साफ किया है कि तलाक के बाद माता-पिता अपने बच्चे के बर्थ सर्टिफिकेट से पूर्व साथी का नाम नहीं हटवा सकते हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने महिला की याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मांग की गई थी कि बच्चे के जन्म रिकॉर्ड में केवल उसका नाम माता-पिता के रूप में दर्ज किया जाए। कोर्ट ने कहा 'वैवाहिक विवादों में उलझे माता-पिता अपने अहंकार को संतुष्ट करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं'। हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ के न्यायमूर्ति मंगेश पाटिल और वाई जी खोबरागड़े ने 28 मार्च को दिए आदेश में ऐसी याचिकाओं की निंदा करते हुए कहा कि माता-पिता में से कोई भी अपने बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के संबंध में किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता।



### महिला पर लगाया पांच हजार रुपए का जुर्माना

■ हाईकोर्ट ने कहा कि यह याचिका इस बात का एक सटीक उदाहरण है कि कैसे वैवाहिक विवाद कई मुकदमों का कारण बनता है और याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपए का जुर्माना लगाया, यह देखते हुए कि याचिका प्रक्रिया का सरासर दुरुपयोग और अदालत के कीमती समय की बर्बादी है। 38 वर्षीय महिला ने याचिका दायर कर औरंगाबाद नगर निगम अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी कि वे उसके बच्चे के जन्म रिकॉर्ड में उसका नाम एकल अभिभावक के रूप में दर्ज करें और केवल उसके नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी करें।

### बच्चे के जन्म रिकॉर्ड से छेड़छाड़ का अधिकार नहीं

■ महिला ने अपनी याचिका में दावा किया कि उसका पति कुछ बुरी आदतों का आदी है और उसने कभी अपने बच्चे का चेहरा भी नहीं देखा है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि बच्चे का पिता बुरी आदतों का आदी है, मां बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में एकल अभिभावक के रूप में उल्लेख किए जाने के अधिकार पर ज़ोर नहीं दे सकती। "माता-पिता में से कोई भी बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के संबंध में किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकता है।"

### यह समय की बर्बादी

■ कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात में कोई संदेह नहीं है कि यह 'प्रक्रिया का सरासर दुरुपयोग और अदालत के कीमती समय की बर्बादी' है। 'जिस राहत का दावा किया जा रहा है, वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वह अपने बच्चे के साथ इस हद तक व्यवहार कर सकती है, जैसे कि वह एक संपत्ति है।

# बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट साकार होगा घरों का सपना: शेलार

**मुंबई।** बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत, बांद्रा पूर्व के गौतम नगर क्षेत्र में कई परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हो रहा है, ऐसा मुंबई उपनगर जिले के पालकमंत्री एड. आशिष शेलार ने कहा। बांद्रा पूर्व में झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तहत पुनर्वसित किए जा रहे



निवासियों को उनके नए घरों के करार पत्र वितरित करने का कार्यक्रम मुंबई उपनगर जिल्हाधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। पालकमंत्री शेलार ने इस अवसर पर 10 लाभार्थियों को घरों के करार पत्र वितरित किए। इस दौरान मुंबई उपनगर जिले के जिल्हाधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। पालकमंत्री शेलार ने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, गृहनिर्माण मंत्री और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से यह परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो रही है। यह प्रयास किया जा रहा है कि गणेश उत्सव से पहले निवासियों को उनके नए घरों में प्रवेश मिल सके। उन्होंने आगे बताया कि बांद्रा पूर्व में 30.16 एकड़ सार्वजनिक निर्माण विभाग की जमीन उच्च न्यायालय को सौंपने का निर्णय लिया।

# कामरान को दो साल की सजा

**20 दिसंबर 2023 को मुंबई पुलिस को की थी कॉल**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देनेवाले कामरान आमीर खान को मुंबई हाईकोर्ट ने दो साल कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले का शिकायतकर्ता पुलिसकर्मी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के मुख्य नियंत्रण कक्ष में कार्यरत था, जहां वह कॉल टेकर की ड्यूटी पर तैनात था। 20 दिसंबर 2023 को शाम 7:14 बजे के करीब, उसे एक मोबाइल नंबर से एक कॉल आया। उसने कॉल करने वाले व्यक्ति से बातचीत शुरू की। कॉल करने वाले शख्स ने कहा कि पीएम मोदी और योगी आदित्यनाथ की जान को खतरा है। दाऊद इब्राहिम का आदमी मोदी को उड़ाने के लिए पांच करोड़ दे रहा है। जेजे वाले यदि कंप्लेंट नहीं लेते हैं, तो मैं जेजे में बम विस्फोट कर दूंगा, ऐसी धमकी दी। पुलिसकर्मी ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने धमकी दी कि अगर कुछ हुआ तो वही जिम्मेदार होगा। इसके बाद, पुलिसकर्मी ने इस बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। कुछ समय बाद, शिकायत दर्ज कराने के लिए वह मैदान पुलिस थाने पहुंचा, जहां कॉल करने वाले को ट्रेस कर पकड़ा गया। उसका नाम कामरान अमीर खान था।



**मोदी-योगी को दी थी हत्या की धमकी**

### रियायत करना ठीक नहीं-अदालत

आरोपी की हरकतों को देखकर कोर्ट ने अभी कहा कि उसके साथ रियायत करना ठीक नहीं। आरोपी की तरफ से बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि आरोपी मानसिक रूप से स्थिर नहीं है लेकिन मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज कर दिया और कहा कि किसी भी प्रकार से आरोपी इस बात को सिद्ध नहीं कर पाया है।

# मुस्लिम दंपति ने की युवक की हत्या

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** सड़क क्रॉस कर रहे 40 वर्षीय युवक ने स्कूटी सवार दंपति से इतना कहा कि देख कर चलाओ, हेलीकॉप्टर नहीं चला रहे हो, इतना कहना स्कूटी सवार मुस्लिम दंपति को चुभ गया और उस युवक की सड़क पर ही पीट पीट कर हत्या कर दी। इस हत्याकांड की वजह से मुंबई मीरा भायंदर वसई विरार नई मुंबई ठाणे पनवेल के विश्वकर्मा समाज में रोष व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार कारपेंटर ओमप्रकाश विश्वकर्मा (40) काम पर जा रहे थे। सांताक्रुज गोलीबार इलाके में सड़क पार करते समय स्कूटी सवार अमन अंसारी नामक व्यक्ति से उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर नहीं चला रहे हो देखकर चलाओ, इतने पर अमन अंसारी और उसकी पत्नी ओमप्रकाश को पीटने लगे। अमन अंसारी अपनी हेलमेट से तब तक मारता रहा जब तक ओमप्रकाश अधमरा नहीं हो गया। सूत्रों की मानें तो अमन अंसारी की पत्नी भी उसे



पीटती रही। ओमप्रकाश को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस घटना की खबर जब विश्वकर्मा समाज के संगठनों को मिली तो सभी ने सांताक्रुज विश्वकर्मा समिति में बैठक कर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने के साथ आरोपी दंपति को सख्त सजा दिलाने की मांग करने का निर्णय लिया। शिंदे शिवसेना के बाबूलाल विश्वकर्मा ने कहा कि कैसे कोई किसी को इस कदर सड़क पर पीट पीट कर मार सकता है। इस घटना से पूरा विश्वकर्मा समाज आहत है। समिति की मीटिंग में चंद्रकेश विश्वकर्मा मौलिक अधिकार पार्टी , बृजेश विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, प्रेम आसरे विश्वकर्मा कांग्रेस, वशिष्ठ नारायण विश्वकर्मा कांग्रेस,लल्लू राम विश्वकर्मा भाजपा, रामशब्द शर्मा भाजपा, राधेश्याम विश्वकर्मा भाजपा, शशिकांत शर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, सन्तलाल विश्वकर्मा बजरंग दल व हिन्दू विश्व परिषद, उपेन्द्र विश्वकर्मा भाजपा, छेदीलाल विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, अनील सी विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, राकेश विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, डा के के विश्वकर्मा राष्ट्रवादी जनशक्ति पार्टी, सुभाष विश्वकर्मा व्यापार मंडल भाजपा,, रविन्द्र भरत विश्वकर्मा -विश्वकर्मा पार्टी, जितेन्द्र भरत विश्वकर्मा ,चंदन विश्वकर्मा, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, तुफानी लालता विश्वकर्मा, कृष्णानंद विश्वकर्मा, लालचंद रामनाथ विश्वकर्मा उपस्थित रहे। इस घटना के बाद मृतक ओमप्रकाश शर्मा के परिवार पर जहां दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है वहीं समाज अब न्याय की मांग राज्य सरकार से कर रहा है।



# लागू की जा रही मंत्रालय सुरक्षा परियोजना

**मुंबई।** मंत्रालय सुरक्षा परियोजना लागू की जा रही है, जिसके तहत पहले चरण में चेहरा पहचान आधारित प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब दूसरे चरण में विज़िटर मैनेजमेंट सिस्टम (वीएमएस) विकसित किया गया है। एक अप्रेल से, क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आगंतुकों के लिए मंत्रालय में प्रवेश के लिए "डिजी प्रवेश " ऑनलाइन ऐप पर पंजीकरण करना अनिवार्य कर दिया गया है। अब पंजीकरण के लिए कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। पंजीकरण करने के बाद, एक क्यूआर कोड प्राप्त होगा, जिसे मंत्रालय के बाहर निर्धारित खिड़की पर दिखाकर आरएफआईडी कार्ड लिया जा सकता है। इस कार्ड के जरिए सुरक्षा जांच के बाद मंत्रालय में प्रवेश दिया जाएगा।

# जैन समाजबंधुओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

# ऐतिहासिक रहा श्री कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल का स्नेह सम्मेलन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल का 13 वार्षिक स्नेह सम्मेलन नायगांव स्थित रॉयल गार्डन रिसोर्ट में समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल के पूर्व अध्यक्ष व उपासक गंभीरमल डागलिया कोशीवाडा तेरापंथी सभा के पूर्व मंत्री व उपासक तोलाराम राठौड़ व कोशीवाड़ा जैन मित्र मंडल के पूर्व मंत्री व उपासक जसराज राठौड़ श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा कोशीवाडा अध्यक्ष रमेश डागलिया, सभा मंत्री गोपाल डागलिया, महिला मंडल अध्यक्षा किरण डागलिया, मंत्री केसर राठौड़, परामर्शक कुंदनमल राठौड़, सुंदरलाल राठौड़, मदनलाल राठौड़ मिठालाल राठौड़, शांतिलाल राठौड़, उपाध्यक्ष सुरेश डागलिया, लक्ष्मीलाल डागलिया, सुखलाल राठौड़ और प्रायोजक परिवार के बाबूलाल सांखला, महेंद्र



परमार, नरेश परमार, पारस परमार, हस्तिमल परमार, बाबूलाल सिंघवी, अमृत धाकड़, प्रविण वदामा, मांगीलाल धीग, मनोज सिसोदिया, मनोहर कच्छारा की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर कोशीवाड़ा गांव के परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ढोल बजाकर सभी का स्वागत किया गया। सम्मेलन की शुरुआत मंगलाचरण महिलाओं द्वारा की गई। श्रीमती मनोहरी देवी डागलिया संतोषदेवी डागलिया गुलाबी देवी डागलिया पुष्पा देवी डागलिया कस्तूर देवी राठौड़ अमिता (अनसाई) देवी राठौड़ ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पुष्पा राठौड़, निर्मला डागलिया निमा राठौड़, स्वागत भाषण। अध्यक्ष गणपत डागलिया ने सम्मेलन में आए सभी जनों का अभिनंदन किया एवं गांव के विकास की चर्चा की। प्रायोजक परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उपासक जसराज राठौड़ ने गांव की सुरक्षा व अध्यात्म पर विस्तृत जानकारी दी। महिला मंडल मंत्री केसर राठौड़ ने सम्मेलन अपनी जन्मभूमि में रखने का सुझाव दिया। प्रायोजक परिवार श्रीमती संतोषीबाई स्व शांतिलाल, गणेशलाल, सुरेशकुमार, सोनित, जेनित एवं समस्त राठौड़ परिवार (मालाड़) का जोरदार स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में रूहान डागलिया ने डांस प्रस्तुति दी। गणपत डागलिया की अध्यक्षता में दो स्नेह सम्मेलन के लिए प्रायोजक स्वेच्छा से तैयार हो गए हैं जिसमें स्व. श्रीमती मोतीबाई स्व. उदयलालजी भेरूलाल $ उदयलाल डागलिया एवं श्रीमती लहरीबाई किशनलाल, भरत प्रविण डागलिया, श्रीमती शांतिबाई स्व. देवीलाल, मोहन संजय,भरत राठौड़ के नाम शामिल हैं। सम्मेलन का सुंदर संचालन ताराचंद डागलिया एवं मीठालाल राठौड़ ने किया।

# बढ़ाई गई बस पास नवीनीकरण की अवधि

**वसई।** वसई विरार शहर महानगरपालिका की निःशुल्क बस यात्रा योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, कैंसर पीड़ितों तथा डायलिसिस करवाने वाले नागरिकों को दिए गए निःशुल्क बस पास के नवीनीकरण हेतु 30 अप्रैल तक समयसीमा बढ़ाई गई है। वसई विरार शहर मनपा परिवहन सेवा द्वारा मनपा सीमा के भीतर आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, कैंसर पीड़ितों एवं रक्तशुद्धिकरण (डायलिसिस) करवाने वाले नागरिकों के लिए "निःशुल्क बस यात्रा योजना" चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए गए पास की वैधता 31 मार्च को समाप्त हो चुकी है। बस पास का नवीनीकरण लाभार्थियों द्वारा तुरंत किया जाना संभव नहीं होगा। इस विषय को ध्यान में रखते हुए इस कल्याणकारी योजना का लाभ लाभार्थियों को निरंतर मिलता रहे, इस उद्देश्य से आयुक्त तथा प्रशासक अनिलकुमार पवार द्वारा 31 मार्च तक की वैधता को 1 माह तक बढ़ाते हुए 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना का लाभ वर्ष 2025-2026 के वित्तीय वर्ष में लेने हेतु लाभार्थियों को बढ़ाई गई समयसीमा के दौरान नया आवेदन नीचे दिए गए अपने निकटतम प्रभाग समिति कार्यालय के माध्यम से प्राप्त करना होगा। इस प्रकार आयुक्त अनिलकुमार पवार द्वारा वसई विरार मनपा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, कैंसर पीड़ितों एवं डायलिसिस करवाने वाले नागरिकों से अपील की गई है।

**नासिक में मनपा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी**

# विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन





**नासिक।** नासिक मनपा शिक्षा विभाग, आईएसपीएफ (इनोवेशन एंड साइंस प्रमोशन फाउंडेशन) और सिमेन्स कंपनी के संयुक्त उपक्रम द्वारा प्रोजेक्ट जिज्ञासा के अंतर्गत 2 अप्रैल को मनपा स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रदर्शनी का आयोजन उपआयुक्त तथा शिक्षणाधिकारी नितीन पवार के मार्गदर्शन में किया गया था। प्रोजेक्ट जिज्ञासा यह उपक्रम नासिक मनपा की 22 स्कूलों में कक्षा 7वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पिछले दो वर्षों से चल रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान विषय की रुचि, जिज्ञासा, निरीक्षण क्षमता, प्रयोगशीलता और तकनीकी कौशल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में 19 स्कूलों के 70 विद्यार्थियों ने 60 प्रोजेक्ट्स के साथ सहभागिता की।

### विजेताओ की सूची

**प्राथमिक विभाग**

1. प्रांजली निलेश चव्हाण (वूमन सेफ्टी मॉडल)-रु.8,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। 2. कृष्णा शर्मा (स्मार्ट ब्रिज मॉडल)-रु.6,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। 3. साक्षी अनिल नरवडे (भारतीय सैन्य सुरक्षा प्रोजेक्ट)-रु.4,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच

**माध्यमिक विभाग**


1. प्रीती विष्णु बारवकर (वॉटर फिल्टर बाय सोलर)-रु.8,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। 2. प्रेम मिंटु सिंग (भारतवर्ष मॉडल)- रु.6,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच
3. हिना अफरोज अहमद शाह (रोड सेफ्टी अलार्म फॉर हिली एरिया)-रु.4,000 एवं फास्ट्रैक स्मार्ट वॉच। कार्यक्रम का उद्घाटन सिमेन्स कंपनी के प्रतिनिधि ओऐशी हलदार, कुणाल पाटिल, अनिकेत अवताडे, आईएसपीएफ संस्था के चंदन एम. एस., समग्र शिक्षा के प्रल्हाद हंकारे, स्टेम कोच रशीद मणियार, प्रिया ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। साथ ही पुरस्कार वितरण नितीन पवार के हाथों संपन्न हुआ।

# सोलापुर में भूकंप के झटके

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सोलापुर।** महाराष्ट्र में सोलापुर जिले के कुछ हिस्सों में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को महाराष्ट्र में सोलापुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस हुए हैं। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 2.6 मापी गई है। सोलापुर जिले में भूकंप का झटका पूर्वाह्न 11 बजकर 22 मिनट पर दर्ज किया गया। इस भूकंप का केंद्र दक्षिण-पश्चिम महाराष्ट्र में स्थित इस जिले के संगोला के पास जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में था। सोलापुर जिले के अधिकारियों ने बताया है कि गुरुवार को आए भूकंप के कारण अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है।





■ **मुंबई।** राजस्थान प्रदेश के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष व रानीवाड़ा के पूर्व विधायक नारायण सिंह देवल व खिरोड़ी सरपंच खंगारमल पुरोहित के मुंबई आगमन पर उनका स्वागत करते धुखसिंह कारोला, चतराराम वाली,नवाराम खिरोड़ी,नरेंद्र चौधरी, भेराराम वाली, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, फूलचंद तातडा, रेवाराम सुथार, नानजीराम वाली, जयंतीलाल भादरुणा, प्रकाश खिरोड़ी, डायालाल मेड़ा, पुरुषोत्तम मेड़ा, सुरेश वाली आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।



■ **मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के सीपी टैंक रोड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर दर्शन व परिक्रमा करने वाले भक्तों की भारी भीड़ लग रही है। इस अवसर पर मां भगवती के पुजारी, समाजसेवी नरेंद्र चौधरी, अशुभाई मोदी, मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित, मश्रसिंह खिरोड़ी, ललित जोधावास, जेठालाल चौधरी समेत अन्य भक्तगण मौजूद थे।

# आज निकल सकता सकारात्मक समाधान



**जीएसटी आयुक्त के साथ एससीआई-मासमा की बैठक**

**मुंबई।** स्टील चैंबर ऑफ इंडिया(एससीआई) और मासमा के प्रतिनिधियों ने जीएसटी आयुक्त आशीष शर्मा के साथ एक रचनात्मक बैठक की। इन प्रतिनिधियों ने बिक्री-इन-ट्रांजिट लेनदेन में ई-वे बिल की जटिलताओं के महत्वपूर्ण मुद्दे को आयुक्त के सामने उठाया और व्यापारिक समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों की जानकारी दी। इस समस्या के समाधान के लिए जीएसटी आयुक्त शर्मा ने उनकी समस्याओं के बारे में तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वीकार किया कि यदि जीएसटी से बचने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है तो व्यवसाइयों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने अधिकारियों को कानूनी ढांचे की विस्तार से समीक्षा करने और उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने हमें सलाह दी कि हम चार अप्रेल को दोपहर तीन बजे मझगांव में जीएसटी के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलें। हम चार अप्रेल को होने वाली की बैठक में सार्थक समाधानों की आशा करते हैं। यह जानकारी फाम के अध्यक्ष जितेंद्र शाह ने दी।



# बाड़मेर : रेलवे-ऑफिसर को हनीट्रैप में फंसाने वाली महिलाएं गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर सदर थाने में दर्ज हनी ट्रैप मामले में पुलिस ने दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश किया वहां से दोनों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस शेष आरोपियों की तलाश कर रही है। युवतियों ने रेलवे ऑफिसर हनी ट्रैप का शिकार बनाया था। पुलिस ने बताया कि जोधपुर के जरिए सूचना मिली थी कि शिव नगर स्थित एक मकान में रेलवे के मुख्य आरक्षक परिवेक्षक को बंधक बनाकर रखा गया है। उसे छोड़ने की एवज में 10 लाख रुपए की डिमांड कर रहे है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीमों को सक्रिय किया। इस बीच आरोपियों को भनक लग गई कि पुलिस एक्टिव हो गई। इसके बाद रेलवे के अधिकारी को हाईवे पर छोड़ युवक भाग गए। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच आरंभ की गई।

### ▸▸ दोनों पहले से शादीशुदा



### ▸▸ दोनों युवतियां शादीशुदा, एक के तीन संतान

पुलिस को गिरफ्त में आई दोनों युवतियां शादीशुदा हैं। एक युवती के तीन संतान है और दूसरी के एक संतान है। एक का पति ठेकेदारी का काम करता है तो दूसरी के पति का मार्बल का व्यवसाय है।

### ▸▸ पांच माह पहले टीचर हनी ट्रैप का शिकार

अक्टूबर 2024 में एक अन्य युवती ने टीचर को फोन कर बाड़मेर बुलाया और फिर रूम लेकर गई। यहां गैंग के सदस्य पहुंचे और वीडियो बना दिया। जिसमें महिलाएं सहित युवक गिरफ्तार हुए थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि रेलवे के अधिकारी की दो माह पहले एक युवती से दोस्ती हुई। इसके बाद वह लगातार उससे बातें करने लगी। इसके चलते दोनों में दोस्ती हो गई। इसके बाद युवती ने अपनी सहेली से बात करवाई और धीरे-धीरे यह बात मिलने तक पहुंच गई। युवती ने कॉल कर रेलवे के अधिकारी को अपने रूम पर बुला दिया। जहां रेलवे के अधिकारी के साथ मारपीट कर वीडियो बनाए और वायरल करने की धमकी के साथ ब्लैकमेल करने के लिए 10 लाख रुपए मांगे। फिर वीडियो रेलवे अधिकारी की पत्नी के मोबाइल पर भेज दिया।

### पुलिस टीमें जुटी युवकों की तलाश में

■ पुलिस के अनुसार हनीट्रैप मामले में दो युवती आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। पूछताछ में युवतियों ने ब्लैकमैल करने की बात को स्वीकार किया। वारदात में शामिल आरोपी मुकेश व अन्य की तलाश में पुलिस को अलग-अलग टीमें जुटी हैं। यह दोनों महिलाएं शिवनगर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कह रही है।

## जसोल धाम में चैत्र नवरात्र का छठा दिन



**बालोतरा।** जसोलधाम स्थित श्री राणी भटियाणी मंदिर में चैत्र नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायणगिरी महाराज की उपस्थिति में यह पूजा संपन्न हुई। संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए विशेष पूजा का आयोजन किया। श्री वेद विधा पीठ, गाजियाबाद के पंडितों ने दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा प्रसादम का लाभ श्री मूलचंद चांडक परिवार ने लिया। छप्पन भोग का आयोजन श्री कांतिचंद जी कलंत्री परिवार ने किया। षष्ठी तिथि पर लाभार्थी परिवारों ने जसोल ग्राम की कन्याओं और बटुकों का पारंपरिक पूजन किया। उन्हें फल प्रसाद और दक्षिणा भी दी गई। महंत नारायणगिरी महाराज ने बताया कि मां कात्यायनी की पूजा से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि कुंवारे युवक-युवतियों को मां कात्यायनी की पूजा से योग्य जीवनसाथी मिलता है। ऋषि कात्यायन के घर जन्म लेने के कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा।

# रामनवमी के मौके पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में विश्व हिंदू परिषद की ओर से संचालित रामनवमी महोत्सव समिति की ओर से छह अप्रैल रविवार को शहर के घंटाघर से सुबह 10 बजे से विराट रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में संतों के साथ श्रद्धालु भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर रविवार को रामनवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष डा. पप्पू राम डारा ने जानकारी दी। बताया कि हिंदुत्व की भावना को जागृत करने और हिंदू जन को एकजुट करने के उद्देश्य के साथ भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें शहर के लोग सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए नजर आएंगे। इसमें सामाजिक तौर पर जागरूक करने वाली झांकियां सहित 450 झांकियों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उड़ीसा की गोटी पुआ और ढोकरा नृत्य, आंध्र प्रदेश की कुची पुड़ी, गुजरात के गरबा, राजस्थान के बाड़मेर की गेर, उज्जैन की महाकाल टोली, काशी घाट की मसान होली सहित देश भर के विभिन्न विशेष मंदिरों की जीवंत झांकियां भी शामिल की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर चलने वाले शताब्दी महोत्सव के तहत संघ कार्यों को लोगों तक पहुंचाने के लिए भी विशेष झांकियों को शामिल किया जाएगा। संघ की ओर से चलाए जा रहे पांच परिवर्तनों



को खास तौर पर आम जनता तक पहुंचाने का उद्देश्य से इन झांकियां को शामिल किया जा रहा है। समिति के महामंत्री तरुण सोतवाल ने बताया कि प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के मौके पर घंटाघर चौराहे पर ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ थाली बजाकर गाते हुए मंगल गीतों के साथ बधावणा गाया जाएगा। इसके बाद विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे मुख्य वक्ता के तौर पर राम भक्तों को संबोधित करेंगे। इस दौरान रामरथ में विराजमान प्रभु श्री राम परिवार की शहर वासी पूजा-अर्चना करेंगे।

## बीएसएफ के चिल्ड्रन गार्डन में आया कोबरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर की सम रोड स्थित बीएसएफ के चिल्ड्रन गार्डन में बुधवार रात तार से लिपटे हुए चार फीट लम्बे सांप ने सबको डराया। कोबरा प्रजाति के सांप को देखकर बच्चों ने अपने माता-पिता को बताकर स्नैक कैचर साहिल को मौके पर बुलाया। स्नैक कैचर साहिल ने मौके पर पहुंचकर सांप को रेस्क्यू कर तारों से आजाद करवाया। साहिल ने सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा। चिल्ड्रन गार्डन से सांप को लेकर जाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली और स्नैक कैचर साहिल को धन्यवाद दिया। सांप स्नैक कैचर साहिल ने बताया कि कोबरा प्रजाति का सांप करीब चार फीट लंबा था। बीएसएफ परिसर में बने चिल्ड्रन गार्डन की तारबंदी पर वो बैठा था। सांप को रेस्क्यू करते समय इस बात का ख्याल रखा गया कि तारबंदी की वजह से उसको कोई चोट ना पहुंचे। सांप को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। साहिल ने बताया- इन दिनों बढ़ती गर्मी के कारण रेंगने वाले जीव अब शाम होते ही भोजन की तलाश में बिलों से बाहर आने लगे हैं। ऐसे में शाम ढलने के बाद सुनसान इलाके, झाड़ियों और पेड़ों आदि के आसपास से थोड़ा दूर ही रहना चाहिए। अगर एक कोबरा प्रजाति का सांप साधारण इंसान को काट ले और समय पर इलाज नहीं मिले तो उसकी मौत भी हो सकती है।



■ चार फीट लम्बा सांप, स्नैक कैचर ने किया रेस्क्यू

# छात्रवृत्ति और स्कूटी योजना में तिथि बढ़ी

### ▸▸ नौ अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन में संशोधन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** उच्च शिक्षा आयुक्तालय ने छात्रों को बड़ी राहत दी है। स्कूटी वितरण योजना और छात्रवृत्ति के आवेदनों में संशोधन की समय सीमा अब नौ अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। एमबीआर महाविद्यालय के प्राचार्य हरदान राम ने इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के लिए पहले 31 मार्च तक आवेदन संशोधन की समय सीमा थी। इन योजनाओं में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण, विधवा एवं परित्यक्ता मुख्यमंत्री बीएड संबल और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति शामिल हैं। साथ ही जनजाति प्रतिभावान छात्रों की आर्थिक सहायता, जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा सहायता और सहरिया जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष योजनाएं भी इसमें शामिल हैं। ऑनलाइन पॉर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण कई विद्यार्थी अपने आवेदन में सुधार नहीं कर पाए थे। इस वजह से उनके नाम अंतिम वरीयता सूची में शामिल नहीं हो सके। राज्य सरकार ने छात्रहित में यह निर्णय लिया है। अब विद्यार्थी अपने फॉर्म में आवश्यक सुधार कर योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।



# जोधपुर में पत्नी के प्रेमी के काटे कान

### ▸▸ गुस्साए पति ने की फायरिंग, गोली पेट के पार निकली

**जोधपुर।** जोधपुर में पेप्सी फैक्ट्री के बाहर पति ने पत्नी के प्रेमी पर हमला कर दिया। घायल प्रेमी का मथुरा दास माथुर हॉस्पीटल में इलाज चल रहा है। घटना बोरानाडा थाना क्षेत्र की है। जानकारी अनुसार घायल युवक रमेश लोल बिलाड़ा के लांबा का रहने वाला है। उसने बताया वह ट्रक चलाने का काम करता है। बुधवार देर रात दो बजे के आस-पास ट्रक में बोरानाडा की पेप्सी फैक्ट्री में शक्कर लेकर पहुंचा था। इस दौरान प्रेमसुख ने उस पर फायर कर दिया। गोली उसके पेट के आर-पार निकल गई। इसके बाद ऑल्टो कार में डालकर अपने साथ ले गए। रास्ते में उसके कान काटकर उसे छोड़ दिया। हमला करने वाला प्रेमसुख विश्नोई भी उसके गांव का ही है।



## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 881 | 895 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 243 | 248 |
| जिंक स्लैब | 263 | 274 |
| लीड इन्गॉट | 182 | 182 |
| टिन स्लैब | 3262 | 3300 |
| निकल | 1405 | 1405 |
| सभी दरें रूपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 848 | 858 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 838 | 848 |
| कॉपर आर्मेचर | 827 | 837 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 765 | 773 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 550 | 560 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 593 | 598 |
| एल्युमिनियम | 200 | 200 |

**लंदन मेटल मार्केट**
**तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)**

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9329 | -1425 |
| टिन | 37246 | -15 |
| लीड | 1930 | -100 |
| जिंक | 2700 | -3050 |
| एल्युमिनियम | 2430 | -25 |
| निकल | 15799 | +1230 |

# जैसलमेर के भाजपा विधायक के बेटे को पीटा



**जैसलमेर।** जैसलमेर के बीजेपी विधायक छोटू सिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह भाटी को रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह के लोगों ने जमकर पीटा। उनके सिर में गंभीर चोटें आईं हैं। फॉर्च्युनर गाड़ी में तोड़फोड़ की और नाके पर आग लगा दी। फिलहाल इस मामले में पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि इस मामले में करीब 24 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अब हालात काबू में हैं। मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। फिलहाल मामले में कोई मुकदमा दोनों पक्षों की तरफ से नहीं दिया गया है। सदर पुलिस बयानों के आधार पर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने पत्थरों से भरे ट्रकों सदर इलाके के सम रोड स्थित काहला फांटा पर रोक दिया। वहां खड़े लठैत रॉयल्टी मांगने लगे। इससे नाराज ट्रक ड्राइवरों ने ठेकेदार यूनियन के संरक्षक और विधायक के छोटे भाई नखत सिंह को कॉल किया। सुबह करीब नौ बजे नखत सिंह, विधायक के बेटे भवानी सिंह समेत कई लोग रॉयल्टी नाके पर पहुंच गए। यहां बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। लाठी-तलवारों से हमला किया विधायक के बेटे भवानी सिंह ने कहा- जब हम बातचीत करने गए तो सामने वाले पक्ष ने झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान लाठी और तलवारों से हमला किया। नाके पर रॉयल्टी ठेकेदार के लोगों ने ही आग लगाई। इसके बाद मेरी फॉर्च्युनर गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की। इधर, घायलों को जैसलमेर के सरकारी हॉस्पीटल लेकर पहुंचे। रॉयल्टी ठेकेदार बोला- हमारे ऊपर हमला हुआ रॉयल्टी ठेकेदार शैतान सिंह ने बताया- मैंने जैसलमेर में दुर्गा टिम्बर एंड ग्रेनाइट फर्म के नाम से रॉयल्टी का काम लिया। मेरे पार्टनर राजेंद्र सिंह हैं। हमने 10 करोड़ 10 लाख रुपए में मेसेनरी स्टोन का ठेका लिया है। आज दिन में हम रॉयल्टी नाके पर बैठे थे। सदर थाने के एसआई गुमान सिंह, हेड कॉन्स्टेबल बलदान और माइनिंग के आनंद भी हमारे साथ बैठे थे। इस दौरान 10-15 गाड़ियों में विधायक छोटूसिंह भाटी के बेटे भवानी सिंह, विधायक के भाई नखत सिंह, नखत सिंह के बेटे गिरधर सिंह 10-15 गाड़ियों में आदमियों को लेकर आए। उन्होंने आते ही हम पर तलवारों-हथियारों से हमला कर दिया। हमारी दो-तीन गाड़ियों में तोड़फोड़ की और नाके को आग लगा दी। हमारे लोगों से मारपीट की, जिनमें दो लोगों की हालत गंभीर है। उनको जोधपुर रेफर किया गया है।

# व्यापार जगत

### ▸▸ निफ्टी 82 अंक टूटकर 23,250 पर आया
### ▸▸ TCS और HCL टेक का शेयर 4% टूटा

# सेंसेक्स 322 अंक गिरकर 76,295 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में तीन अप्रैल को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 322 अंक की गिरावट के साथ 76,295 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही, ये 23,250 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयर में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी देखने को मिली है। आज आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट देखने को मिली। टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयर में करीब 4% की गिरावट रही। वहीं पावर और फार्मा के शेयर में बढ़त रही।



### बाजार में गिरावट के तीन कारण

ट्रम्प का रेसिप्रोकल टैरिफ : अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। विदेशी निवेशकों की बिकवाली : फॉरेन इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। यह बिकवाली बाजार में दबाव बढ़ाने का एक प्रमुख कारण हो सकती है, खासकर अगर निवेशक अन्य बाजारों की ओर रुख कर रहे हों। आर्थिक अनिश्चितता : वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और अमेरिकी जीडीपी के 2025 की पहली तिमाही में 2.8% तक गिरने के अनुमान से निवेशकों का भरोसा कम हुआ है। इससे स्टॉक मार्केट में अस्थिरता बढ़ रही है।

### बाजार में रही थी बढ़त

दो अप्रैल को शेयर बाजार में बढ़त रही थी। सेंसेक्स 592 अंक चढ़कर 76,617 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में 166 अंक की बढ़त रही, ये 23,332 के स्तर पर बंद हुआ था।

### एशियाई मार्केट में रही गिरावट

एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.77%, चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.24% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.52% की गिरावट रही। दो अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.56% बढ़कर 42,225 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87% की तेजी रही, जबकि S&P 500 इंडेक्स 0.67% चढ़कर बंद हुआ। दो अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 1,538 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 2,808 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

# ट्रंप के टैरिफ पर वाणिज्य मंत्रालय की नजर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ के रूप में भारत पर कुछ नए टैक्स लगाए हैं। भारत सरकार इसकी स्टडी कर रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि वे देख रहे हैं कि इससे क्या हो सकता है। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने जो भी कदम उठाए हैं, उन पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने कल ही एक आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, दूसरे देशों से आने वाले सामान पर 10% से 50% तक टैक्स लगाया गया है। यह टैक्स उन देशों पर लगाया गया है जो अमेरिका से व्यापार करते हैं। हालांकि, यह तत्काल प्रभाव से लागू नहीं हुआ है। 10% का बेसलाइन टैक्स पांच अप्रैल, से लागू होगा। भारत पर लगने वाला अतिरिक्त टैक्स 27% होगा। यह नौ अप्रैल, से लागू होगा। वाणिज्य विभाग का कहना है कि वे इस मामले को ध्यान से देख रहे हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा "वाणिज्य विभाग अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसलों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर रहा है। 'विकसित भारत' के सपने को ध्यान में रखते हुए, विभाग सभी संबंधित लोगों से बात कर रहा है। इसमें भारतीय उद्योग और निर्यातक भी शामिल हैं। उनसे टैक्स के बारे में जानकारी ली जा रही है और स्थिति का आकलन किया जा रहा है। विभाग यह भी देख रहा है कि अमेरिका की इस नई व्यापार नीति से क्या अवसर मिल सकते हैं।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 13 फरवरी, को 'मिशन 500' की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करके 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करना है। वाणिज्य मंत्रालय ने इसी के परिपेक्ष्य में कहा, "इसलिए, भारत और अमेरिका के व्यापार दल एक-दूसरे के लिए फायदेमंद व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने के लिए बातचीत कर रहे हैं।" इसमें कई मुद्दों पर बात हो रही है, जैसे कि सप्लाई चेन को मजबूत करना। बयान में कहा गया था "बातचीत का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और तकनीक के आदान-प्रदान को बढ़ाना है। हम ट्रम्प प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले दिनों में इस पर आगे बढ़ेंगे।" वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है।

## आप का राशिफल 4 अप्रैल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक 2 5 7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 1 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

# ट्रंप के टैरिफ से सोना नए शिखर पर

### ▸▸ एक झटके में चांदी 2236 रुपए सस्ती

**मुंबई।** सर्राफा बाजारों में बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड 209 रुपए महंगा हो गया। सोने ने नए ऑल टाइम हाई 91205 रुपए प्रति ग्राम के रेट पर खुला। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 2236 रुपए की भारी गिरावट दर्ज की गई है। चांदी 97300 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर तीन पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 93941 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 100219 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। सत्र की शुरुआत में 3,167.57 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद स्पॉट गोल्ड 0.4 प्रतिशत बढ़कर 3,145.93 डॉलर प्रति औंस हो गया। अमेरिकी सोना वायदा 0.1 प्रतिशत मजबूत होकर 3,170.70 डॉलर पर पहुंच गया।

### ▸▸ 14 से 23 कैरेट गोल्ड के रेट

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 208 रुपए महंगा होकर 90840 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर एक बजे के करीब 192 रुपए तेज होकर 83544 रुपए पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 157 रुपए महंगा होकर 68404 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 122 रुपए बढ़कर 53355 रुपए पर पहुंच गई है। इस साल अबतक सोने के रेट में 15465 रुपए और चांदी के भाव में 11283 रुपए का उछाल आया है।

# ग्वाटेमाला से केला, थाईलैंड से चावल, चिली से अंगूर मंगाता अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 से अधिक देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा है। इससे देश में महंगाई बढ़ने की आशंका है। यूबीएस की एक रिपोर्ट के मुताबिक इससे महंगाई में 5% तेजी आ सकती है और जीडीपी ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। इसकी वजह यह है कि अमेरिका दुनिया के कोने-कोने से खाने-पीने की चीजें मंगाता है। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है और दुनिया का हर छोटा-बड़ा देश अमेरिका के साथ अपना ट्रेड बढ़ाना चाहता है। इसकी वजह यह है कि उसका बाजार बहुत बड़ा है। अमेरिका के बाजार में ज्यादातर चीजें इम्पोर्टेड हैं। देश में पीने का पानी भी विदेश से आता है। खाने-पीने की ज्यादातर चीजें पड़ोसी देशों मेक्सिको और कनाडा से आती हैं। नए टैरिफ में इन दोनों देशों पर लागू नहीं होंगे। मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है जबकि कनाडा तीसरे नंबर पर है। चीन कई साल तक उसका सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर रहा। लेकिन पिछले कुछ साल से दोनों देशों को रिश्तों में तल्खी आई है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि अमेरिका किस देश से खाने-पीने का क्या सामान मंगाता है। अमेरिका अपने पड़ोसी देश कनाडा से मशरूम, पशु मीट, सुअर का मीट, मछली, लॉबस्टर, केकड़े, कैनोला ऑयल, गेहूं, मक्का, ओट्स, जौ और मैपल सिरप मंगाता है। इसी तरह टमाटर, एवोकाडो, शिमला मिर्च, क्रेनबेरीज, स्ट्रॉबेरीज, रैस्पबेरीज, ककड़ी, ब्रोकोली, तरबूज, आम, एस्पेरेगस, नींबू, प्याज, पालक, लेट्यूस, अखरोट और चीनी का सबसे ज्यादा आयात मेक्सिको से किया जाता है। चीन से सबसे ज्यादा ऐपल जूस और फ्रोजन फिश आती है।



# सांचौर : अफीम की मनुहार पर सख्ती का दिखने लगा असर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**लोग शादी के कार्डों पर लिखवा रहे नशामुक्त रहेगा समारोह**

**सांचौर।** क्षेत्र में शादियों और सामाजिक समारोहों में अफीम की मनुहार पर पुलिस प्रशासन की सख्ती का अब असर दिखाने लगा है। प्रशिक्षु आईपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के चलते अब लोग स्वेच्छा से नशामुक्त समारोह आयोजित करने की पहल कर रहे हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों में अब शादी के निमंत्रण पत्रों पर भी इस मुहिम का प्रभाव देखने को मिल रहा है। कई परिवार अपने शादी के कार्डों में स्पष्ट रूप से लिख रहे हैं कि आईपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ के आज्ञानुसार यह शादी समारोह पूर्णतः नशामुक्त रहेगा। पुलिस प्रशासन ने हाल ही में विवाह आयोजकों को सख्त निर्देश जारी किए थे कि किसी भी शादी या सार्वजनिक कार्यक्रम में नशे का सेवन न हो। विशेष रूप से अफीम की पारंपरिक मनुहार पर रोक लगाई जाए।

इसके बाद जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को इस दिशा में प्रोत्साहित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आमजन भी इस बदलाव को स्वीकार करने लगे हैं। प्रशिक्षु आईपीएस काम्बले शरण गोपीनाथ ने बताया कि सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है और समाज की भागीदारी के बिना यह संभव नहीं हो सकता। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे नशामुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

**समाज में सकारात्मक बदलाव**

सांचौर क्षेत्र में नशामुक्त विवाह समारोहों की बढ़ती संख्या दर्शाती है कि लोग अब खुद ही इस पहल को अपनाने लगे हैं। यह बदलाव न केवल पुलिस प्रशासन की सक्रियता को दर्शाता है, बल्कि समाज की बदलती मानसिकता को भी प्रतिबिंबित करता है। हालांकि अब लोग भी पुलिस की पहल का हिस्सा बन रहे है, जिसको लेकर क्षेत्र में होने वाले शादी समारोह या सामाजिक समारोह में लोग अफीम , डोडा के सेवन को लेकर भी हिचकिचाते है। वहीं इसमें जागरूक लोग व युवा भी आगे आकर पहल कर रहे है, जो इस प्रकार की गतिविधि करने पर पुलिस को सूचना देने की बात करने पर ग्रामीण अंचल में इस कुप्रथा पर धीरे- धीरे अकुंश देखने को मिल रहा है। विभिन्न समाज ने सामाजिक समारोह में अफीम -डोडा की मनुहार को वर्जित किया। क्षेत्र में सामाजिक समारोह में इस प्रकार के प्रतिबंधित नशे पर अकुंश को लेकर क्षेत्र में अलग- अलग समाज द्वारा सामाजिक स्तर पर प्रतिबंध भी लगाया गया, किन्तु पुलिस व प्रशासनिक शिथिलता की बदौलत कुछ उच्च वर्ग के लोगोँ द्वार इस परिपाटी का उल्लघ्ंन करने का कार्य किया गया, जिससे इस प्रकार की कुप्रथा पर पूर्ण अंकुश नहीं लग पाया। अब पुलिस की सक्रियता व सख्त रवैये के चलते इस कुप्रथा को अपनाने के दौरान पुलिस कार्यवाही का भय बना हुआ है, हालांकि इसको लेकर बिश्नोई समाज, पुरोहित समाज सहित कई समाज ने बड़े स्तर पर नशामुक्ति के निर्णय भी ले रखे है, किन्तु अब इसका पूर्ण पाबंदी का असर देखने को मिलने लगा है।

## रामदेव क्रय विक्रय समिति की बैठक

**सांचौर।** रामदेव क्रय विक्रय सहकारी समिति सांचौर के नवगठित संचालक मंडल की प्रथम बैठक समिति के मुख्यालय पर अध्यक्ष चंदन सिंह विरोल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । अध्यक्ष ने बताया की क्षेत्र के किसानों को खाद बीज की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा आगामी सरसों खरीद में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े । इस अवसर पर संचालक मंडल के सदस्यों ने कई प्रस्ताव रखें तथा मुख्य कार्यकारी गेनाराम ने संस्था के आगामी वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों तथा बजट के बारे में संचालक मंडल को अवगत करवाया तथा उपाध्यक्ष गुमाना राम विश्नोई ने सबका आभार प्रकट किया। इस दौरान सुरजन राम विश्नोई रणोदर, अमराराम माली आदि मौजूद थे।



# ‘गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो’



**▸▸ विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण को डिस्कॉम उठाए प्रभावी कदम : शर्मा**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गर्मी के मौसम में आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स के अधिकारी बिजली आपूर्ति की सतत् मॉनिटरिंग करें और लाइनों में सुधार, ट्रांसफार्मर और जीएसएस स्थापित करने से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, डिस्कॉम्स बिजली छीजत घटाने को प्राथमिकता देते हुए इसे न्यूनतम करने का लक्ष्य प्राप्त करें।

सीएम शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर, जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों (डिस्कॉम्स) की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिस्कॉम्स उन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तंत्र को सुदृढ़ करें, जहां गत वर्ष विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं थी। टीएण्डडी और एटीएण्डसी लॉसेज को न्यूनतम करने के लिए फीडर्स लेवल मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, खराब मीटर्स का रिपेयर और रिप्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाए।

**पीएम कुसुम योजना में लाएं गति**

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) ए तथा सी कम्पोनेन्ट्स मील का पत्थर साबित होंगे। इन कम्पोनेंट में अपेक्षित गति लायी जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण में आरडीएसएस योजना की अहम भूमिका है। इस योजना की प्रभावी क्रियान्विति से घरेलू एवं अघरेलू उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी और उन्हें ट्रिपिंग की समस्या से भी निजात मिलेगी। जयपुर, जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम्स इस योजना की प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें। जो कॉन्ट्रेक्टर्स योजना के कार्यों को संपादित करने में अनावश्यक देरी कर रहे हैं, उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

**मुफ्त बिजली योजना को क्रियान्वित करें**

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभान्वित परिवारों को सोलर प्लांट लगाते हुए निःशुल्क 150 यूनिट्स बिजली प्रतिमाह उपलब्ध कराएगी। जिन अल्प आय वर्ग के घरों पर सोलर प्लांट का स्थान उपलब्ध नहीं है, वहां पर सामुदायिक सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस योजना की त्वरित क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा ने डिस्कॉम्स को लंबित घरेलू एवं अघरेलू कनेक्शन शीघ्र जारी करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि लंबित कृषि कनेक्शन्स को प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। डिस्कॉम्स के अधिकारी प्रतिदिन कृषि कनेक्शन जारी करने की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेंजे। मुख्यमंत्री ने पीएचईडी कनेक्शनों को जारी करने की स्थिति, 33 और 11 केवी जीएसएस के निर्माण और खराब ट्रांसफार्मर के रिप्लेसमेंट की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## रोप-वे अटकने पर लोगों को बचाया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**जालोर।** जसवंतपुरा के सुंधा पर्वत स्थित सुंधा माता मंदिर रोप-वे अटकने से 4 यात्रियों के फंसने की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी, एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट विक्रम चौधरी, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, उप पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह इंदा, बीसीएमओ डॉ. प्रशान्त सेन, जसवंतपुरा थानाधिकारी गुमानसिंह व ट्रस्ट के व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह व रोप-वे प्रबंधक प्रहलाद राय अग्रवाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम व मेडिकल टीम ने मौके पर पहुँच कर रोप-वे बंद कराया तथा आपातकालीन स्थिति होने पर किये जाने वाले बचाव कार्यो के मॉक ड्रिल का सफल प्रदर्शन किया। मॉक अभ्यास के दौरान टीमों ने अपने साथ लाये गये उपकरणों से रोप-वे पर फंसे लोगों को बचाने का प्रदर्शन किया जिसमें लोगों का रोप-वे एवेकुशन व घायल लोगों का मौके पर चिकित्सा उपचार देकर स्टेबल किया गया तथा फंसे लोगों को शीट रेपिं्लग, रस्सी व सीट हारनेस के माध्यम से निकाला गया। जरूरतमंद व्यक्ति को सीपीआर देने व अग्निशमन यंत्रों के समुचित इस्तेमाल को लेकर एनडीआरएफ टीम द्वारा डेमोस्ट्रेशन दिया गया। इस दौरान ट्रस्ट सदस्य, पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड टीम उपस्थित रही।

# नवोदय विराट पथ संचलन का जोरदार स्वागत



**भीनमाल।** राष्ट्र सेविका समिति भीनमाल जिले का नवोदय विराट पथ संचलन अतीव गौरवान्वित करने वाले और हर्षोल्लास से भर देने वाले सुमधुर पलों के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में प्रांत सह तरूणी प्रमुख एवं मुख्य वक्ता राजल दीदी ने सेविकाओं को ओज, तेज और शक्ति से संवृत करने के लिए प्रचंड हुंकार भरे बौद्धिक वक्तव्य दिए। पथ संचलन फाफरिया हनुमान जी से शुरू होकर, हाई सेकेंडरी स्कूल, कुल्फी फैक्ट्री, रामदेव चौक, पुनासा बस स्टैंड, बड़ा छोहटा, मेन मार्केट,

**सामाजिक एकता का प्रदर्शन**

नगर के हर गली, चौराहे और प्रमुख स्थानों पर सनातन धर्म के सभी वर्गों के लोग, चाहे व बड़े हों या छोटे, सभी ज्योत–ध्येय अभिभावक, माता–बहन एवं भ्रातागण द्वारा सेविकाओं पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन कर रहे थे। इस दौरान हिंदू समाज ने जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुटता एवं एकरूपता का परिचय दिया।




**▸▸ सहयोगी संगठन**

इसमें विभिन्न संगठनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बजरंग दल, चाणक्य विद्यापीठ भीनमाल, भीनमाल व्यापार संघ, ऑल एनिमल रेस्क्यू टीम भीनमाल, मनिहारी फुटवियर संगठन, सोनी समाज, रमेश सोनी पुनासा, वैष्णव समाज, यूथ फॉर नेशन संस्था, श्री राम सेना आदि द्वारा सेविका बहनों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। सायं 6 बजे नगर के माघ चौक स्थित कचहरी रोड सरकारी स्कूल मैदान में पथ संचलन का विधिवत समापन हुआ।

## व्यापार संघ की बैठक में रामनवमी पर चर्चा



**भीनमाल।** वस्त्र व्योपार संघ की बैठक स्थानीय नेहरू मार्केट में आयोजित हुई।जिसमे आगामी रविवार को रामनवमी के पर्व को सफल बनाने और शहर में भव्य शोभायात्रा व हिंदू धर्म सभा के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। शोभायात्रा में नगर के लोगों द्वारा जगह जगह जल व्यवस्था,फूलों वर्षा करने व यात्रा में सफेद वस्त्र केसरिया साफा पहनकर भाग लेने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत सह कोषाध्यक्ष राव वचन सिंह मणधर,संदीप देसाई,थानमल माली,अध्यक्ष महादेव घांची, अर्जुनसिंह राव ,नरपत माली,सचिव कृष्ण दर्जी,बगदाराम देवासी,प्रभुराम घांची, पारस दर्जी, वचनाराम माली, सुरेश कुमार घांची, ईश्वर सिंह सोलंकी, पीराराम दर्जी व बगदाराम पुरोहित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## जिला परिषद की बैठक 7 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिला परिषद की साधारण सभा की विशेष बैठक जिला प्रमुख राजेश कुमार की अध्यक्षता में 7 अप्रेल को दोपहर 12.30 बजे जिला परिषद सभा भवन में आयोजित की जायेगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बताया कि विशेष बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-चतुर्थ के तहत ऑल वेदर रोड़ कनेक्टिविटी हेतु डी.आर.आर.wपी. केन्डीडेट रोड़ एवं सी.यू.सी.पी.एल. के प्रस्तावों का अनुमोदन सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जायेगी।

## विकास योजनाओं की समीक्षा 8 को

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चैधरी की अध्यक्षता में भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा गठित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ‘‘दिशा समिति’’ की बैठक 8 अप्रेल, मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी जिसमें विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। यह जानकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने दी।

# भीनमाल : रामनवमी पर होगा भव्य आयोजन



**भीनमाल।** रामनवमी के पर्व को लेकर भव्य-दिव्य शोभायात्रा व धर्म सभा को सफल बनाने के लिए श्री सयुंक्त व्यापार संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय में अध्यक्ष नरेश अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमे स्वामी दिव्यस्वरूप दास महाराज, सरंक्षक शेखर व्यास, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह भूतेल,श्री खाद्य व्यापार संघ अध्यक्ष पारस मोदी,मशीनरी एसोसिएशन अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद् जोधपुर प्रांत सह कोषाध्यक्ष वचनसिंह राव, विजयसिंह राव, भाजपा नेता प्रवीण दवे, संदीप देसाई व गौतम घांची आदि शामिल थे आयोजन का मुख्य उद्देश्य रामनवमी के पावन पर्व को भव्य-दिव्य तरीके से मनाना और भीनमाल शहर में एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इस आयोजन के लिए अपना पूर्ण समर्थन दिया और आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए चर्चा की।

## श्रद्धालुओं ने दिव्य तीर्थ यात्रा का उठाया लाभ



**जसवंतपुरा।** सात दिवसीय तीर्थ यात्रा का आयोजन जसवंतपुरा निवासी मंचालाल पुत्र स्व. सवारामजी प्रजापत (परिहार) परिवार हाल अहमदाबाद के सौजन्य से किया गया, जिसमें करीब 40 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान भक्तों ने अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए, प्रयागराज में संगम स्नान किया। काशी विश्वनाथ धाम में भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया और वृंदावन गोकुल-मथुरा में श्रीकृष्ण लीला स्थलों का दर्शन कर भक्ति रस में सराबोर हुए। इसके अलावा, मेहंदीपुर बालाजी व पुष्कर सरोवर की यात्रा कर श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक शांति का अनुभव किया। श्रद्धालुओं ने मंचालाल प्रजापत का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने उन्हें न केवल ईश्वर से जोड़ने का अवसर दिया, बल्कि सनातन संस्कृति के महत्व को भी समझने का अवसर मिला। सभी ने भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक आयोजनों की आशा व्यक्त की। इस दौरान समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, सरपंच श्रीमती चंपा देवी, हंसाराम, शंकरलाल, अमृतलाल, रतनाराम पावटी, जेठालाल पावटी, लालाराम गोलाणा, दिनेश कुमार डोरडा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा मनाएगी स्थापना सप्ताह

# जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने संयोजक, सह संयोजक किए मनोनीत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार जालोर जिले मे मण्डल व बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी स्थापना सप्ताह को मनाने के लिए जिला संयोजक, सह जिला संयोजक, मण्डल संयोजक एवं सह मण्डल संयोजक की नियुक्ति की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने जिले मे कार्यक्रम को लेकर जिला संयोजक पद पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खेमराज देसाई, सह जिला संयोजक गणपतसिंह बगेडिया, जिला सह संयोजक डा. रमेश कुमार राणा को मनोनित किया गया है। इसी तरह जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने विधानसभा रानीवाडा के रानीवाडा मण्डल संयोजक रिड़मलसिंह डाभी, सह संयोजक गोविन्द रावल व जसवंतपुरा मण्डल संयोजक दौलत सिंह कलापुरा, सह संयोजक महेन्द्र सिंह राव एवं सांकड़ मण्डल संयोजक अमृतलाल चौधरी, सह संयोजक भंवरदान चारण एवं करड़ा मण्डल संयोजक हेमाराम जांगू, सह संयोजक गोपालसिंह करड़ा एवं बड़गांव मण्डल संयोजक प्रकाश कुमार सेन, सह संयोजक गणपणलाल थावरेसा को दायित्व दिया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र भीनमाल के भीनमाल नगर में संयोजक भरत सिंह भोजाणी, सह संयोजक प्रवीण कुमार दवे, एवं भीनमाल ग्रामीण मण्डल संयोजक पांचाराम प्रजापत, सह संयोजक मंगलाराम पुरोहित व बागोड़ा मण्डल संयोजक देवीसिंह , सह संयोजक हीराराम चौधरी व जुंजाणी मण्डल संयोजक रमेश कुमार सोनी, सह संयोजक इन्द्र सिंह राणावत, व नरसाणा मण्डल संयोजक रमेश कुमार विश्नोई, सह संयोजक हेमसिंह राठौड़, रामसीन मण्डल संयोजक रमेश कुमार रावल, सह संयोजक मदनसिंह राव को बनाकर जिम्मेदारी सौपी गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र आहोर के आहोर मण्डल संयोजक किशोर सिंह अजीतपुरा, सह संयोजक कानाराम दमामी, व बागरा मण्डल संयोजक जोगसिंह आड़वाड़ा, सह संयोजक बगसिंह बागरा व भाद्राजून मण्डल संयोजक दिनेश सिंह राठौड़, सह संयोजक कैलाश शर्मा, चांदराई मण्डल संयोजक भंवरपुरी गौस्वामी, सह संयोजक पुखराज ओढ़, गोदन मण्डल संयोजक प्रकाश गर्ग, सह संयोजक भवानी सिंह मिठडी, व गुड़ा बालोतान संयोजक जयन्तिलाल कुमावत, सह संयोजक दिपक मेघवाल को मनोनित किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र जालोर नगर मण्डल संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी, सह संयोजक रतन सुथार, जालोर ग्रामीण मण्डल संयोजक स्वरूप सिंह रेवत, सह संयोजक हितेश हीरागर, उम्मेदाबाद मण्डल संयोजक गणपतसिंह राव, सह संयोजक नैन सिंह राजपुरोहित, सायला मण्डल संयोजक रगाराम देवासी, सह संयोजक विजय आचार्य, जीवाणा मण्डल संयोजक केवदाराम चौधरी, सह संयोजक मोहित राजपुरोहित, पोपाणा मण्डल संयोजक उदयसिंह दादाल, सह संयोजक हाजाराम देवासी को मनोनित कर दायित्व दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र सांचोर के सांचोर नगर मण्डल संयोजक मांगीलाल दर्जी, सह संयोजक सायब खां, सांचोर ग्रामीण मण्डल संयोजक गंगदाराम चौधरी, सह संयोजक राजेन्द्र सिंह सुथाना, अरणाय मण्डल संयोजक बाबू सिंह, झाब मण्डल संयोजक नरींगाराम चौधरी, सह संयोजक नगाराम पुरोहित, चितलवाना मण्डल संयोजक अमरसिंह सिवाड़ा, सह संयोजक दुर्गाराम बेनीवाल,केसुरी मण्डल संयोजक मदनसिंह, सह संयोजक जोगाराम पुरोहित, टांपी डूंगरी चौखाराम सोनी, सह संयोजक भगवानाराम सियाक, सत्यपुर मण्डल संयोजक गजेंद्र सिंह कारोला, आदि को मनोनित कर जिम्मेदारी सौपी गई है।

## भाजपा स्थापना सप्ताहः संयोजक, सह संयोजक का चयन

**सांचौर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार जालोर जिले मे मण्डल व बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी स्थापना सप्ताह को मनाने के लिए जिला संयोजक, सह जिला संयोजक, मण्डल संयोजक एवं सह मण्डल संयोजक की नियुक्ति की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने जिले मे कार्यक्रम को लेकर जिला संयोजक पद पर भाजपा के वरिष्ठ नेता खेमराज देसाई, सह जिला संयोजक गणपतसिंह बगेडिया, जिला सह संयोजक डा. रमेश कुमार राणा को मनोनित किया गया है।

इसी तरह जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने विधानसभा रानीवाडा के रानीवाडा मण्डल संयोजक रिड़मलसिंह डाभी, सह संयोजक गोविन्द रावल,व जसवंतपुरा मण्डल संयोजक दौलत सिंह कलापुरा, सह संयोजक महेन्द्र सिंह राव एवं सांकड़ मण्डल संयोजक अमृतलाल चौधरी, सह संयोजक भंवरदान चारण एवं करड़ा मण्डल संयोजक हेमाराम जांगू, सह संयोजक गोपालसिंह करड़ा एवं बड़गांव मण्डल संयोजक प्रकाश कुमार सेन, सह संयोजक गणपणलाल थावरेसा को दायित्व दिया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र भीनमाल के भीनमाल नगर में संयोजक भरत सिंह भोजाणी, सह संयोजक प्रवीण कुमार दवे, एवं भीनमाल ग्रामीण मण्डल संयोजक पांचाराम प्रजापत, सह संयोजक मंगलाराम पुरोहित व बागोड़ा मण्डल संयोजक देवीसिंह , सह संयोजक हीराराम चौधरी व जुंजाणी मण्डल संयोजक रमेश कुमार सोनी, सह संयोजक इन्द्र सिंह राणावत, व नरसाणा मण्डल संयोजक रमेश कुमार विश्नोई, सह संयोजक हेमसिंह राठौड़, रामसीन मण्डल संयोजक रमेश कुमार रावल, सह संयोजक मदनसिंह राव को बनाकर जिम्मेदारी सौपी गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र आहोर के आहोर मण्डल संयोजक किशोर सिंह अजीतपुरा, सह संयोजक कानाराम दमामी, व बागरा मण्डल संयोजक जोगसिंह आड़वाड़ा, सह संयोजक बगसिंह बागरा व भाद्राजून मण्डल संयोजक दिनेश सिंह राठौड़, सह संयोजक कैलाश शर्मा, चांदराई मण्डल संयोजक भंवरपुरी गौस्वामी, सह संयोजक पुखराज ओढ़, गोदन मण्डल संयोजक प्रकाश गर्ग, सह संयोजक भवानी सिंह मिठडी, व गुड़ा बालोतान संयोजक जयन्तिलाल कुमावत, सह संयोजक दिपक मेघवाल को मनोनित किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र जालोर नगर मण्डल संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी, सह संयोजक रतन सुथार, जालोर ग्रामीण मण्डल संयोजक स्वरूप सिंह रेवत, सह संयोजक हितेश हीरागर, उम्मेदाबाद मण्डल संयोजक गणपतसिंह राव, सह संयोजक नैन सिंह राजपुरोहित, सायला मण्डल संयोजक रगाराम देवासी, सह संयोजक विजय आचार्य, जीवाणा मण्डल संयोजक केवदाराम चौधरी, सह संयोजक मोहित राजपुरोहित, पोपाणा मण्डल संयोजक उदयसिंह दादाल, सह संयोजक हाजाराम देवासी को मनोनित कर दायित्व दिया गया है। विधानसभा क्षेत्र सांचोर के सांचोर नगर मण्डल संयोजक मांगीलाल दर्जी, सह संयोजक सायब खां, सांचोर ग्रामीण मण्डल संयोजक गंगदाराम चौधरी, सह संयोजक राजेन्द्र सिंह सुथाना, अरणाय मण्डल संयोजक बाबू सिंह, सह संयोजक रावतमल खत्री, झाब मण्डल संयोजक नरींगाराम चौधरी, सह संयोजक नगाराम पुरोहित, चितलवाना मण्डल संयोजक अमरसिंह सिवाड़ा, सह संयोजक दुर्गाराम बेनीवाल,केसुरी मण्डल संयोजक मदनसिंह, सह संयोजक जोगाराम पुरोहित, टांपी डूंगरी चौखाराम सोनी, सह संयोजक भगवानाराम सियाक, सत्यपुर मण्डल संयोजक गजेंद्र सिंह कारोला, सह संयोजक हरीश गर्ग को मनोनित कर जिम्मेदारी सौपी गई है।

## नेशनल हाइवे पर गड्ढों से बढ़ा खतरा

**सांचौर।** सांचौर क्षेत्र में नेशनल हाईवे की दुर्दशा दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हाल ही में धमाणा स्थित अम्रता देवी उद्यान के पास सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के खराब होने की सूचना कई बार प्रशासन व विभाग के अधिकारियों को दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हाईवे पर बने इन गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। खासकर रात के समय यह गड्ढा और भी खतरनाक साबित हो रहा है, क्योंकि इसकी सही से पहचान नहीं हो पाती।ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इस गड्ढे को भरने और हाईवे की मरम्मत करने की मांग की है, ताकि हादसों को रोका जा सके। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में यह मार्ग और भी खतरनाक हो सकता है।

# जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं हल

**▸▸ जिलेभर में पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने हरजी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सड़क, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देकर इसका लाभ उठाने की बात कही। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित केन्द्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी सांवरमल रैगर, आहोर तहसीलदार मोहित आशिया, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सुविचार

विफलता के साथ ही आगे के नए दरवाजे खुलते है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## आयात पर असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि सभी विदेशी वाहनों और ऑटो पार्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह टैरिफ सालाना लगभग 600 अरब डॉलर के आयात पर लागू होगा। इतना ही नहीं, यह शुल्क अमेरिका में आयात होने वाले सभी कंप्यूटरों, जिनमें लैपटॉप भी शामिल हैं, पर भी लगाया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को एक फेडरल रजिस्टर नोटिस में दी गई, जिसमें टैरिफ कोड्स का विश्लेषण किया गया। पिछले हफ्ते ट्रंप की ऑटो टैरिफ घोषणा को अपडेट करते हुए इस बार लगभग 150 अलग-अलग ऑटो पार्ट्स को टैरिफ की सूची में शामिल किया गया है। ये शुल्क 3 मई से प्रभावी होंगे, जबकि वाहन आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क 4 अप्रैल की आधी रात से लागू हो जाएगा। टैरिफ की सूची में इंजन, ट्रांसमिशन, लिथियम-आयन बैटरियां और अन्य प्रमुख ऑटो कंपोनेंट शामिल हैं। इसके अलावा टायर, शॉक एब्जॉर्बर, स्पार्क प्लग वायर और ब्रेक होज जैसे छोटे-छोटे पुर्जों पर भी यह शुल्क लगाया जाएगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस सूची में कंप्यूटरों के लिए इस्तेमाल होने वाला चार-अंकीय टैरिफ कोड भी शामिल किया गया है। अमेरिका में कंप्यूटर आयात का बहुत बड़ा बाजार है और 2024 में इसका कुल आयात 138.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसके अलावा ट्रंप ने सभी अमेरिकी आयातों पर एक बेसलाइन 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का भी एलान किया है। कुछ देशों पर यह दर और भी ज्यादा होगी, ताकि गैर-टैरिफ ट्रेड बैरियर्स (यानी अन्य देशों द्वारा लगाए गए छिपे हुए व्यापारिक प्रतिबंध) का मुकाबला किया जा सके। ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि धारा 232 राष्ट्रीय सुरक्षा शुल्क के अधीन आने वाले ऑटो और ऑटो पार्ट्स पर भी अलग से बेसलाइन या रेसिप्रोकल ट्रैरिफ नहीं लगाया जाएगा। दूसरे शब्दों में ऑटो शुल्क उन नए रेसिप्रोकल ट्रैरिफ के साथ नहीं जुड़ेंगे, जो 5 अप्रैल से लागू होंगे। व्हाइट हाउस ने वाणिज्य विभाग को 90 दिनों के भीतर एक नई प्रक्रिया तैयार करने का निर्देश दिया है, जिससे घरेलू निर्माता यह अनुरोध कर सकें कि अन्य आयातित पुर्जों को भी टैरिफ सूची में जोड़ा जाए। यानी, भविष्य में और भी ज्यादा उत्पादों पर यह शुल्क लगाया जा सकता है। जो वाहन यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौते के नियमों के अनुसार अमेरिका में आयात किए जा रहे हैं, उन्हें कुछ छूट दी जाएगी। ऐसे वाहनों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ सिर्फ उस हिस्से पर लगाया जाएगा, जो अमेरिकी नहीं है। ट्रंप का कहना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका का व्यापार घाटा कम होगा, कंपनियां अमेरिका में आकर ही उत्पादन शुरू करेंगी और नौकरियों में इजाफा होगा। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि ट्रंप का यह कदम वैश्विक व्यापार युद्ध शुरू कर सकता है और देशों की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकता है।

### मित्र-शत्रु एक समान

# अमेरिका ने फोड़ा टैरिफ बम...!!



**डॉ. अनिता राठौर**

अमरीका के हिसाब से 2 अप्रैल 2025 को दिन में, जबकि भारतीय समयानुसार 3 अप्रैल के तड़के 2 बजे, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार दुनिया पर वह टैरिफ बम फोड़ दिया, महीनों से वह अपने जिस टैरिफ बम से दुनिया को डरा रहे थे। व्हाइट हाउस ने इस दिन को मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे कहा है। इस मौके पर व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में ट्रंप ने भारत का दो बार जिक्र करते हुए कहा कि भारत के मामले में निर्णय मुश्किल रहा। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे। वो मेरे अच्छे दोस्त हैं। गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया है जबकि हम अमूमन अमरीकी सामान पर औसतन 52 फीसदी का टैरिफ लगाते हैं। इस तरह देखा जाय तो अमरीकी राष्ट्रपति भले चुने जाने के पहले से ही रेसीप्रोकल टैक्स यानी जैसे को तैसा अंदाज में टैक्स लगाए जाने की बात करते रहे हों,लेकिन भारत पर उन्होंने हमारे मुकाबले आधा टैक्स ही लगाया है और इसे सही ही 'डिसकाउंटेड टैक्स' कहा है।

इमेज

भारत के इतर अमेरिका ने यही टैक्स चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% लगाया है। फिलहाल अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके द्वारा अमरीका पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके साथ ही दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल की रात 12 बजे के से लागू होंगे। बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है। आठ अप्रैल के बाद से अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60%, वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूलते हैं। ट्रंप का मानना है कि दुनिया के ज्यादतर देशों ने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा है, जिसे आज यानी 2 अप्रैल 2025 से वह खत्म करने की शुरुआत कर चुके हैं। हालांकि अमरीका आज भी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनामी है, लेकिन ट्रंप के मुताबिक़ अतीत में अमरीकी हुक्मरानों की गलत नीतियों के कारण अमरीका दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बन गया है, लेकिन अब अमेरिका अमीर बनेगा, दुनिया में सबसे अमीर देश। ट्रंप कहते हैं, 'आज हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। आखिरकार हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं। हम वास्तव में बहुत धनवान हो सकते हैं। हम इतने अधिक धनवान हो सकते हैं कि हो सकता है यह कई लोगों को अविश्वसनीय लगे, लेकिन अब हम समझदार हो रहे हैं।'

हालांकि विशेषज्ञों का ऐसा मानना नहीं है। अमरीका की प्रतिष्ठित येल यूनिवर्सिटी का मानना है कि इस टैरिफ बम के चलते अमरीका पर मंदी के 35 फीसदी आसार गहरा गए हैं क्योंकि इस टैरिफ बम के कारण



हर अमरीकी परिवार पर करीब 35 हजार रुपए सालाना मंहगाई का बोझ बढ़ जाएगा। लेकिन इस टैरिफ बम के फोड़े जाने के बाद से अमरीका के सरकारी खजाने में 46 लाख करोड़ रुपए का इजाफा होगा। मतलब साफ़ है कि अमरीकी सरकार संपन्न होगी, लेकिन इस बम के नतीजे से अमरीकी नागरिकों की क्रयशक्ति में कमी आएगी। जहां तक भारत को अमरीका के इस टैरिफ शिकंजे से होने वाले नुक़सान की बात है तो हम पर इससे करीबी 35 अरब रुपए का बोझ बढेगा। हालांकि इससे भारत को फायदा भी हो सकता है। भारत का जिन 10 देशों के साथ सबसे ज्यादा व्यापार है, उनमें से अकेले अमरीका ही वह देश है, जिसके साथ हमारा व्यापार फायदे में हैं बाकी सब देशों के साथ हम व्यापार घाटे हैं। लेकिन अमरीका ने जिस तरह से टैरिफ बढ़ाया है उसे देखते हुए कई देश मसलन चीन ही भारत से ज्यादा आयात की सोच रहा है क्योंकि इससे दोनों देशों को फायदा होगा। मतलब यह कि यह टैरिफ बम हमारे लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है।

वैसे अमरीका सिर्फ अपने व्यापार घाटे को कम करने के लिए ही टैरिफ बम का सहारा नहीं ले रहा बल्कि इसे एक औद्योगिक रणनीति के तौरपर भी आजमाना चाहता है। यही वजह है कि अमरीका ने कहा है कि अगर कोई कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडेक्ट बनाना होगा। इससे न केवल अमरीकियों को रोजगार मिलेगा बल्कि इस टैरिफ बम से अमेरिका का नए सिरे से औद्योगिक विकास भी होगा। नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे। यह मन के भीतर का निष्कर्ष नहीं टैरिफ बम के फायदों का खुला नारा भी यही है। ट्रंप का मानना है कि कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी है। अब ऐसा नहीं चलेगा अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे। ट्रंप ने इसी टार्गेट के मद्देनजर 2 अप्रैल 2025 को अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन बताया है,उनके मुताबिक़, 'आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का दिन है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं।' वैसे इसका सबसे बड़ा शिकार कंबोडिया हुआ है। अमरीका अब कंबोडिया से आयातित वस्तुओं पर 49 फीसदी और चीन से आयात होने वाले सामान पर 34 फीसदी शुल्क वसूलेगा। अन्य देशों में यूरोपीय संघ से 20 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया से 25 प्रतिशत, वियतनाम से 46 प्रतिशत, ताइवान से 32 प्रतिशत, जापान से 24 प्रतिशत थाईलैंड से 36 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड 31 प्रतिशत, इंडोनेशिया से भी 32 प्रतिशत, मलेशिया से 24 प्रतिशत, यूनाइटेड किंगडम से 10 प्रतिशत, से दक्षिण अफ्रीका से 30 प्रतिशत, ब्राजील से 10 प्रतिशत बांग्लादेश से 37 प्रतिशत, सिंगापुर से 10 प्रतिशत, इजरायल से 17 प्रतिशत और फिलीपींस से 17 प्रतिशत तथा चिली 10 प्रतिशत टैरिफ वसूलेगा।

अमरीकी राष्ट्रपति इसे अपना एक कठोर निर्णय मानते हैं लेकिन वह यह भी कहते हैं कि उनके पास इसका कोई विकल्प भी नहीं था। उनके मुताबिक़ व्यापार के मामले में मित्र देश, शत्रु से भी ज्यादा बदतर हैं। ट्रंप कहते हैं, 'हम बहुत से देशों को सब्सिडी देते हैं और उन्हें आगे बढ़ाते हैं तथा उन्हें व्यापार में बनाए रखते हैं (ट्रंप ने खास तौरपर यह बात अपने विशेष व्यापार भागीदार विशेष रूप से मेक्सिको और कनाडा के बारे में कही) लेकिन अब इन्हें अपने लिए काम करना होगा। हम अब अमेरिका को पहले स्थान पर रख रहे हैं। क्योंकि व्यापार घाटा अब केवल एक आर्थिक समस्या नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आपातकाल है।' इस तरह अमरीका की नजर देखें तो उसकी यह कार्यवाही किसी तरह की मनमानी नहीं बल्कि मजबूरी है।

## पंचांग

शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - सप्तमी 20.13 तक |
| वार | - शुक्रवार |
| नक्षत्र | - आर्द्रा 29.21 तक |
| योग | - शोभन 21.45 तक |
| करण | - गर 08.53 तक |
| सूर्योदय | - 06.32 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.51 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.30 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.58 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - मिथुन |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.17 से 13.06 |
| राहु काल | - 11.08 से 12.41 |
| व्रत, त्यौहार | - भद्रा 20.13 प्रारंभ, नवपद ओली आराधना प्रारंभ जैन |
| दिशा शूल | - पश्चिम |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## जीण माता मंदिर के काजल से दूर होते नेत्र रोग!

विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर से 28 किलोमीटर दूर सिद्ध पीठ मां जीण भवानी का चमत्कारी मंदिर मौजूद है। खाटूश्याम जी मंदिर में दर्शन के बाद अधिकांश भक्त जीण माता के दर्शन के लिए जरूर आते हैं। इस मंदिर की कहानी बहुत रोचक है, बताया जाता है, ननद भोजाई की लड़ाई में जीण माता देवी बनीं और भाई हर्ष भैरव बने। जीण माता का यह मंदिर राजस्थान के प्रमुख मंदिरों में से एक है। मंदिर के पास एक पहाड़ी पर जीण माता और हर्ष भैरव का एक साथ मंदिर है। यह वही जगह है जहां जीण माता ने तपस्या की थी, मंदिर पुजारियों के अनुसार यहां आज भी जीण माता के द्वारा जलाई अखंड दिव्य जोत जलती है।

**काजल शिखर**

लोक कथाओं व इतिहासकारों के अनुसार दसवीं सदी में चूरू जिले के घांघू गांव में जन्मे भाई हर्ष और बहन जीण के बीच अटूट प्रेम था, लेकिन भाभी के षड्यंत्र के कारण दुखी होकर जीण घर छोड़कर तपस्या करने के लिए सीकर जिले की अरावली पहाड़ियों पर चली आईं और जीण धाम की काजल शिखर नामक पहाड़ी चोटी पर आकर बैठ गईं। जिसके बाद वह असीम दुख के साथ रोने लगीं। बताया जाता है, जीण इतना रोईं कि उनके आंसुओं से पूरा पहाड़ भीग गया, और आज वही पहाड़ काजल शिखर के नाम से विख्यात है।

**जयंती माता में विलीन जीण माता**

वहीं, जीण के पीछे- पीछे भाई हर्ष भी मनाने के लिए वहां आए। भाई हर्ष ने जीण को मनाने के लिए हर प्रकार के जतन किए, लेकिन वह नहीं लौटीं, इसके बाद भाई हर्ष ने भी बहन के साथ तपस्या करने की ठानी। इसके बाद भाई हर्ष ने भी दूर ऊंची पहाड़ी पर जाकर भगवान शिव की तपस्या शुरू कर दी। ऐसे में दोनों पहाड़ सामने होने के कारण बहिन जीण ने यह सोचा कि यदि भाई सामने दिखेगा तो मेरी तपस्या व देवत्व ध्यान भंग हो जाएगा इसलिए शिखर से छलांग लगा दी और वहां स्थित जयंती देवी की ज्योत में विलीन हो गईं। इस बारे में मंदिर के पुजारी ने बताया, कि भक्त इस अखंड ज्योत से काजल लेने के लिए आते है। यहां का काजल आंखों में लगाने से नेत्र रोग दूर हो जाते हैं।

## तारीख विशेष

### पल्लवी जोशी

पल्लवी जोशी भारतीय फिल्म तथा टेलीविजन अभिनेत्री हैं। उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'स्पेशल जूरी अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया है। पल्लवी जोशी ने कम उम्र में ही स्टेज पर परफॉर्म करना शुरू कर दिया था। उन्होंने बाल कलाकार के रूप में 'बदला' और 'आदमी सड़क का' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। उसके बाद बॉलीवुड में कई फिल्में की और बॉलीवुड में नाम कमाया। पल्लवी जोशी को फिल्म 'द ताशकंद फाइल्स' के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का 67वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। पल्लवी जोशी का जन्म 4 अप्रैल, 1969 को महाराष्ट्र के मुंबई में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अभिनय की दुनिया में कदम रख दिया था। उन्होंने बाल कलाकार के तौर पर 'नाग मेरे साथी', 'रक्षाबंधन', 'आदमी सड़क का' और हेमा मालिनी की फिल्म 'ड्रीम गर्ल' जैसी फिल्मों में काम किया। बाल कलाकार के तौर पर भी उनके काम को काफी पसंद किया गया। उन्होंने भारतीय फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री से विवाह किया। उनके दो बच्चे हैं। वह बाल अभिनेता मास्टर अलंकार (जोशी) की बहन हैं। इसके बाद पल्लवी जोशी ने कई आर्ट फिल्मों में काम किया, जिसमें 'रुक्मावती की हवेली', 'सूरज का सातवां घोड़ा', 'त्रिशाग्नी' और 'रिहाई' जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा वो 'सौदागर', 'पनाह' और 'मुजरिम' जैसी बड़े बजट की फिल्मों में भी दिखीं। हिंदी फिल्मों के साथ- साथ पल्लवी जोशी ने गुजराती, मलयालम और मराठी फिल्मों में भी काम किया। पल्लवी जोशी ने बड़े पर्दे के साथ-साथ छोटे पर्दे पर भी काफी काम किया। वह 'भारत एक खोज', 'जुस्तजू', 'अल्पविराम', 'मृगनयनी', 'तलाश', 'इम्तेहान' और 'आरोहन' में नजर आईं। इसके अलावा वह 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' में एंकर भी रह चुकी हैं। साल 1988 में रिलीज हुई फिल्म 'अंधा युद्ध' में पल्लवी जोशी ने दिव्यांग लड़की का सपोर्टिंग रोल निभाया था और इसके लिए उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया था। इसके अलावा 41वें नेशनल अवॉर्ड में उन्होंने स्पेशल जूरी अवॉर्ड जीता था।

### पर्यटन

# एक मंदिर, जहां होती 'पुस्तक की पूजा'

**समीर चौधरी**

मूर्ति-पुस्तक को एक विशाल प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। इस मंदिर के दृष्टिकोण की जड़ें इस आस्था में हैं कि ज्ञान दैविक है। मंदिर ज्ञान के दर्शन की परवरिश व उसको प्रोत्साहित करता है ताकि सार्वभौमिक प्रेम व दया का प्रचार व प्रसार हो सके। मंदिर का प्रवेश हॉल प्रभावी पुस्तकालय है जिसमें कई हज़ार पुस्तकें हैं। हॉल की दीवारें मूर्ति कला से सजी हुई है। हॉल में से होकर सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं ताकि मूर्ति तक पहुंचा जा सके जोकि कंक्रीट की पुस्तक है और उसे 30-फीट ऊंचे प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। 'पुस्तक' के पृष्ठों पर तीन वाक्य खुदे हैं- "ईश्वर ज्ञान है। धर्म व्यापक सोच है। विन्रम बुद्धिमत्ता ही मार्ग है।" प्रवेश हॉल में मूर्तिकलाएं चेरुसेरी की हैं, जो उत्तर मालाबार के कवि थे और जिन्होंने मलयालम महाकाव्य कृष्णगाथा, श्री बुद्ध और पत्थर दीप (ज्ञान का प्रतीक) की रचनाएं कीं। वनीय प्रतिवेश में यह कांप्लेक्स दो एकड़ में फैला हुआ है और इसमें कुछ झोपड़ियां हैं जिन्हें एजुथुपुरा कहते हैं, जिसका अर्थ है लेखन के लिए झोपड़ी। इनमें लेखक रह सकते हैं व लिख सकते हैं। तीन झोपड़ियां मुकम्मल हो चुकीं हैं, जबकि लक्ष्य 10 झोपड़ी अभी बननी हैं।

केरल में कन्नूर से लगभग 64 किमी के फासले पर एक छोटे से क़स्बे चेरुपुज़ा के निकट हराभरा गांव प्रपोयिल है। प्रपोयिल में एक असाधारण मंदिर है, जो संभवतः संसार में अपने क़िस्म का इकलौता मंदिर है, नवापुरम मथाथीथा देवालयम, जिसका अर्थ है ईश्वर का धर्मनिरपेक्ष गृह। इस मंदिर में जो देवता हैं उन्हें पुस्तक की छवि में तराशा गया है, संतोष मानसम् द्वारा जोकि पास के ही कम्बल्लोर गांव (ज़िला कासरगोड) के हैं। हालांकि इस मंदिर का निर्माण मूर्ति की स्थापना का कार्य अक्टूबर 2021 में पूर्ण हुआ, लेकिन दर्शन के लिए इसके कपाट 4 मार्च 2021 को ही खोल दिए गए थे। भक्तगण मंदिर के गर्भ गृह में पूजा कर सकते हैं, देवता को पुस्तकें अर्पित कर सकते हैं और प्रसाद में वापस पुस्तक ही मिलती है। मंदिर में न कोई पुजारी है न कोई हुंडी और बिना किसी जाति या धार्मिक भेदभाव के मंदिर के द्वार सबके लिए खुले हैं व हर कोई इसमें पूजा कर सकता है। मूर्ति-पुस्तक को एक विशाल प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। इस मंदिर के दृष्टिकोण की जड़ें इस आस्था में हैं कि ज्ञान दैविक है। मंदिर ज्ञान के दर्शन की परवरिश व उसको प्रोत्साहित करता है ताकि सार्वभौमिक प्रेम व दया का प्रचार व प्रसार हो सके। मंदिर का प्रवेश हॉल प्रभावी पुस्तकालय है जिसमें कई हज़ार पुस्तकें हैं। हॉल की दीवारें मूर्ति कला से सजी हुई है। हॉल में से होकर सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं ताकि मूर्ति तक पहुंचा जा सके जोकि कंक्रीट की पुस्तक है और उसे 30-फीट ऊंचे प्राकृतिक पत्थर के ऊपर स्थापित किया गया है। 'पुस्तक' के पृष्ठों पर तीन वाक्य खुदे हैं- "ईश्वर ज्ञान है। धर्म व्यापक सोच है। विन्रम बुद्धिमत्ता ही मार्ग है।" प्रवेश हॉल में मूर्तिकलाएं चेरुसेरी की हैं, जो उत्तर मालाबार के कवि थे और जिन्होंने मलयालम महाकाव्य कृष्णगाथा, श्री बुद्ध और पत्थर दीप (ज्ञान का प्रतीक) की रचनाएं कीं। वनीय प्रतिवेश में यह कांप्लेक्स दो एकड़ में फैला हुआ है और इसमें कुछ झोपड़ियां हैं जिन्हें एजुथुपुरा कहते हैं, जिसका अर्थ है लेखन के लिए झोपड़ी। इनमें लेखक रह सकते हैं व लिख सकते हैं। तीन झोपड़ियां मुकम्मल हो चुकीं हैं, जबकि लक्ष्य 10 झोपड़ी अभी बननी हैं। इस एकदम अलग क़िस्म के मंदिर का सपना प्रपोयिल नारायण पिछले 35 वर्षों से देख रहे थे, जो अब जाकर साकार हुआ है। वह अपनी मां के इकलौते पुत्र हैं। उनके ज़मींदार पिता कोक्कोदन रमण का निधन उस समय हो गया था, जब वह 9 बरस के थे। नारायण को विरासत में केवल दो एकड़ ज़मीन मिली थी। वह 15 वर्ष की आयु से अपने परिवार की ज़िम्मेदारी उठा रहे हैं। जब वह अपने जीवन के 20 वें बसंत में पहुंचे तो वह पुस्तक मंदिर के बारे में सोचने लगे और अपने ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए थोड़ा थोड़ा पैसा जमा करने लगे। विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में उनके अनेक लेख प्रकाशित हुए और वह एक सम्मानित लेखक के रूप में स्थापित हो गए। नारायण ने 26 किताबें लिखी हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में थी और इसके बाद वह छात्रों को ट्यूशन पढ़ाने लगे। उनकी मेहनत व लगन का ही नतीजा था कि आज वह चेरुपुज़ा कस्बे में एक शानदार समानांतर कॉलेज के मालिक हैं। इस संस्था में राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, वाणिज्य, हिंदी व दर्शन के डिग्री व पोस्टग्रेजुएट पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते हैं। नारायण स्वयं पांच विषयों में पोस्टग्रेजुएट हैं और वर्तमान में अंग्रेजी साहित्य में एमए कर रहे हैं। समानांतर कॉलेज की आय से वह अपने मंदिर के लिए लाखों रुपए बचाने में सफल रहे। मंदिर जो भूमि विकास, मूर्तिकला, झोंपड़ी व उत्सवों का आयोजन करता है, उनमें बहुत मोटा खर्च आता है और नारायण इस सब में अभी तक 60 लाख रुपए से अधिक खर्च कर चुके हैं। अब उन्हें दान भी मिलने लगे हैं, लेकिन इससे खर्च का दसवां हिस्सा भी पूरा नहीं हो पाता है। मंदिर साल में दो सांस्कृतिक उत्सव आयोजित करता है, एक अप्रैल में और दूसरा पूजा की छुट्टियों में। उत्सवों में बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेते हैं और इनमें साहित्यिक डिबेट्स, शास्त्रीय व लोकनृत्य के परफॉरमेंस, पुस्तक विमोचन, सेमिनार, नाटक आदि आयोजित किए जाते हैं। चार द्रविड़ भाषाओं के लेखकों को अवार्ड्स दिए जाते हैं। इस अच्छे कार्य में नारायण के मित्र साबू मलियेक्कल और ग्रामीण उनका सहयोग करते हैं। नारायण की कोशिश है कि मंदिर आत्म-निर्भर संस्था बन जाए। इस सिलसिले में वह उन लोगों से बात कर रहे हैं जो उनके विचार से सहमत हैं। नारायण वास्तव में दुर्लभ व्यक्ति हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन साहित्य व पुस्तकों के लिए समर्पित कर दिया है। इसमें उनकी पत्नी शीला के सहयोग व समर्थन को अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज जब धर्म के नाम पर दूरियां बढ़ती जा रही हैं, तो पुस्तक मंदिर इस दूरी को खत्म करके प्रेम व भाईचारे को प्रोत्साहित करने का सफल प्रयास कर रहा है और पुस्तकों व शिक्षा के महत्व को भी सामने ला रहा है। यही कारण है कि नवापुरम मथाथीथा देवालयम केरल में पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।




भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम्।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शान्तिमृच्छति॥

**हिंदी अर्थ –**

मेरा भक्त मुझे सब यज्ञ और तपों का भोगने वाला, सभी लोकों के ईश्वरों का भी ईश्वर और सभी प्राणियों का सुहृद् जानकर शांति को प्राप्त होता है।

## बोले तो...



जो संपत्ति वक्फ के पास पंजीकृत है तो उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, लेकिन जो मामला विवादित है, उसमें ट्रिब्यूनल फैसला करेगी। अब जो ट्रिब्यूनल बनेगा, उसका नियत कार्यकाल होगा। अगर ट्रिब्यूनल में आपको न्याय नहीं मिला तो सिविल मामले में किसी और अदालत में अपील कर सकते हैं।

– किरेन रिजिजू



हमारे सहयोगी ने हम पर टैरिफ लगाने का फैसला किया है। यह हमें पूरी तरह से तबाह कर देगा। भारत सरकार टैरिफ के मुद्दे पर क्या कर रही है। एलएसी पर यथास्थिति बनी रहनी चाहिए और हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने चीन को पत्र लिखा है।

– राहुल गांधी



भाजपा के लोग मुझे डराकर झुकाना चाहते हैं, मैं कभी नहीं झुकूंगा। मैं टूट जाऊंगा, लेकिन झुकूंगा नहीं। याद रखो, मैं डराने से डरने वाला नहीं। मेरे खिलाफ लगाए गए आरोपों से मेरी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। अगर आप अपने दावों को साबित नहीं कर सकते तो आपको संसद में आने का अधिकार नहीं है।

– मल्लिकार्जुन खरगे

### कुछ अलग | अजब गजब

# घर में बेकार पड़ा रहता था पत्थर, जांच में खुला सात करोड़ साल पुराना रहस्य!

कभी-कभी हमारी नजरें जिन चीजों को साधारण समझती हैं, वे असल में बेशकीमती खजाने साबित हो सकती हैं। ऐसा ही एक अजीब लेकिन सच किस्सा रोमानिया की एक महिला के साथ हुआ। जिस पत्थर को वह सालों तक दरवाजा अड़ाने के लिए इस्तेमाल करती रहीं, वह असल में करोड़ों साल पुराना कीमती एम्बर (गोंद पत्थर) निकला, जिसकी कीमत लगभग 1.1 मिलियन डॉलर (करीब 9.1 करोड़ रुपए) थी। जैसे ही उस औरत को इस पत्थर के बारे में पता चला उसके तो होश ही उड़ गए। महिला ने सालों पहले रोमानिया के दक्षिण-पूर्वी इलाके में बहती एक नदी के किनारे से यह पत्थर उठाया था। उसे इसकी असली कीमत और ऐतिहासिक महत्त्व का अंदाजा तक नहीं था। वह इसे साधारण पत्थर समझकर अपने घर के दरवाजे को अड़ाने के लिए इस्तेमाल कर रही थीं। जब 1991 में महिला का निधन हुआ, तो उनके एक रिश्तेदार ने इस पत्थर को देखा और इसकी चमक-दमक और वजन को लेकर संदेह हुआ। उन्होंने इसे विशेषज्ञों को दिखाया। जब वैज्ञानिकों ने इस पत्थर की जांच की, तो सभी दंग रह गए। यह कोई मामूली पत्थर नहीं था, बल्कि यह 38.5 से 70 मिलियन (करीब 7 करोड़) साल पुराना एम्बर (रुमेनाइट) निकला। जब रोमानिया के अधिकारियों को इस अनोखे पत्थर के बारे में पता चला, तो उन्होंने इसे क्राको (पोलैंड) के इतिहास संग्रहालय को भेजा।



वहां के वैज्ञानिकों ने तुरंत इसकी जांच की और पुष्टि की कि यह एम्बर का एक दुर्लभ टुकड़ा है। इसके लाल रंग की चमक को देखकर उन्होंने इसे दुनिया के सबसे बड़े और मूल्यवान एम्बर टुकड़ों में से एक करार दिया। दिलचस्प बात यह है कि इतने सालों तक यह कीमती एम्बर चोरों की नजरों से भी बचा रहा। जब यह महिला जिंदा थीं, तब उनके घर में चोरी हुई थी, लेकिन चोरों ने इसे एक मामूली पत्थर समझकर अनदेखा कर दिया। बाद में, जब महिला के परिवार वालों ने इसकी असली कीमत समझी, तो इसे रोमानियाई सरकार को बेच दिया गया। अब यह एम्बर रोमानिया के बुजाउ प्रांतीय संग्रहालय में रखा गया है, जहां इसे आम जनता के देखने के लिए रखा गया है। एम्बर असल में पेड़ों से निकलने वाला एक जैविक राल (रेजिन) होता है, जो लाखों-करोड़ों सालों में कठोर होकर पत्थर जैसा बन जाता है। इसका इस्तेमाल गहनों और सजावटी सामान में किया जाता है। रोमानिया के कोल्टी गांव के आसपास इस प्रकार के एम्बर की खदानें पाई जाती हैं, जहां 1920 के दशक से इसकी खुदाई की जा रही है।

## पाठक पाती

### हर युग में ग्रन्थों की उपादेयता

गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस को जन-जन के लिए सुलभ बना दिया है। उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में तो इस ग्रंथ ने भक्ति भावना का लोगों के बीच में अदभुत संचार किया है। यह ग्रंथ अपने आप में कई विशेषताएं लिए हुए है। इसके दोहे और चौपाइयां मन में सरस भाव का निर्माण करते हैं। ग्रन्थों की उपादेयता हर काल और युग में बनी रहती है। वर्तमान युग में तो श्री रामचरितमानस हमारा और समाज का सच्चा मार्गदर्शन कर सकता है। हर वय के व्यक्ति के लिए इसमें प्रेरणा का भाव समाहित है। क्योंकि इसमें धर्म, राजनीति, घर, परिवार, भातृ प्रेम, भक्ति, पतिव्रता धर्म, सेवक धर्म, अन्याय केखिलाफ संघर्ष आदि के सिद्धांत सरल रूप मेंसमझाये गए हैं। इस ग्रंथ की सरलता ही इसे विशिष्ट बनाती है। रामचरितमानस के आदर्शों पर चलकर आज भी राम राज्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

ललित महालकरी, इंदौर

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# रूडीप द्वारा विद्यार्थियों को किया जा रहा जागरूक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन में अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीना के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी के सहयोग से आज शहर के बी.आर.खोखर स्कूल कुचामन में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी विकास परियोजना के बारे में साथ ही परियोजना से संबधित सुझाव एवं शिकायत के लिए टोल फ्री नंम्बर 18001219400 एवं हेल्पलाईन नंबर 8696000263 के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक। इस कार्यक्रम में कैप. के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने सीवरेज प्रणाली से होने वाले लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि रूडिप के माध्यम से कुचामन में सीवरेज लाईन डालने का कार्य प्रगति पर है सीवर लाईन के अन्दर आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम को सीवरेज लाईन से जोडा जायेगा साथ ही सीवर प्रणाली को सुचारू रखने के लिए जानकारी दी गई। साथ ही सीवरेज के रख रखाव के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी आमजन स्वयं के स्तर सीवरेज कनेक्शन नहीं करें तथा सीवरेज लाईन के मेनहॉल एवं चैम्बर में पत्थर, मलबा एवं पॉलिथिन नहीं डालें, गर्भनिरोधक व सेनेटरी नेपकिन को शौचालयों में प्रवाहित ना करें, कहा कि शहर साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनेगा जिससे पर्यावरण सही रहेगा तथा मच्छर मक्खी में कमी आयेगी गन्दगी से फैलने वाली बीमारियो से छुटकारा मिलेगा। साथ ही सामुदायिक जागरूकता की सविता शर्मा ने नई लाईन में पानी प्रेशर से हर रोज पानी साथ ही मीटरयुक्त नल कनेक्शन के बारे में जानकारी दी साथ ही बताया कि जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है, जल संसाधन पानी के वह श्रोत है जो मानव जाति के लिए उपयोगी है। जितना हो सके उतना पानी कम खर्च करें पानी को व्यर्थ नहीं बहाएं। सार्वजनिक स्थानों पर बहते पानी को रोके इस प्रकार की छोटी-छोटी आदतो से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है।

## चितावा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई कर दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

कुचामन सिटी। चितावा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को उसके गांव से दस्तयाब किया। हनुमान प्रसाद मीणा (आई.पी.एस.) पुलिस अधीक्षक जिला डीडवाना कुचामन के निर्देशन व नेमीचन्द खारिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन तथा अरविन्द विश्नोई वृताधिकारी वृत कुचामन के निकटतम सुपरविजन में लीलाराम उ.नि.धानाधिकारी, पुलिस थाना चितावा के नेतृत्व में आरोपी भगवानाराम को गिरफ्तार किया गया। प्रार्थीया ने एक रिपोर्ट पेश की कि मैं व मेरी लडकी व मेरी भतीजी 13 मार्च को खाना खाकर सो गये थे। रात्रि को करीबन 01.00 एएम पर भगवानाराम निवासी परेवडी ने मेरे घर में घुस कर मेरी लड़की को डरा-धमका कर बाहर लेकर गया और उसके साथ जोर जबरदस्ती कर गलत काम किया। उसके सिर में कुल्हाडी की मारी, मैनें बीच बचाव किया तो मेरे भी मारपीट कर कुल्हाड़ी लेकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। आसूचना व कार्रवाई प्रकरण में घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर फील्ड इंटेलिजेन्स व आसूचना की सहायता से आरोपी भगवानाराम पुत्र बोयता राम उम्र 21 साल जाति जाट निवासी परेवडी पुलिस थाना चितावा को परेवडी से दस्तयाब करके पूछताछ कर गिरफ्तार किया गया।

## मुसलमानों की संपत्तियों को, खुर्दबुर्द करने के लिए पास किया वक्फ बिल: चौहान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** जिला मुख्यालय पर मदीना मस्जिद के पास विचार गोष्ठी में चूरू जिला मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड सरपरस्त जमील चौहान ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार अपने संख्याबल और एन डी ए गठबंधन ने वक्फ संशोधन विधेयक सिर्फ वक्फ को लूटने और मुस्लिम समाज पर प्रहार के लिए यह बिल पास करवाया है। हर धर्म की अपनी अपनी कमेटी होती हैं संस्था होती है लेकिन सरकार सिर्फ वक़्फ़ पर हमला कर रही है क्योंकि अल्पसंख्यक के प्रति उनकी विचारधारा उन्हें ऐसा कर अपने परंपरागत वोट बैंक को साधना चाहती है। यह सवाल पैतृक धरोहरों का है! सरकार का कहना है कि गरीब एवं बेसहारा मुसलमानों को इस संशोधित बिल से फायदा होगा! जबकि असंख्य मुसलमानों का यह मानना हैं कि जो पैतृक सम्पत्ति और धरोहर विरासत में हमे मिली थी वो आज ऐसे क्यों कब्जाई जा रही हैं? भारत बहुधार्मिक देश हैं यहा सब की विरासत और पैतृक संपत्तियां हैं उनपर जबरन ये सरकार क्यों क़ब्ज़ा करना चाहती हैं। विरासत में मिली हमारी संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए यह लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ेंगे।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर मंडल अध्यक्षों की बैठक आज

**झुंझुनूं।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सप्ताह भर तक होने वाले विभिन्न सरोकार के कार्यों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में मंडल अध्यक्षों की एक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में स्थापना दिवस के आगामी कार्यक्रमों के लिए मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी जाएगी। भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर 6 से 13 अप्रेल तक होने वाले सेवा के साप्ताहिक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में आयोजित बैठक में जिले भर के भाजपा मंडल अध्यक्ष भाग लेंगे।

## राजगढ़ साहित्य समिति ने नवसंवत्सर पर गोष्ठी का आयोजन किया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** साहित्य समिति राजगढ़ के तत्वावधान में नवसंवत्सर के उपलक्ष्य में विशेष गोष्ठी का आयोजन निराला अस्पताल में डॉ.रामकुमार घोटड़ की अध्यक्षता में बुधवार सायं किया गया।

समिति के मंत्री अनिल शास्त्री ने नवसंवत्सर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वरचित गीत की प्रस्तुति दी। उपमंत्री संतोष कुमार जांगिड़ व कोषाध्यक्ष वैध सत्यनारायण शांडिल्य ने भी स्वरचित कविताओं का पाठ किया। उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देव पांडिया, महन्त जगदीश गोस्वामी, हीरालाल भार्गव, जयचंद दायमा, दलीप जांगिड़, आदर्श शिक्षक पवन गोठवाल, इंदु कुमार गोस्वामी व रणजीत सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की वरीयता सूची में पूरे प्रदेश में राजगढ़ ब्लॉक के प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा को सम्मानित किया गया।

समिति को सहयोग प्रदान करने हेतु राइका अस्पताल की निदेशिका डॉ. मीरा कुमारी को लाजवंती घोटड़ व डॉ ज्योति ने दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। बालक कृष्णा भार्गव को पुरस्कृत किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ.रामकुमार घोटड़ ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य शिक्षाविद् विद्वान पंडित अनिल शास्त्री ने किया।

## मां शाकंभरी सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा शनिवार को विशाल रात्रि जागरण होगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

कुचामन सिटी। स्वरूपली डूंगरी स्थित मां शाकंभरी सेवा मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत विशाल रात्रि जागरण का आयोजन शनिवार अष्टमी को रखा गया है। रात्रि जागरण में शंभू सिंह एंड पार्टी रूपपूरा, वैष्णव ग्रुप खारिया एवं जय साहब एंड पार्टी कुचामन द्वारा मैया जी के चरणों में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति द्वारा मैया जी का यशोगान किया जाएगा। देर भौर तक चलने वाली इस भजन जागरण में स्थानीय कलाकारों द्वारा भी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाती है। इसी महोत्सव के अंतर्गत शनिवार रात्रि जागरण के पश्चात 6 अप्रैल रविवार नवमी को प्रातः 9.15 बजे से यज्ञ का शुभारंभ होगा तथा यज्ञ पूर्णाहुति 12.15 बजे होगी। यज्ञ पूर्णाहुति के पश्चात अष्टमी की मैया जी की महा आरती भी होगी। मां आरती के पश्चात आमंत्रित छोटी-छोटी कन्याओं का मैया के रूप में पूजन करवा कर एवं रुचिकर व्यंजनों द्वारा कन्याओं को भोजन करवा कर आकर्षित भेंट अर्पित करेंगे एवं कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। नवमी की संध्या नवरात्रि के समापन आरती समय 7.15 बजे होगी। प्रथम नवरात्रा से मंदिर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिख रही है,संध्याकालीन आरती के समय तो पूरा मंदिर क्षेत्र श्रद्धालुओं की भीड़ से भर जाता है।



## विशाल हनुमान जन्मोत्सव व भजन संध्या 12 अप्रेल को : महाराज छगनदास

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** विशाल भजन संध्या व हनुमान जन्मोत्सव निवारू रोड़ स्थित आञ्जनेय कुंज के जय बाबा बालाजी धाम में 12 अप्रेल शनिवार को युवाचार्य दीपेशजी महाराज व महंत छगनदासजी महाराज के सानिध्य में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । यह जानकारी देते हुए भक्त शिरोमणि एडवोकेट राजेन्द्र मोदी ने बताया कि प्रोग्राम में प्रातः 8 बजे से 4.15 बजे तक राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली के पंडित जयप्रकाश शिक्षा शास्त्री अपनी सुमधुर ललित वाणी द्वारा अपनी टीम के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा के 1100 पाठ करेंगे । इसके पश्चात 4.30 बजे हवन व 6.30 बजे पूर्णाहुति होगी । तत्पश्चात 7.15 बजे जयश्री बालाजी महाराज को सवामणी का भोग लगाया जाएगा । इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुगण 7.30 बजे सामूहिक प्रसादी ग्रहण करेंगे तथा रात्रि 9.00 बजे से संपूर्ण रात्रि चौमू के ख्यातनाम गायक कार गजानंद एवं जितेंद्र जांगिड़ के नेतृत्व में सभी श्रद्धालुगण बालाजी व रामजी के भजनों का आनंद ले सकेंगे। इस अवसर पर सुंदरकांड की टीम, भजन गायकों की टीम, भक्तों व पत्रकारिता की दुनिया के भीष्म पितामह मदन मोहन आचार्य को महाराज श्री द्वारा गदा भेंट करते हुए दुपट्टा ओढ़ाकर उनका स्वागत सत्कार किया जाएगा।



## बदला मौसम का मिजाज छाये बादल किसानों की बढ़ी चिंता

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड अंचल मे बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है दक्षिण पूर्वी राजस्थान में एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ का असर सादुलपुर के पूर्वोत्तर एवं शेखावाटी अंचल में भी देखने को मिला है किसानों ने बताया कि यह महीना रबी कटाई का सीजन है, और सरसों की कटाई लगभग हो चुकी है लेकिन कटाई करके खुले में रखी गई फसल मौसम के अचानक बदले प्रभाव के कारण चिंता सता रही है उन्होंने बताया कि अगर एक-दो दिन में मौसम साफ रहा, तो जल्द ही थ्रेसर मशीन से फसल कढ़ाई का कार्य किया जा सकेगा मौसम विभाग ने 5 अप्रैल से राज्य के पश्चिमी भागों में हीट वेव चलने की संभावना जताई है।

# एनडीपीएस मामले में दो व्यक्तियों को 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई

### अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश संतोष कुमार मीणा ने सुनाई सजा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने अभियुक्तगण हरियाणा के बलजीत सिंह व अजमेर सिंह को 10 साल पहले दर्ज एनडीपीएस मामले में 14-14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सरकार की ओर पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज स्वामी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को साहवा सडक़ के पास से गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 2 क्विंटल मादक पदार्थ ( डोडा पोस्त चुरा) बरामद हुआ विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए, अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/15 स्थापक औषधि एवं मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 व धारा 468 , 471 भा.दं.सं. के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किये। स्वामी ने आगे बताया कि न्यायालय के समक्ष तर्क दिये कि अभियोजन पक्ष ने मामले को संदेह से परे साबित किया है। उन्होंने दोषियो को एक अनुकरणीय सजा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नशा देश के युवाओं को नष्ट कर रहा है जिस पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा द्वारा आरोपियों को प्रत्येक को धारा 8/15 स्वापक औषधि एवं मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम में 14 साल के कठोर कारावास व 1,50,000/रूपये अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में अतिरिक्त दो वर्ष के साधारण कारावास धारा 468 भा.दं.सं. के लिए 5 साल का कठोर कारावास व 20,000/-रुपये अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में तीन माह के साधारण कारावास व धारा 471 भा.दं.सं. में 1 साल के कठोर कारावास 20,000/-रूपये अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुना कर जेल भेजा।



## राजगढ़ पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त पाउडर के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

**सादुलपुर।** राजगढ़ पुलिस ने गुरुवार को अवैध डोडा पोस्ट पाऊडर के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस से महानिदेशक बीकानेर एवं चूरू जिला एसपी जय यादव के निर्देशानुसार हरियाणा सीमा पर स्थित राजगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान जारी है।

उक्त अभियान के अंतर्गत थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने मय पुलिस दल के प्रतापगढ़ (राजस्थान) निवासी और वर्तमान में जींद (हरियाणा) रहने वाले अजय कुमार पुत्र ओमप्रकाश पटेल के कब्जे से 820 ग्राम डोडा पोस्त पाऊडर बरामद किया है। इसी प्रकार पंजाब के चिनार (मानसा मंडी) निवासी रूप सिंह पुत्र सरजीत सिंह बाल्मीकि के कब्जे से 917 ग्राम अवैध डोड़ा पोस्त पाऊडर पकड़ा है।

## नशे के बढ़ते प्रचलन पर हिन्द यूथ क्लब ने जताई चिंता



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** क्षेत्र में तेजी से फैल रहे नशे को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है इसी बात को लेकर बुधवार को हिन्द यूथ क्लब के दफ्तर में जागरूक लोगो की बैठक आयोजित हुई । बैठक में नशे के दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए चिंता व्यक्त की गई ।बैठक में वक्ताओं ने बताया कि नशा पूरे क्षेत्र में आग की तरह फेल रहा हैं जिससे युवा दिन प्रति दिन नशा की चपेट में आ रहे है वक्ताओं ने बताया कि नशे से नोहर में दर्जनों मौत हो चुकी है जो चिंताजनक है ।बैठक में नशे के प्रचलन को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया गया । बैठक में तय किया गया कि नशे के दुष्प्रभावों और परिणामों को बताने के लिए कार्यकम कराया जाएगा । बैठक में नशा को रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही गई । वक्ताओं ने बताया कि 14 अप्रैल को एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमे औरंगाबाद से इस्लामिक स्कॉलर एडवोकेट जे. फ़ैज़ सैयद शिरकत करेंगे इसके अलावा कई अन्य स्कॉलर को भी बुलाया जाएगा । वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नौजवान युवाओं को नशे से कैसे बचाया जाये और युवाओं को शिक्षा की तरफ कैसे आकर्षित किया जाए रहेगा । कार्यक्रम ज्ञान मंदिर स्कूल के पास आयोजित करने पर सहमति जताई गई । बैठक में क्लब के अध्यक्ष असगर मुलतानी, सचिव आज़म भाटी, कोषाध्यक्ष सलीम गौरी, उपाध्यक्ष यूनुस टाक, खान ,महासचिव बशीर खान मीडिया प्रभारी नदीम भाटी, फरीद मिया, जाबिर चावाली, अरसद खान, आरिफ खान, जावेद खिंची, सैफउला खान, अजरू खान, अयूब खान, नदीम खान, अलताफ जिया, आबिद सैयद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने को राजस्थान पुरुष हॉकी टीम झांसी पहुंची

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच नंदकुमार शर्मा ने कहा है कि राज्य के सभी हॉकी प्रेमियों को खेल प्रशासकों को राज्य के खेल विभाग को एवं तथाकथित हॉकी खेल के विशेषज्ञों को यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि राज्य पुरुष हॉकी टीम राष्ट्रीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता जो कि झांसी में 4 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने जा रही है राज्य के हाईकोर्ट के दिए हुए निर्देशों की संपूर्ण पालना करते हुए राज्य पुरुष हॉकी टीम राष्ट्रीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए झांसी पहुंच गई है राज्य पुरुष हॉकी टीम को ऋषभ होटल झांसी में 2 से 10 अप्रैल 2025 तक ठहरने की व्यवस्था की गई है हॉकी इंडिया एवं हॉकी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में यह राष्ट्रीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता 2025 आयोजित की जा रही है। राज्य पुरुष हॉकी टीम अपना पहला मैच 4 अप्रैल 2025 को हॉकी त्रिपुरा से प्रातः कालीन सत्र में मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया द्वारा मैनेजर्स मीटिंग एवं इक्विपमेंट एवं राज्य पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों के सभी दस्तावेजों का सत्यापन किया जा चुका है। यह सभी पूर्ण प्रक्रिया होने के बाद हॉकी टीम ने आज प्रातः टर्फ मैदान पर अभ्यास किया एवं कल के मैच के लिए टीम पूरे जोश के साथ टीम अपना पहला लिक मैच झांसी के अंतरराष्ट्रीय मेजर ध्यानचंद हॉकी एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेलने के लिए तैयार है। टीम के प्रशिक्षक परमिंदर सिंह कालड़ा जो की ए श्रेणी से राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला से प्रशिक्षण में इन्होंने डिप्लोमा प्राप्त किया है एवं खुद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। एवं टीम के प्रबंधन मैनेजर के रूप में जितेंद्र कुमार शर्मा( जॉनी) जो की सहायक प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा , टाटिया विश्वविद्यालय ,श्रीगंगानगर में कार्यरत हैं यह भी राज्य टीम का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एवं ऑफिशियल की संपूर्ण जानकारी हॉकी इंडिया के पोर्टल पर उपलब्ध है। और अजमेर के हॉकी खिलाड़ियों के लिए सबसे ज्यादा खुशी का विषय है अजमेर से दो पुरुष हॉकी खिलाड़ियों का चयन राज्य पुरुष हॉकी टीम में किया गया है विक्रम सिंह राठौड़, एवं, दुर्गेश मिश्रा ,जो कि दोनों बहुत ही टैलेंटेड एवं उत्कृष्ट खिलाड़ी है। दोनों हॉकी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत मुबारकबाद एवं हार्दिक शुभकामनाएं सभी अजमेर के हॉकी खिलाड़ियों की तरफ से, यह महत्वपूर्ण सूचना आप सब तक पहुंचानी अति आवश्यक एवं बहुत जरूरी थी। क्योंकि राज्य के हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी के खेल प्रशासकों को सर्वमान्य हॉकी प्रशिक्षकों को क्रीडा परिषद के अधिकारियों को एवं गोदी मीडिया बीका हुआ मीडिया जो तरह-तरह की खबरें छपता है और उन खबरों का कोई आधार नहीं कोई प्रमाण नहीं इसलिए उनको भी पता होना चाहिए ,की अंधेरा कहां है उजाला कहां है । दोनों राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वही टीम ने भाग लिया है जो हॉकी इंडिया की मान्यता प्राप्त इकाई राज्य में है।



# डॉ.जेएल झाझडिया के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में 75 लोगों ने किया रक्तदान

**सादुलपुर।** सीएमएचओ रहे डॉक्टर जय लाल झाझडिया के 75वें जन्म दिन पर गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया। सिद्ध पीठ थान मठूई धाम के महंत निर्मल नाथ महाराज के सानिध्य में संपन्न हुए शिविर में कुल 75 लोगों ने रक्तदान किया। संत निर्मल नाथ महाराज के मंगल आशीर्वाद से शुरू हुए शिविर में सबसे पहले रक्तदान युवक हर्मेन्द्र लाखलाण ने किया। अतिथि गण राजगढ़ शहर के सुप्रसिद्ध सोनी अस्पताल के सेवाभाव डॉ. रामावतार सोनी, शिक्षाविद प्रताप सिंह कस्वां, एसबीआई के सेवानिवृत अधिकारी मोहम्मद नसीम कुरैशी, डॉ. हिमांशु बेड़वाल ने इस मौके पर कहा कि रक्तदान वह सेवा कार्य है जिसका कोई सानी नहीं हो सकता। रक्त ना तो किसी फैक्ट्री में बन सकता है ना ही अन्य किसी स्रोत से आ सकता है और यह किसी भी मानव की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाता है। डॉक्टर जय लाल ने सेवा टीम को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे ही आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक बनते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, डॉ देशराज सोलंकी,वरिष्ठ सम्पादक मदन मोहन आचार्य नंदकुमार दाहिमा, सोनी ब्लड बैंक संचालक रोशन सैनी युवा अधिवक्ता अजीत पचार एडवोकेट प्रेम बीका वकील सुभाष सहारण आदि ने भी विचार व्यक्त किए। आयोजन प्रभारी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद झाझडिया एवं आदर्श शिक्षिका चंद्रकला झाझडिया ने सभी सहयोगी जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## सीताबाड़ी धाम से कोटरागढ धाम तक पद यात्रा शुरू

**बारां।** सीताबाड़ी धाम केलवाडा से कोटरागढ धाम तक पदयात्रा का शुभांरभ पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने किया । जिसमें सैकड़ों की तादात में महिला पुरुष शामिल हुए। प्रधान प्रतिनिधि सुआलाल मेहता ने बताया कि पद यात्रा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। जिसमें आस पास के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। 2 दिवसीय यात्रा का शुभांरभ लक्ष्मण जी महाराज से किया गया। जिसमें भाग लेने सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे।

**मुस्लिम समाज ने किया स्वागतः** पद यात्रा का केलवाड़ा एवं समरानिया में मुस्लिम समाज द्वारा पुष्पवर्ष कर एवं शरबत पिला कर स्वागत किया गया।

**जगह जगह हुआ भव्य स्वागतः** वही पद यात्रा का केलवाड़ा, समरानिया, मामोनी, मुंडियार का कस्बे में जगह जगह स्वागतद्वार लगाके एवं पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. 2025-मार्च-04 दिनांक : 01.04.25

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| क्र.सं.: 1 | निविदा सं.: 2025-मार्च-04-01 | अनुमानित लागत (रू) : 8899154.42 |
| कार्य का विवरण : सहा. मंडल इंजीनियर लाइन के अधीन व. खंड इंजीनियर/रेल पथ/अछनेरा के खंड में विविध रेल पथ कार्य। | | |
| क्र.सं.: 2 | निविदा सं.: 2025-मार्च-04-02 | अनुमानित लागत (रू) : 87392588.46 |
| कार्य का विवरण : फतेहाबाद-इटावा खंड में विभिन्न एल.एच.एस. पर जल रिसाव रोकने के लिये साइड शीट, ग्राउटिंग तथा वर्षा जल संचयन का कार्य। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in. के माध्यम से दिनांक 21.04.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 590/25 (D)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर /कारखाना /झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** वैगन मरम्मत कार्यशाला झांसी में 50 केएलडी क्षमता के 01 एसटीपी और 02 बायोगैस संयंत्रों का निर्माण और स्थापना ।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी0ई0- झांसी डब्लू -75

**अनुमानित लागत** : ₹ 17639314.36 (₹ एक करोड़ छिहत्तर लाख उनतालीस हजार तीन सौ चौदह रुपये छत्तीस पैसे मात्र)

**अमानत राशि** : ₹ 238200/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य ₹** : कुछ नहीं

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय** : 06.05.2025 15:00 बजे

**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 586/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जी. (कर्षण वितरण) झाँसी के निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या** : झाँसी-टी.डी.-टेन्डर पीएसएसए-2025-01

**कार्य का नाम** : उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मण्डल के धौलपुर (Excl.)-आंतरी-बीना (Excl.) खण्ड में मौजूद 1x25 के0वी0 इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 के0वी0 इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम अपग्रेड करने के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के कार्य के सम्बन्ध में विभिन्न निर्माण स्थलों/अनुभागों के लिये परियोजना पर्यवेक्षण सेवायें प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण एजेन्सी (पीएसएसए) की नियुक्ति (312 RKM/936 TKM) झांसी मण्डल (उत्तर मध्य रेलवे) के विद्युत ट्रैक्शन विभाग के अधिकार क्षेत्र में।

**अनुमानित लागत (रू)** : 45414809.42 | **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (रू)** : 377100.00

**निविदा बन्द होने की तिथि** : 15.05.2025 15:00 pm.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 18 माह

**बोली प्रणाली** : टू पैकट प्रणाली

● निविदा दिनांक **15/05/2025** को **15:00 बजे** तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 601/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# बाणमाता की तीन दिवसीय 15वीं वार्षिक यात्रा रवाना

## यात्रा में 24 बसों व निजी वाहनों के जरिए 1500 यात्री हुए शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** बाण माता सेवा समिति शिवगंज-सुमेरपुर के तत्वावधान में राजराजेश्वरी बाणमाता की सुमेरपुर से चितोड़गढ़ दुर्ग की त्रिदिवसीय 15वीं वार्षिक बस यात्रा रात को रवाना हुई। बाण माता सेवा समिति के संगठन मंत्री व बस यात्रा के व्यवस्थापक भबूतमल गहलोत ने बताया कि भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों के अर्थ सहयोग से बाणमाता पूजक विभिन्न जाति-गौत्र परिवारों की तीन दिवसीय वार्षिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा सांवलियां सेठ मन्दिर दर्शन के बाद भण्डफिया पहुंचने पर सवेरे यात्रियों के लिए अल्पाहार, दोपहर को बाणमाता मन्दिर में भोजन प्रसादी शाम को इसी मन्दिर प्रांगण में भोजन प्रसादी की व्यव-स्था उपलब्ध कराई जाएगी। इसी दिन रात को एक शाम बाणमाता के नाम भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। जिसमें गोयली निवासी एकडवोकेट प्रकाश माली तथा सेवाड़ी के रामेश्वरलाल प्रस्तुतिया देंगे। वहीं पर भामाशाहों व लाभार्थी परिवारों का समिति की ओर से सम्मान



किया जायेगा। तीसर दिन शनिवार को चितौड़गढ़ दुर्ग स्थित मन्दिर में सवेरे ध्वजा पताका चढ़ाई जाएगी। दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन होगा। समिति के संगठन मंत्री गहलोत ने बताया कि विशाल बस यात्रा में सुमेरपुर बाण माता मन्दिर प्रांगण एवं विभिन्न स्थलों से करीब 24 बसें प्रस्थान कर एकलिंग नाथजी, सांवलियां सेठ, बाणमाता चितोड़गढ़ दुर्ग, चारभूजा एवं सोनाणा खेतलाजी इत्यादि धार्मिक व तीर्थ स्थलों के दर्शन किए जाऐंगे। बसों में सवार एवं अपने निजी वाहनों के जरिए पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या तकरीबन 1500 होगी। इसके लिए 24 व्यवस्थापकों की नियुक्ति की गई है। सभी व्यवस्थापकों की देखरेख में बसों का संचालन व यात्रियों की देखभाल होगी।

### 33 पदाधिकारी एवं सदस्य है इस समिति में

सेवा समिति की कार्यकारिणी में पदाधिकारियों व सदस्यों की कुल संख्या 33 हैं। समिति में प्रमुख पदों पर सुमेरपुर के एडवोकेट महेन्द्र गहलोत को प्रमुख सलाहकार व मार्गदर्शक, एडवोकेट रतनलाल गहलोत, बालोतरा के वागाराम घांची व सिरोही के करणसिंह सिसोदिया को मुख्य संरक्षक, शिवगंज के हजारीमल लुहार, सुमेरपुर के शान्तिलाल घांची, दिलीपसिंह गहलोत, नन्दवान जोधपुर के केसाराम गहलोत को संरक्षक, सालावास-जोधपुर के हंसराज गहलोत को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से नवाजा गया हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### गौतम ऋषि महादेव ट्रस्ट के अध्यक्ष मीणा का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** चोटिला के गौतम ऋषि महादेव मंदिर प्रांगण में देर रात को गौतम ऋषि महादेव ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रताराम मीणा का गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार, मिथुन मीणा, गणेश मीणा, दिनेश कुमार मीणा, ऋतिक एवं बाबा के मंदिर पुजारी ने स्वागत किया। मीणा का सभी ने भगवान कृष्ण एवं गोमाता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

### किया अवलोकन, दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**तलहटी।** सहायक निदेशक एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सिरोही अजय माथुर तथा अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हनीफ खान ने प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा आबूरोड ब्लॉक के संग्रहण एवं जांच केन्द्र का अवलोकन किया गया। साथ वीक्षकों को जांच कार्य में गोपनीयता बनाए रखने एवं सजगता से जांच करने एवं केजिंग करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 48 वीक्षकों द्वारा जांच कार्य किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रजनी श्रीवास्तव, प्रभारी ज्योतिर्मय शर्मा, शारीरिक शिक्षक ईश्वरसिंह राव, अशोक पुरोहित, संजय झवेरी सहित सतीश शर्मा मौजूद रहें।

# श्रीमाली राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं देवड़ा संगठन मंत्री नियुक्त

## » कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जेकेपुरम।** इंटक यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष जगदीशराज श्रीमाली को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं इन्द्रसिंह देवड़ा को राष्ट्रीय इंटक यूनियन में संगठन मंत्री बनने पर जेके लक्ष्मी सीमेंट में कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। लक्ष्मी सीमेंट इकाई के मेंन गेट पर दोनों पदाधिकारियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर देवड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदीश राजश्री माली ने मुझे जो जिम्मेदारीदी है। उसके लिए सदैव आभारी रहूंगा आगे भी में सभी मजदूर और कार्यकर्ता सहयोग करता रहूंगा। देवड़ा के संगठन मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष और उल्लस इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी भी की। महामंत्री रामराम, कोषाध्यक्ष गोविंद मेघवाल, उपाध्यक्ष हरियाराम, सरवन परिहार, उत्तमसिंह देवड़ा, अमरसिंह, श्यामलाल, रणसाराम, अभयसिंह देवड़ा, संजय रावल, विक्रम, रुपाराम, पुनाराम, भपनराम, विनेश, भीमसिंह, लक्ष्मण, देशराराम, विष्णु, कन्हैयालाल, प्रेमाराम, निबाराम, सिंगाराम, मंगाराम देवासी, राजू भाई आदि मौजूद थे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अल्ट्राटेक से रतनसिंह देवड़ा को भी सदस्य बनाया गया



# 'संस्कृति एवं संस्कार की शिक्षा दे रही विद्या भारती'

## वार्षिकोत्सव सत्यम का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालन्द्री।** महावीर आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक कालंद्री का वार्षिकोत्सव सत्यम 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख कुमार, गुमानसिंह परमार, बसंत भाई पुरोहित, भूराराम पुरोहित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, सूर्य नमस्कार, योग, चाप पिरामिड, साहसिक कार्यक्रम, नाटक में राजमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वीं जन्म शताब्दी एवं छत्रपति शिवाजी की जीवनी पर नाटक प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता भूराराम पुरोहित ने बताया कि इस देश में संस्कृति एवं संस्कार के साथ शिक्षा देने का कार्य विद्या भारती कर रही है। विद्या भारती का लक्ष्य वसुधैव कुटुंबकम की भावना से है। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्या भारती के आचार्य अध्ययन करवा रहे हैं यह यहां राष्ट्र के लिए बहुत आवश्यक है अतः सभी भैया बहनों को विद्या मंदिर में अध्ययन



करवाना चाहिए। प्रधान हसमुख कुमार ने बताया कि देशभक्ति के साथ अनुशासन की सबसे अच्छी संस्था विद्या भारती है। प्रधानाचार्य करणसिंह राठौड़ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। व्यव-स्थापक रतन प्रजापत ने आभार व्यक्त किया। आचार्य दरगाराम प्रजापत, सुरेश पुरोहित, श्रवण कुमार, अजय कुमार, राजाराम, गणेश कुमार, निर्मल कुमार, किशन पुरोहित, फौजदारसिंह,



हीरालाल, प्रदीप चारण, रणछोड़, अमरसिंह, इंद्र कुमार, सतीश कुमार, शिवलाल माली, डिंपल सुथार, विनीता रावल, भावना प्रजापत, रिंकल पुरोहित, संगीता पुरोहित, पुष्पा पुरोहित, खुशबू रावल आदि का सहयोग रहा। जितेश कुमार का भी सहयोग रहा।

### राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह की विजेता बालिकाओं का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पीएम राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह कार्यक्रम के तहत पौधरोपण एवं जल संरक्षण पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सहायक निदेशक अजय माथुर के मार्गदर्शन में किया गया। गतिविधि प्रभारी गोपालसिंह राव तथा कीर्ति सोलंकी के अनुसार विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय विकास के प्रमुख चालक के रूप में उभरे हैं। राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह 2024 -25 के तहत आयोजित गतिविधि में बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बालिकाओं को वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के बारे में जागरूकता के लिए पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी गतिविधियों में भाग लेने पर बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जागरुकता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के विशेष शिक्षा विभाग एवं माधव विशेष विद्यालय ने विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षा विभाग सभापति मिशिगन कुशवाहा के उद्घाटन भाषण से हुआ। उन्होंने ऑटिज्म के विभिन्न पैरामीटर, टुकड़े, उत्पाद और फर्नीचर पर प्रकाश डाला। इसके बाद होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मनोज बेहड़ा ने समग्र शिक्षा में ऑटिस्टिक बच्चों की भागीदारी और उनके समग्र विकास की सामान्यता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा प्रणाली ऑटिस्टिक बच्चों को मॉड्यूल में जोड़ना और उनकी मजबूती को निखारने में सहायक हो सकती है। गायक अधिष्ठाता डॉ. महेंद्रसिंह परमार ने ऑटिज्म की रोकथाम और इससे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऑटिज्म के प्रभाव को शुरुआती तौर पर पहचानने और समय से पहले ही काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यं म के अंतिम चरण में उपस्थित छात्रों और उद्यमियों के साथ एक प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्पेशलिस्ट ने ऑटिज्म से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस सत्र में छात्रों और इंजीनियरों की सक्रिय भागीदारी रही। जिससे ऑटिज्म को लेकर समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर करने में मदद मिली। इस मशीन पर सहायक अध्यापक डॉ. अवनीश मिश्रा, ि एटिव आर्टिस्ट, पैन्ट टोफिक, नवीन कुमार, श्रेया खटक, कुमारी ममता, अजय कश्यप, और विशेष विद्यालय के शिक्षक पवन कुमार, कृष्णवीर, निर्भान गुर्जर, सिंह शशि गुर्जर, विष्णु कुमार एवं संगणक अधिकारी हितेंद्र सिंह देवड़ा उपस्थित रहे।

# बैठक में की वार्षिक अधिवेशन एवं स्नेह मिलन समारोह की समीक्षा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजस्थान पेंशनर्स समाज उपशाखा रेवदर की बैठक कंकुतारा पेंशन भवन में अध्यक्ष हंसाराम पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 2 मार्च को आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन एवं स्नेह मिलन समारोह की समीक्षा की गई। सभी ने कार्यं म सफल रहने पर खुशी जाहिर की। जयंतिलाल जोशी कोषाध्यक्ष ने नवीन सदस्यों का परिचय करवाकर उनका सम्मान किया। पेंशन भवन के उपर कमरे की खिड़की लगवाने एवं भामाशाह की नाम पट्टीका (तख्ती) के लिए व्यय केन का भुगतान पेंशन कार्यालय से करने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा पिण्डवाड़ा में छह अप्रेल को आयोजित होने वाले वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह की भी जानकारी दी गई। उदयपुर के नरेन्द्रसिंह कच्छवाह ने जीबीएच जनरल अस्पताल (अमेरीकन) उदयपुर द्वारा विभिन्न रोगों के उपचार की जानकारी दी गई। वही 18 अप्रैल को जीबीएच जनरल हॉस्पीटल उदयपुर के भ्रमण पर जाने का तय किया गया। इच्छुक व्यक्ति अजाराम बामणिया सोरड़ा के पास अपने नाम दर्ज करवाने को कहा गया। राज-स्थान सरकार द्वारा निशुल्क तीर्थयात्रा में रेवदर से भंवरसिंह सोलकी का चयन हुआ था इनके यात्रा से लौटने पर पेशनर समाज द्वारा स्वागत किया गया। सोलकी द्वारा अल्पाहार एवं चाय की व्यवस्था की गई। बैठक में मंछाराम पुरोहित, चुन्नीलाल पांचाल, गोपालराम हीरागर, भूराराम कोली, मना राम कोली, चुन्नी लाल जीनगर सहित 50 पेंशनर उपस्थित रहे।



### सत्यानंद महाराज के सान्निध्य में बैठक कल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सिदंरथ स्थित खेतलाजी मंदिर में 25 मई को आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव को लेकर शनिवार को ग्रामीणों एवं रविधाम के गादिपति सत्यानंद महाराज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें मेले के सफल आयोजन की चर्चा कर मंदिर विकास एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा वार्षिकोत्सव को लेकर जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी। अध्यक्ष प्रभुसिंह देवड़ा ने बताया कि इस वर्ष का वार्षिक मेला सत्यानंद महाराज के सानिध्य में होगा।

# डोडा पोस्त के मामले में वांछित गिरफ्तार

## » थानास्तरीय सूची के टॉपटेन में है शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** पुलिस ने डोडा पोस्त मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे थानास्तरीय टॉपटेन में शामिल तथा पांच हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत ने बताया कि सोबडावास छाजाला रंगाला बागोडा जिला जालोर निवासी अनाराम उर्फ अनिल पुत्र चिमनाराम जाट लम्बे समय से फरार था। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर आठ फश्रवरी को पांच हजार का ईनाम घोषित किया गया। कार्रवाई में उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह, भावेश कुमार तथा गजेन्द्रसिंह का सहयोग रहा।



# कृषि फार्म पर झोपड़ी में आग से समान जलकर खाक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** कांटल के पंवार कृषि फार्म पर बनी एक झोपडी में अचानक आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार कांटल गांव से गाड़िया मार्ग पर पंवार कृषि फार्म बनी लसमाराम गरासिया की झोपडी में गुरुवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इस दौरान लसमाराम के परिजन खेत में गेहूं काट रहे थे। आग लगने की जानकारी मिलने पर सभी झोपड़ी के पास पहुंचे तथा आग पर पानी डालना शुरु किया। हालांकि, तब तक पूरी झोपडी को आग ने अपने चपेट में ले लिया था। सूचना पर पंवार कृषि फार्म के मालिक जब्बरसिंह पंवार व अन्य परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। सूचना पर पुलिस, अग्निशमन वाहन भी मौके पर पहुंचे। कृषि फार्म के सदस्य हड़मतसिंह पंवार ने घटना की पूरी जानकारी तुरंत ग्राम पंचायत अजारी, पिंडवाड़ा थाना पुलिस, राजस्व विभाग के अधिकारियों और अग्निशमन



वाहन को दी। सूचना पर आरआई भैराराम, अग्निशमन वाहन और पिंडवाड़ा थाने से एएसआई सोमाराम, पूर्व वार्ड पंच जैसाराम भील, दिनेशसिंह भाटी, रणछोड़ देवासी मौके पर पहुंचे। लसमाराम गरासिया ने बताया कि झोपड़ी में लगी आग से करीब 20 से 25 बोरी काटे हुए गेहूं, करीब दस हजार नकदी, बिस्तर और खाद्य सामग्री जलकर राख हो गई।

### रामनवमी शोभायात्रा को लेकर सर्व समाज एवं संगठनों की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा शहर के सभी समाजों, संगठनों, व्यापार महासंघो को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन शुक्रवार की शाम को शहर के आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में आयोजित की गई है। बैठक में अभी तक रामनवमी शोभायात्रा को लेकर चल रही तैयारी की समीक्षा की जाएगी। बैठक में आरएसएस जालोर के विभाग के सह विभाग प्रचारक अनिल का मार्गदर्शन मिलेगा। राम नवमी महोत्सव समिति के प्रचार प्रमुख संजय कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार 6 अप्रैल को आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा की तैयारी को लेकर सभी कार्यकर्ता पिछले 15 दिन से लगे हुए हैं। शुक्रवार की शाम को 7 बजे आदर्श विद्या मंदिर राम झरोखे में बैठक रखी गई है। वर्मा ने सभी समाजों के प्रतिनिधियों, व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों एवं अन्य सामाजिक धार्मिक संगठनों के लोगों से अपील की है कि वें इस बैठक में अवश्य सम्मिलित हो।

# लापता बच्चों को ढूंढेगी राजस्थान पुलिस, प्रदेश में खुशी-9 अभियान का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान पुलिस ने लापता हुए बच्चों को ढूंढने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। ताकि बच्चे भी परिवार में वापिस आकर और परिवार भी अपने बच्चों को वापिस पाकर खुशी के पल जी सके। इसलिए राजस्थान पुलिस ने खुशी-9 अभियान शुरू किया है। जिसके तहत झुंझुनूं



में भी इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। झुंझुनूं जिले के विभिन्न थानों में करीब 26 ऐसे बच्चों को चिह्नित किया गया है। जो काफी समय से लापता है। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि डीआईजी शरद चौधरी के नेतृत्व व निर्देशन में एक अप्रेल से अभियान खुशी-9 शुरू कर दिया है। पहले तीन दिनों में हम लापता हुए चार बच्चों को दस्तयाब कर चुके है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाकर इन परिवारों को खुशी देने का काम किया जाएगा। इसके लिए हर थाना स्तर पर एसएचओ के नेतृत्व में टीम बनाई है। साथ ही साइबर सैल की सहायता भी इन सभी थानों में मुहैया होगी। ताकि अधिक से अधिक बच्चे दस्तयाब किया जा सके। उन्होंने बताया कि हर दिन इस अभियान की मॉनेटरिंग की जा रही है। आपको बता दें कि राजस्थान पुलिस के एडीजी ह्यूमन राइट्स के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान शुरू किया गया है। वहीं बाल अधिकारों और अभियान की जानकारी के लिए कालिका और निर्भया स्कवायड के अलावा थानाधिकारी स्कूल-कॉलेजों में जाकर जागरूकता के कार्यक्रम भी कर रहे है।

## गोद भराई कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को दिए उपहार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महिला अधिकारिता विभाग की ओर से कार्यालय परिसर में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को फल, मिठाई एवं उपहार वितरित कर गोद भराई की गई। कार्यक्रम में विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि पुराने



रीति रिवाजों को आगे बढ़ाते हुए विभाग द्वारा यह परम्परा निभाई जा रही है। इसमें गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, पोषण व खान-पान से संबंधित जानकारी दी जाती है एवं उनको उपहार वितरित किए जाते है। जिससे की गर्भवती महिलाओं को इस अवधि के दौरान विषेष महसूस करवाया जा सके तथा साथ ही पुराने रीति रिवाजों के तहत गोद भराई परम्परा को आगे बढाया जा सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लाम्बा, समेकित बाल विकास सेवाएं उप निदेशक बिजेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी मंजू मील, राउमावि अम्बेडकर नगर उदावास की अध्यापिका नीतू न्यौला, विभाग की ब्लॉक सुपरवाइजर पूजा कस्वां, शर्मिला, पूजा सामोता, सुनिता कुमारी, विद्या कुमारी, रतना, सरिता दनेवा, मोनिका, जेंडर स्पेशलिस्ट ममता स्वामी, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के कार्मिक तथा समस्त विभागीय स्टॉफ द्वारा भाग लिया गया।

## बाबा साहेब की जयंती की पूर्व संध्या पर भीम वाहन रैली निकालेंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर समता संस्थान पिलानी की बैठक गुरुवार शाम अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. हरिसिंह सांखला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 14 अप्रेल को बाबा साहेब की जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक



में निर्णय लिया गया? कि 14 अप्रेल को सुबह 9 बजे बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा तथा तत्पश्चात बिरला स्कूल पिलानी मध्यम विभाग (बिरला हॉस्टल) परिसर में आयोजित किया जाएगा। बाबा साहेब की जयंती की जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रेल को सायंकाल 4 बजे भीम वाहन रैली निकालने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें सैंकड़ों वाहन शामिल रहेंगे। बैठक में संस्था अध्यक्ष डॉ. सांखला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था के पदाधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। इस मौके पर चिड़ावा पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान रणधीर सिंह बुडानिया, नरेंद्र मण्डाड़, महामंत्री ओमप्रकाश सुनिया, एडवोकेट हजारीलाल सुनिया, होशियार सिंह, ईश्वरलाल, बाबूलाल पंवार, पूर्व सरपंच झेरली रोहिताश धाणक, लीलाधर आलड़िया आदि ने अपने-अपने सुझाव दिए। लीलाधर आलड़िया ने बाबा साहेब की जयंती की पूर्व संध्या पर घर-घर दीपक जलाएं जाने का सुझाव दिया तथा अपनी ओर से एक हजार दीपक घर घर वितरण करने की घोषणा? की। बैठक में संस्थान के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भग लिया।

# महाराणा सांगा के अपमान पर और दलितों, वास्तविक पिछड़ों को न्याय दिलाने के लिए होगा आंदोलन

### कलेक्ट्रेट पर महाघेराव सात को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** श्रीशार्दूल सिंह शेखावत छात्रावास में सहभागी राजपूत परिवार की प्रेस वार्ता संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें भारत की राज्य सभा में शौर्य के सर्वोच्च प्रतीक महाराणा सांगा के अपमान पर सभी मूक सांसदों और सभापति होने के नाते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को सबसे अधिक दोषी ठहराया गया। सामान्यत: किसी छोटी-मोटी घटना पर भी सांसद सदन की कार्यवाही रोक देते हैं। धरने पर बैठ जाते हैं। निंदा प्रस्ताव पारित करते हैं। सांसदों को निलम्बित भी कर दिया जाता है। परंतु राजस्थान अपितु भारत के पराक्रम की पराकाष्ठा पूरे विश्व में लहराने वाले महाराणा सांगा के अपमान पर सब पार्टियों को जैसे सांप ही सूंघ गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि अब संसद के दोनों सदनों में कोई भी पार्टी या सांसद राजस्थान की गौरव गाथा का सहभागी नहीं बचा है। इसलिए भविष्य में अपने स्वयं के सहभागी सांसदों को निर्वाचित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रकरण में भारत देश की राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्यूंकि राष्ट्रपति महिला है और स्वयं आदिवासी परिवार से आती हैं। इसलिए उनको ऐसी किसी भी शर्मसार करने वाली घटना के खिलाफ सख्त से सख्त कानून



बनाए जाने की गुहार करी जाएगी। महापुरूषों की जीवनी प्रथम कक्षा से लेकर उच्चतम शिक्षा तक बार-बार पढ़ाने का कानून बनाया जाए। ऐसी किसी भी घटना का हर तरीके का प्रसारण तुरंत प्रभाव से रोका जाए। सांसदों के चुनाव लड़ने पर रोक से लेकर जेल, देशद्रोह, देश निकाला जैसे कड़े प्रावधान किए जाए। महापुरूषों की महानता की गाथाएं ऐसे निर्लज्ज नेताओं के गले में लटकाई जाए। इस मौके पर उन्होंने जिले के गांव टोडी में दलित परिवार के रोशनलाल मेघवाल, वास्तविक पिछड़ा वर्ग की बहन राजेश देवी सैनी की पैतृक जमीन पर अतिक्रमणवादी सोच के भूमाफिया ने स्थानीय नेताओं और प्रशासन को साथ लेकर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। उनके मकान, दुकान, सामान, फसलों को जेसीबी मशीन एवं अन्य गाटर लगी कैम्परों और लोहे के हथियारों से नेस्तनाबूद कर दिया गया। इसके खिलाफ उक्त दोनों परिवारों ने 19 मार्च से कलेक्ट्रेट के बाहर आमरण अनशन किया। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा उनके साथ जानवरों जैसे व्यवहार किया गया। 24 मार्च को सहभागी राजपूत परिवार और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से बहुत बड़ा धरना दिया गया। दलित, वास्तविक पिछड़ा वर्ग, राजपूत, कायमखानी राजपूत, अन्य मुस्लिम और समस्त सहभागी समाज का प्रतिनिधिमंडल बनाकर झुंझुनूं के क्लेक्टर व एसपी से भेंट की गई। प्रशासन द्वारा सभी मांगें मानने और हर तरीके से न्याय दिलवाने के आश्वासन पर सहमति बनी। पर इसके ठीक दो दिन बाद ही प्रशासन ने गैर जिम्मेदाराना रूख अपनाते हुए सारी बातों से मुकरकर सहमति के ठीक विपरित कार्रवाई की। पीड़ित रोशनलाल मेघवाल को ही किसी झूठे मामले में फंसाकर धारा 307 के अंदर जेल में बंद कर दिया। उसकी सारी संपत्ति जब्तकर सरकारी रिसीवर नियुक्त कर दिया गया। उससे थाने में जबरदस्ती कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। ऐसी ही कुछ कार्यवाही पीड़ित राजेश देवी सैनी के साथ भी होने का अंदेशा है।

**महाघेराव करेंगे, तैयारियां पूरी:** इंजीनियर महावीर सिंह ने बताया कि दोनों ही मामलों में सहभागी राजपूत परिवार की अगुवाई में सर्वसमाज द्वारा सात अप्रेल सोमवार को सुबह 10 बजे से झुंझुनूं कलेक्ट्रेट का महाघेराव किया जाएगा। इंजीनियर सिंह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन पर अब कोई विश्वास नहीं बचा है। इसलिए किसी भी स्तर की वार्ता के लिए कम से कम संभागीय आयुक्त और रेंज के आईजी से नीचे बैठक नहीं करी जाएगी। उन्होंने कहा कि सहभागी परिवार शेखावाटी और नागौर में जहां कहीं भी अतिक्रमणवादी विचारों के नेता प्रशासन के साथ मिलकर दलित, पिछड़ों पर अन्याय करेंगे। वहां हर जगह पर सहभागी परिवार उनका साथ देगा। अगर इस धरने के उपरांत भी पीड़ितों को न्याय नहीं दिया गया तो सहभागी राजपूत परिवार निकट भविष्य में ट्रेन रोको अभियान चलाने पर विचार करेगा।

## जल संरक्षण जागरूकता जलग्रहण यात्रा आज पहुंचेगी ग्राम पंचायत शेशू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडावा।** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत शेशू में शुक्रवार को जल संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जन जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से जलग्रहण यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

जलग्रहण यात्राओं का आयोजन जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस अभियान को लेकर सुसज्जित विशेष रथ आज पंचायत समिति मंडावा के ग्राम शेशू में जलग्रहण यात्रा आएगी। अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सैल महेंद्र सिंह सूरा ने बताया कि यह यात्रा लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें इस मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## तहसीलदार-पटवारी माने तो मंत्रालयिक कर्मचारी हो गए नाराज, सूने पड़े है राजस्व से जुड़े दफ्तर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले की बिसाऊ तहसील में खाली तहसीलदार के पद पर कलेक्ट्रेट के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को चार्ज देने का विवाद नहीं थम रहा है। पहले इस चार्ज देने के विरोध में जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर और पटवारियों ने विरोध किया और गुरूवार से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। राजस्व सेवा परिषद के दबाव के बाद जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को दिए गए चार्ज का आदेश वापिस ले लिया तो सुबह राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन पर उतर गए। गुरूवार को झुंझुनूं जिले के 250 के करीब राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल पर है। कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे है। कर्मचारियों के हड़ताल



पर जाने से कलेक्ट्रेट, एसडीएम, तहसील व नायब तहसीलदार कार्यालय के काम ठप हो गए है। कर्मचारी नेता विपिन नूनियां तथा राजेश बजाड़ ने बताया कि राजस्व मंडल के आदेशों की पालना में कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को तहसीलदार बिसाऊ का चार्ज दिया था। लेकिन राजस्व सेवा परिषद ने बेवजह ही आदेश का विरोध किया और दबाव में लेकर कलेक्टर से आदेश वापिस करवा दिया। लेकिन कलेक्टर को भी भावना और दबाव में आकर ऐसा नहीं करना चाहिए था। कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक बिसाऊ तहसीलदार का चार्ज वापिस अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को नहीं दिया जाता। वे कार्यालयों में नहीं लौटेंगे।

# सीथल बस स्टैंड पर फिल्मी स्टाइल में हुआ हादसा, करीब दो-तीन किमी तक बाइक फंसी रही कार में

### हादसे में नेवी के जवान समेत चार जने हुए घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़ागांव।** गुढ़ागौड़जी थाना इलाके के बड़ागांव और सीथल के बीच गुरूवार दोपहर को एक हादसा हो गया। जिसमें नेवी के जवान समेत तीन जने घायल हो गए। वहीं हादसे के बाद फिल्मी स्टाइल में बाइक कार में फंसी रही। जिसे दो—तीन किलोमीटर बाद कार सवार ने गाड़ी से अलग किया।

जानकारी के मुताबिक शाहपुरा निवासी खलील काजी नरहड़ आया हुआ था। वह नरहड़ में जियारत के बाद वापिस लौट रहा था। रास्ते में उसकी गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। जिसके कारण बड़ागांव से सब्जी खरीदकर बाइक पर वापिस गांव लौट रहे सीथल निवासी दिनेश,



उसका चचेरा भाई संदीप तथा दोस्त अंकित को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इस हिसाब से लगी कि बाइक गाड़ी के बीचोंबीच फंस गई। हादसे के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर गए। जबकि खलील काजी ने बजावा स्टैंड के पास अपनी गाड़ी नहीं रोकी। गाड़ी के बीच में बाइक भी फंसी रही। दो—तीन किलोमीटर बाद खलील काजी ने गाड़ी रोकी और बाइक को गाड़ी से अलग किया। लेकिन ग्रामीण लगातार कार के पीछे थे।

खींवासर बस स्टैंड से कुछ पहले ग्रामीणों ने सूचना पर एंबुलेंस आगे लगाकर गाड़ी रोकी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो खलील काजी ने इस एंबुलेंस को भी टक्कर मारने की कोशिश की। लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। इसके बाद गाड़ी को रोका गया। सूचना है कि यहां पर भीड़ ने खलील काजी के साथ मारपीट की। जिससे उसकी भी तबियत बिगड़ गई। जिसे झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल लाया गया। वहीं बाइक सवार तीनों घायलों को भी पहले बड़ागांव अस्पताल ले जाया गया। जहां से झुंझुनूं रैफर किया गया।

सभी चार घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी मिली है कि घायलों में दिनेश नेवी में कार्यरत है। जो कुछ दिन पहले ही छुट्टी पर आया था। खलील काजी के साथ गाड़ी में कुछ महिलाएं और बच्चे भी थे। जो हादसे के बाद घबरा गए और बच्चे रोने भी लगे। ड्राइवर खलील काजी ने ब्रेक फेल होने की बात कही है।

# सीएम और डिप्टी सीएम का बेटा बनकर सीआई को सस्पैंड करने की धमकी

## चिड़ावा की पुरानी बस्ती से धमकी देने वाला युवक विशाल सारस्वत गिरफ्तार, तीन मोबाइल भी किए जब्त

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चिड़ावा।** स्थानीय पुलिस ने एक शराबी युवक को गिरफ्तार किया है। इस युवक ने सीएम भजनलाल शर्मा का भतीजा और बेटा तथा डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का बेटा बनकर सीआई को सस्पैंड करने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसके पास से अलग—अलग तीन मोबाइल भी जब्त किए है। सीआई आशाराम गुर्जर ने बताया कि बुधवार रात को करीब पौने आठ बजे पुलिस कंट्रोल रूम से उनके पास कॉल आया कि डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का बेटा आशुसिंह आपको कॉल कर रहा है और आप कॉल रिसिव नहीं कर रहे। जिस पर सीआई ने किसी भी तरह का कोई कॉल आने की बात से इंकार कर दिया। इसके कुछ देर बाद इस युवक ने सीआई को फोन किया। सीआई ने फोन किया तो उसने कुछ बोला नहीं और फोन कट कर दिया। वापिस सीआई ने किया तो फोन रिसिव नहीं किया। काफी देर सीआई और आरोपी युवक के बीच यही होता रहा। इसके बाद कंट्रोल रूम से दुबारा सीआई के पास फोन आया और कहा कि आप डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के बेटे का फोन नहीं उठा रहे। वो नाराज हो रहे है। सीआई ने कंट्रोल रूम में सारी स्थिति बताई। इसके कुछ देर बाद आरोपी युवक को वापिस फोन आया और उसने सीआई आशाराम गुर्जर को कहा कि आपने शराब पी रखी है। अभी आपका मेडिकल करवाता हूं और फिर सस्पैंड करवाउंगा। इसी दौरान वह खुद को कभी सीएम भजनलाल शर्मा का भतीजा, कभी सीएम भजनलाल शर्मा का बेटा भी बताता रहा। सीआई आशाराम गुर्जर ने जब कॉल की डिटेल खंगाली तो सामने आया कि यह फोन चिड़ावा के पुरानी बस्ती इलाके से आ रहा है। पुलिस टीम रात को करीब 10 बजे पुरानी बस्ती पहुंची। जहां पर विशाल सारस्वत नाम का युवक अपने घर मिला। जो शराब के नशे में था। पुलिस को देखकर विशाल सारस्वत तैश में आ गया। उसने पुलिस को ही घर आने का कारण पूछा और कहा कि डिप्टी सीएम का बेटा आशु सिंह उसका दोस्त है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल जब्त किए। जिसमें एक मोबाइल में बार बार सीआई आशाराम गुर्जर तथा पुलिस कंट्रोल रूम झुंझुनूं के अलावा एसपी झुंझुनूं को कॉल किए हुए थे। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल करवाकर उसे शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। वहीं मामले की जांच एएसआई ओमप्रकाश को सौंपी गई। जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज होने की संभावना है।



**कंट्रोल रूम से लिए एसपी के नंबर:** आरोपी युवक विशाल सारस्वत ने सबसे पहले कंट्रोल रूम झुंझुनूं में ही कॉल किया। वह डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का बेटा आशु सिंह बोल रहा है और चिड़ावा सीआई को उसने कई फोन किए है। लेकिन वे फोन नहीं उठा रहे। इस युवक ने कंट्रोल रूम में अपने नंबर दिए और कहा कि चिड़ावा सीआई को मेरे नंबर दो और कहो कि अभी बात करें। जिसके बाद कंट्रोल रूम में तुरंत सीआई चिड़ावा को सूचना दी और युवक के द्वारा दिए गए नंबर भी दिए। कुछ देर बाद इसी युवक ने आशु सिंह बनकर दुबारा कंट्रोल रूम में फोन किया और गुस्से भरे लहजे में कहा कि सीआई शराब पिया हुआ है। तब फोन नहीं उठा रहा।



## अतिथियों ने पुरस्कार देकर बालिकाओं को किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में अतिथियों ने बालिकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय बालिका बागला उमावि की प्रधानाचार्य ज्योति मंगलहारा ने की। प्रधानाचार्य ज्योमंगलहारा ने कहा कि इस विद्यालय में जरूरतमंद बालिकाओं को आगे लाने के लिए बहुत बड़ा कदम उठाया गया है। जिससे बालिकाएं शिक्षा के माध्यम से हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकती है। एक बालिका शिक्षित होकर दो घरों का नाम रोशन करती है। इसलिए अभिभावकों को अपनी बेटियों को शाला में अध्ययन के लिए भेजना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्राधानाचार्य पुरुषोतम सोनी ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया। कस्तूरबा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विमला देवी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों ने बालिकाओं को पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुनीता सहारण, कृष्णा पचार, शबनम बानो, तनुजा जड़िया, अनिता चौधरी, विनोद, सुकेश राहड़ आदि ने आयोजिकीय भूमिका निभाई। संचालन कृष्णा पचार ने किया।

## बागड़ोदिया स्कूल की छात्राओं को स्कूटी प्राप्त करने पर सम्मान समारोह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुकुंदगढ़।** बागड़ोदिया विद्यालय में ग्रेजुएशन डे मनाया गया। साथ ही इस विद्यालय की छात्राओं निकिता सुरोलिया पुत्री मनोज सुरोलिया एवं नैन्सी सुरोलिया पुत्री मोतीलाल सुरोलिया को सरकार की स्कूटी योजना के तहत



स्कूटी प्राप्त होने पर दोनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय सचिव राजेन्द्रप्रसाद गुप्ता एवं प्रधानाचार्य संगीता अग्रवाल ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा दोनों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। ग्रेजुएशन डे पर प्री प्राइमरी के छात्र-छात्राओं का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। छात्र-छात्राओं के अभिभावक गण भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।

## तुलस्यान बंसल सेवा सदन में द्वितीय फ्लोर पर आठ कमरों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनू द्वारा संचालित राणी सती रोड स्थित तुलस्यान बंसल सेवा सदन में द्वितीय फ्लोर पर आठ कमरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ गुरुवार को विधि विधान के साथ पूजा



अर्चना कर किया गया। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राजकुमार तुलस्यान, कोषाध्यक्ष उत्तम अशोक तुलस्यान, ट्रस्टी अशोक भरत तुलस्यान, आशीष श्रीमोहन तुलस्यान एवं डॉ. डीएन तुलस्यान ने पूजा अर्चना करवाई। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी कृष्ण मुरारी तुलस्यान ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य का कॉन्ट्रैक्ट नितेश मोरवाल सुपुत्र राधेश्याम मोरवाल ठेकेदार को दिया गया है। विदित है कि तुलस्यान बंसल सेवा सदन शहर के मध्य में रानी सती जी मंदिर के समीप स्थित है। जहां ओपन ग्राउंड स्टेज के साथ एसी बैंक्विट हॉल, सात एसी कमरे, किचन के साथ, लिफ्ट की सुविधा, पार्किंग की सुविधा एवं एक बड़ा रसोई घर बना हुआ है। यह भवन शादी विवाह, मैरिज एनिवर्सरी एवं बर्थडे पार्टी, धार्मिक आयोजन कथा भागवत, शिक्षा सेमिनार आदि सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान है। उपरोक्त भवन का लोकार्पण दिसंबर 2023 में किया गया था। जब से लेकर आज तक उचित शुल्क पर सभी वर्ग के लोगों के उपयोग में आ रहा है।

## वक्फ संशोधन बिल पेश होने पर बांटी मिठाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल पेश करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के रोड नंबर एक पर



मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मुबारकबाद दी। मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल से वक्फ भूमि के दुरूपयोग और अवैध कब्जे को रोकने में मदद मिलेगी। जिससे वक्फ बोर्डों के राजस्व में वृद्धि होगी। इससे उन्हें कल्याणकारी कार्यक्रमों का विस्तार करने में मदद मिलेगी। नियमित लेखा परीक्षा और निरीक्षण से वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा और वक्फ प्रबंधन से जनता का विस्वास मजबूत होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आवास और आजीविका सहायता के लिए धन आवंटित किया जाएगा। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सीधा लाभ होगा और मुस्लिम महिलाओं को बड़े पैमाने पर सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर मोर्चे के जिला महामंत्री लुकमान खान गांगियासर, रुस्तम अली कांट, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, भाजपा नेता आजम राठौड़, हाजी मोहम्मद अय्यूब, उस्मान गनी लादूसरिया, अब्दुल वाहिद अब्बासी, मोहम्मद शरीफ राइन, मोहम्मद तौफीक भीमसरिया, सद्दाम खान यूपी वाले, मोहम्मद सलीम गुढा, शाहिद फारूकी, मुस्लिम खान मीर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता

# जवाई लीग का पहला मुकाबला पंचायत समिति टीम ने जीता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** शिक्षा क्रांति रंग मंच मैदान में चल रहीं पहली मल्टी फॉरमैट डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता सुमेरपुर चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवे दिन बुधवार रात जवाई लीग का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएलजी इंस्टीट्यूट्स के निदेशक डा. सीएल गहलोत, पंचायत समिति विकास अधिकारी प्रमोद दवे की अध्यक्षता, वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र गहलोत व रतन सिंह राजपुरोहित एवं गौरव सिंह घाणेराव के सानिध्य में हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि गहलोत ने कहा कि सुमेरपुर जैसे छोटे कस्बे में इस स्तर का भव्य आयोजन होना बहुत बड़ी बात है। आयोजन में प्रशासनिक खिलाड़ियों के लिए अलग से लीग का आयोजन करवाना भी काबिले तारीफ है। समाजसेवी व वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र गहलोत ने कहा कि इस आयोजन में कई नवाचार हुए है जो हर उम्र और हर वर्ग के खिलाड़ियों में एक नया जोश भर रहें है। आमतौर



पर प्रशासन के मैत्री मैच होते है पर इस आयोजन में पूरी लीग ही प्रशासन, डाक्टर्स, नागरिक, पुलिस व अधिवक्ताओं के लिए रखी गई हैं। जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम हैं। अधिवक्ता रतनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि लम्बे समय बाद हो रहीं इस भव्य प्रतियोगिता की चर्चा पुरे शहर व क्षेत्र में हो रही हैं। विशेषकर इस प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर सीनियर प्लेयर्स तक एवं गर्ल्स के लिए भी अलग फॉर्मेट में प्रतियोगिता करवाकर एक नई शुरुआत की गई है।

### पंचायत समिति ने प्रशासन एकादश को हराया

आयोजक जगदीश राजपुरोहित व पुष्पकांत मेवाड़ा ने बताया कि अलग-अलग फॉर्मेट में हो रहीं इस प्रतियोगिता में 14 वर्षीय लीग में मयूर एकेडमी विजेता रही। वहीं वुमेन लीग में शेरा सुपर क्वीन विजेता रहीं। आगे अभी लीजेंड लीग, प्रशासनिक लीग, वार्ड कप एवं आईपीएल फॉर्मेट की प्रतियोगिता चलेगी और 12 अप्रैल को प्रतियोगिता का समापन समारोह होगा। आयोजन कमेटी सदस्य सत्येंद्र सिंह राजगुरु व मनोहर देवड़ा ने बताया की जवाई लीग की शुरुआत में पहले दिन प्रशासन एकादश व पंचायत समिति के बीच मैच खेला गया। जिसमें पंचायत समिति ने एकतरफा अंदाज में जीत हासिल की। दूसरे मैच में अधिवक्ता एकादश ने एसीजेएम कोर्ट शिवगंज को हराया। वहीं तीसरे मैच में अधिवक्ता एकादश ने ऑल इज वेल क्लब को हराया। कमेटी सदस्य मानसिंह खिवांदी ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर आमजन में बेहद उत्साह हैं। ऐसा लग रहा है जैसे पूरा शहर मैदान में उमड़ गया है। इस अवसर पर कमेटी सदस्य मान सिंह रामनगर, शैतान कुमार, जगदीश राजगुरू, जय किशन कुम्पावत, अशरफ अली, दीपक चावरिया, अनवर पठान, रवि चौहान, गोविंद मेघवाल, मनीष चावरिया, आयुष, सिद्धार्थ चावरिया, नवाब ख़ान, राजपाल मीणा, टीनू पठान, अरशद ख़ान, राजा और सुलेमान मौजूद रहे।

# भजनों में श्री मेलडी माता व बहुचर माता की महिमाओं का बखान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** नगर के जाखा नगर स्थित श्री मेलडी मां व बहुचर मां मंदिर के दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव में मंगलवार रात एक शाम माताजी के नाम भजन संध्या माताजी दीपिका भुआजी के सानिध्य में आयोजित हुई। जिसमें गुजरात के गायक कलाकार राज गढ़वी, रानी की अनिता जांगिड़, पाली के रमेश सुथार ने प्रस्तुतियां दी। श्री मेलड़ी माता नवयुवक मंडल के सदस्यों ने बताया कि कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, नृत्य कलाकार कल्पित चौधरी जोधपुर सहित अन्य ने भी देवी-देवताओं के रूप धरकर अपनी कलाकारी का प्रदर्शन किया। भजन संध्या में कलाकारों ने माताजी की महिमाओं का बखान किया। उन्होंने बताया कि मेलडी मां उपाचक दीपिका भुआ को बनी-ठनी बायोसा धाम पाली की ओर से 151 मीटर चुंदड़ी ओढ़ाई गई। इस दौरान समारोह में पहुंचे श्री श्री 1008 दिगंबर खुशाल भारती महाराज, सुरज कुंड धाम के अवधेशानंद महाराज, कानुपरा के श्रवण गिरी



महाराज, मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा सहित अन्य का मंदिर कमेटी की ओर से बहुमान किया गया। भजन संध्या के साथ दो दिवसीय द्वितीय वार्षिक महोत्सव का समापन हुआ।

# कबीर गौशाला में नारियल के गोटे व गुड़ भेंट

**सुमेरपुर।** श्री कबीर गौशाला बांकली में नवभारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट परिवार द्वारा गुरूवार को नारियल के गोटे एवं गुड़ भेंट किया गया। ट्रस्ट उपाध्यक्ष डा. अयोध्या प्रसाद वैष्णव ने बताया कि ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंकज राज मेवाड़ा के द्वारा किए गए निस्वार्थ सेवा कार्यों को देखकर जोधपुर रोटरी बालाजी के व्यस्थापक मुकेश धानका द्वारा गोवंशों के लिए नारियल के गोटे भेंट किए गए। गौशाला अध्यक्ष कालु राम भाटी ने नवभारत सेवा ट्रस्ट परिवार का आभार जताया। इस अवसर पर ट्रस्ट सरंक्षक गोविंद राठौड़, झूमरलाल गर्ग, सचिव डा. कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष डा. अयोध्या प्रसाद वैष्णव, प्रियंका मेवाड़ा एवं गौशाला कार्मिक मौजूद रहे।



# पुल से 40 फीट नीचे नदी में पलटा ट्रक

**पाली।** पाली में गुरुवार दोपहर को कार से टकराकर ट्रक असंतुलित होकर पुल की रेलिंग तोड़ कर करीब 40 फीट नीचे नदी में गिर गया। इस हादसे में 11 लोग घायल हो गए। जिन्हें हॉस्पीटल लाया गया। वहां उनका उपचार जारी है। सदर थाने के सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि पाली-जोधपुर हाईवे पर दोपहर को चारे से भरा ट्रक पूनायता औद्योगिक क्षेत्र के निकट हाईवे पर असंतुलित होकर पलट कर नदी में गिर गया। इस हादसे करीब 11 जने घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पीटल लाया गया। पाली से जोधपुर की तरफ जाते समय ये हादसा हुआ।

मृत पैंथर का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेतरा गांव के पास बुधवार रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पैंथर की मौत के बाद गुरूवार को वन विभाग की ओर से मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद पैंथर का दाह संस्कार करवाया गया। यह नर पैंथर था, जिसकी उम्र करीब छह-सात साल थी व कालिया मगरी क्षेत्र में रहता था। रात में भोजन की तलाश में रोड़ पार कर रहा था जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। गौरतलब हैं कि नेतरा के समीप हाईवे रोड़ पर दो अप्रैल की रात करीब आठ बजे मृत पैंथर पड़ा हुआ था। सूचना पर वन विभाग ने मौके पर पहुंच शव को वन चौकी सुमेरपुर लाया। नेतरा के पास न्यू जाम्भाणी होटल के पास बुधवार रात करीब आठ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक नर पैंथर की मौत हो गई। वहां से निकल रहे राजपुरोहित विकास मंच के अध्यक्ष सत्येंद्र राजपुरोहित की नजर पैंथर पर पड़ी। उन्होनें गाड़ी से नीचे उतर कर देखा तो पैंथर मृत पड़ा था। इसकी सूचना सदर चौकी प्रभारी भगाराम मीणा को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पैंथर के शव को कब्जे में लेकर सुमेरपुर जाखानगर वन चौकी पर लेकर आए। अज्ञात वाहन से पैंथर का जबड़ा पुरी



तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। रात होने के कारण दूसेर दिन गुरूवार सवेरे पैंथर के शव का पोस्टमार्टम किया। मेडिकल बोर्ड के पशु चिकित्सक डा. रामावतार यादव, डा. रणवीर सिंह व डा. ललित कुमार ने पैंथर के शव का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद वन विभाग ने जूना जाखा माता रोड़ स्थित श्मशान घाट पर दाह मृत पैंथर का दाह संस्कार किया। इस मौके पर एसीएफ ऋषिराज सिंह, रेंजर पुष्पेंद्र सिंह, वनपाल चक्रवर्ती सिंह, वन रक्षक भंवर सिंह, वनरक्षक ऋषिराज सिंह, दिलीप सोलंकी, इंसाफ खान आदि मौजूद रहे।

# अवैध गतिविधियों के खिलाफ उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानी।** छोटी रानी गांव में रसराज होटल एंड रेस्टोरेंट में चल रही संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ पास में ही मोहल्ले वासियों ने मिलकर के एस डी एम को ज्ञापन दिया गया। जिसमें बताया गया कि इस होटल में कई साल से गलत गतिविधियां चल रही हैं। जहां दिन रात के समय में बाहर से लड़कियों को लाकर देह व्यापार जैसी गतिविधियां चल रहीं है। जिससे



मोहल्ले में निवास कर रहे लोगों की बहन बेटियों में डर सा माहौल बना हुआ है। ज्ञापन में बताया गया कि ठोस कदम उठाकर कार्यवाही कर होटल को पूर्ण रूप से सील किया जाए। इस पर तहसीलदार ने बताया कि इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे।

# उज्जैनी वीर गंगाजलियां मामाधणी मेले में उमड़े श्रद्धालु

**नाडोल।** खारडा रोड स्थित उज्जैनी वीर गंगाजलिया मामाधणी उपासक पुखराज घांची के सानिध्य में गुरुवार को आयोजित मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ने हिस्सा लेकर मामाधणी के दरबार में मात्था टेक खुशहाली की कामना कर महाप्रसादी ग्रहण किया। मेले के दौरान भजनों का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें भजन गायक तेजपाल राठौड़ खौड़, दिनेश पंवार के भजनों पर नृत्य कलाकार जीतु मेवाड़ी, लक्ष्मी भाटी पाली, हास्य पवन सुदामा ब्यावर ने प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मेला कमेटी की ओर से अतिथियों व भामाशाहों का साफा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष अचलाराम सिरवी, जगदीश कुमार सिरवी, दिनेश ग्यावत, रमेश घांची, मदन ग्यावत, घीसाराम, मांगीलाल, जोताराम, जीवाराम, ढलाराम, विरमराम, मोहनलाल, नेनाराम पूनाराम और दिनेश घांची सहित ग्रामीण मौजूद थे।



# देसूरी ग्राम की मेधावी छात्रा खुशबू को मिलेगी स्कूटी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** देसूरी ब्लॉक में राजस्थान सरकार ने मेधावी छात्राओं को बड़ी सौगात दी है। पाली जिले के देसूरी ब्लॉक में खुशबू पुत्री पोकरराम प्रजापत ने 12वीं कक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देसूरी ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। राजस्थान सरकार द्वारा कई योजनाएं छात्राओं के लिए लाभदायक सिद्ध हुई हैं। इनमें से ही एक योजना राजस्थान काली बाई भील स्कूटी योजना है। इस योजना के अंतर्गत फ्री में स्कूटी प्रदान की जाती है। राजस्थान सरकार का राजस्थान की छात्राओं को समर्थ बनाना और उनके भविष्य को रोशन करना।

इस योजना के अंतर्गत 10वीं-12वीं की मेधावी छात्राओं को निःशुल्क स्कूटी वितरित की जाती है। राजस्थान काली बाई भील स्कूटी योजना की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2020-21 में हुई। ये उन छात्राओं के लिए हैं जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 2.5 लाख रुपए या उससे कम है। छात्रा राजस्थान की मूल निवासी होनी चाहिए। वे छात्राएं



जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 65% अंकों के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हैं तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 75% अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई है। मेधावी छात्रा खुशबू प्रजापत को अब राजस्थान सरकार द्वारा स्कूटी प्रदान की जाएगी। ऐसे में देसूरी की मेधावी छात्रा खुशबू को सरकार की ओर से निःशुल्क स्कूटी मिलेगी।

खांगड़ी चारभुजा मंदिर की पत्रिका मंत्री पटेल को देकर भाग लेने का न्यौता

# पांच व छह को भरेगा मेला

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव में घांची समाज के आराध्य श्री चारभुजा नाथ का दो दिवसीय वार्षिक मेले को लेकर घांची समाज में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा हैं। श्री समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में पांच व छह अप्रैल को भरेगा। मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए जनप्रतिनिधियों, अतिथियों व समाज के लोगों को घर-घर, प्रतिष्ठान पर जाकर महासभा पदाधिकारी पत्रिका देकर निमंत्रण दिए जा रहें हैं। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी नाडोल द्वारा गुरूवार को जयपुर पहुंच संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय एवं न्याय विभाग राजस्थान सरकार मंत्री जोगाराम पटेल को गुलदस्ता भेंट कर मेले की

**▶▶ महासभा उपाध्यक्ष डा. भाटी ने प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री व मंत्रीगणों को निमंत्रण**

निमंत्रण पत्रिका देकर भाग लेने का न्यौता दिया। साथ में मौजूद मंत्री व सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत का भी बहुमान कर एक बार फिर मेले में भाग लेने का न्यौता दिया। मेले में पांच अप्रैल की रात भजन संध्या आयोजित होगी व छह अप्रैल को मेला भरेगा जिसमें भामाशाहों व अतिथियों का बहुमान किया जाएगा। गौरतलब हैं कि महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी खांगड़ी चारभुजा नाथ मेले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए पिछले 15 दिनों से जुटे हुए हैं। दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विन वैष्णव, भारत सरकार सफाई कर्मचारी आयोग के चैयरमेन व केन्द्रीय राज्यमंत्री एम. वेंकटेशन, राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, पाली सांसद पी.पी चौधरी, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, भाजपा महामंत्री मधु



कुमावत, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, राजस्थान सरकार पशुपालन, डेयरी, देवस्थान एवं गोपालन विभाग मंत्री जोराराम कुमावत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया था। उन्होंने बताया कि खांगड़ी में चारभुजानाथ का वार्षिक मेला एतिहासिक भरता हैं। दो दिवसीय मेला साधु-संतो व मुख्य अतिथि सांसद पी.पी चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे। मंदिर परिसर में चारभुजा मंदिर पर टेंट लगाने व मंदिर को सजाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा हैं। महासभा पदाधिकारी व सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# देसूरी में अंबे माता एवं संतोषी माताजी का तीन दिवसीय महोत्सव आज से

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** स्थानीय कस्बे के तेज जलाव पर स्थित अंबे माता एवं संतोषी माताजी के प्रागण में तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव भक्तराज राजेन्द्र भंडारी के सानिध्य में शुक्रवार की देरशाम गरबा नृत्य के साथ शुरू होगा। जिसको लेकर ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों की ओर भामाशाहों व भक्तों के सहयोग से मंदिर प्रांगण को दुल्हन की तरह सजाया गया है। वहीं तीन दिवसीय महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों सहित ग्रामीणों को विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि चैत्रा नवरात्रि को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। जिसके प्रथम दिन चार अप्रैल शुक्रवार की देर शाम को गुजराती धुनों पर गरबा नृत्य महिलाओं व बालिकाओं की ओर किया जाएगा। वही पांच अप्रैल शनिवार की रात्रि में माताजी के दरबार में भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायक भाग लेंगे। महोत्सव के अंतिम माताजी मंदिर और हनुमानजी मंदिर पर धूमधाम के साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों को ट्रस्ट कमेटी की ओर से गुरुवार को अंतिम रूप देकर महोत्सव के सफल आयोजन की जिम्मेदारी सदस्यों व ग्रामीणों को दी गई है।

# विद्यार्थियों के स्वाध्याय को निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ

### महाराज स्वरूप सिंह चैरिटेबल की शिक्षा को बढ़ावा देने की विशेष पहल

**देसूरी।** देसूरी उपखंड क्षेत्र के नारलाई गांव में महाराज स्वरूप सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट रावला नारलाई ने विद्यार्थियों के स्वाध्याय के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ किया है। यह



लाइब्रेरी 12 सीटों की है, जो 24 घंटे स्वाध्याय के लिए खुली रहेगी। जो विद्यार्थियों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बुधवार को नारलाई ग्राम पंचायत प्रशासक शेखर मीणा व रावला नारलाई प्रबंधक रविन्द्र सिंह के सानिध्य में विधिवत पूजन के बाद फीता काटकर लाइब्रेरी में शुभारंभ किया गया। लाइब्रेरी 12 शीटर है, जो 24 घंटे स्वाध्याय के लिए खुली रहेगी। कोई भी विद्यार्थी अनुशासन पूर्वक स्वाध्याय कर सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ग्राम पंचायत प्रशासक शेखर मीणा ने कहा कि महाराज स्वरूप सिंह चैरिटेबल गांव के सतत विकास के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है। गांव में सामाजिक सरोकार के तहत कई काम करवाएं। निःशुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। लाइब्रेरी को वातानुकूलित बनाया गया है। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशनर की भी व्यवस्था की गई है। रावला नारलाई प्रबंधक रविन्द्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि लाइब्रेरी की शुरुआत के अवसर पर एक निजी स्कूल में कम्प्यूटर भी भेंट किया। इससे पहले कस्बे की सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर, प्रिंटर भेंट किए गए थे। ट्रस्ट के डायरेक्टर राघवेन्द्र सिंह व सूर्यवीर सिंह राठौड़ मुख्य ध्येय है कि गांव में सामाजिक सरोकार के तहत कार्य हो एवं बच्चों की शिक्षा के बढ़ावे हेतु प्रमुख कार्य किए जाए। जिससे गांव का समग्र विकास हो। इस मौके रावला नारलाई के प्रबंधक रविन्द्र सिंह मेड़तिया, भूपेंद्र सिंह राव, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अर्जुनसिंह कुंपावत व कस्बे की सरकारी एवं निजी स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे।

# फालना में नवीन बस के मुहूर्त के साथ पंचांग का विमोचन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** विद्या भारती आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक खुडाला फालना विद्यालय के भारतीय पंचांग विक्रम संवत् 2082 का विमोचन नारायण जिला प्रचारक, हरिपाल शर्मा अध्यक्ष, प्रबंध समिति फालना, जयरामदास वैष्णव कोषाध्यक्ष आदर्श शिक्षा संस्थान बाली, जयचंद गोलेछा व्यवस्थापक आदर्श शिक्षा संस्थान बाली के द्वारा किया गया।

साथ ही विद्यालय की दो नवीन बस का मुहूर्त पंडित धर्मेश ओझा ने मंत्रोच्चार कर विधि विधान से करवाया। इस अवसर पर जिला प्रवासी सुरेश कुमार मालवीय ने बताया कि हमारी कालगणना श्रेष्ठ है, हमारे जीवन के मांगलिक कार्यों का मुहूर्त भी इसी भारतीय कालगणना के पंचांग अनुसार ही निकाला जाता है और इसी अनुरूप हमारे भारतीय त्यौहार मनाए जाते है। इस वर्ष पंच परिवर्तन के विषय सामाजिक समरता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का बोध एवं नागरिक कर्तव्य आदि को लेकर कार्य किया जाएगा तथा विद्यालय के सभी भैया बहिन को पंचांग वितरण किए जाएंगे।

**■ हमारी कालगणना श्रेष्ठ, इसी अनुरूप मनाते त्यौहार : सुरेश मालवीय**

इस अवसर पर विद्यालय स्थानीय समिति से उपाध्यक्ष धनपत भाटी, कोषाध्यक्ष अंकित राठौड़, व्यवस्थापक विरमराम परिहार, नारायण सिंह राजपुरोहित, छगनलाल भाटी, किकाराम चौधरी, फुलेश प्रजापति, डा. योगिता बांठिया, सीमा जैन, प्रधानाचार्य मनोहर रावल, कार्यालय प्रमुख कृपाल सिंह भाटी, आचार्य किरण सिंह, पोमाराम, रमेश कुमार, गणपत कुमार, हितेश कुमार, हुकम सिंह, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, प्रकाश कुमार, अनीषा कुमारी, मंजू प्रजापत, ललिता रावल, निकिता शर्मा, सपना सोलंकी, भावना देवासी, मंजू सुथार, सुंदर कुमारी, वंदना राव, प्रियंका, मनीषा कुमारी सहित आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**वृक्ष प्राधिकरण**

**सार्वजनिक सूचना**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संवर्द्धन अधिनियम 1975 (24 जून 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) अंतर्गत प्रावधानों सहित इसके परिपालन में अंतर्गत वृक्षों के उन्मुलन हेतु **जोन-IVI में के/पश्चिम वॉर्ड में 02प्रस्ताव, पी/दक्षिण वॉर्ड में 06 प्रस्ताव, पी/उत्तर वॉर्ड में 02 प्रस्ताव, अर्थात** कुल 10 प्रस्ताव महापालिका आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण /बीएमसी वृक्ष प्राधिकरण के पास वृक्ष निर्मूलन हेतु स्वीकृती के लिए प्राप्त हुए है।

कटाई/स्थानांतरण हेतु उक्त अंकित प्रस्तावों की जानकारी एमसीजीएम की वेबसाइट http://mcgm.gov.in, --> About us --> wards/ Departments --> Department manuals --> Gardens & Tree Authority - documents-> Notice 7 days. TA-WS- Z-IV-81 पर उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों हेतु नागरिकों से यदि कोई हो, कार्यालय अधिक्षक उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकारी में इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिन के अंदर आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित है। आप अपने आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में ई-मेल आईडी bdysg.ta@mcgm.gov.in पर भेज सकते है। निर्धारित समय में प्राप्त आपकी आपत्तियां/सुझावों को नोट किया जाएगा। उक्त दिनांक पश्चात ई-मेल या लिखित रूप में प्राप्त आपत्तियां/सुझावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्राप्त आपत्तियां/सुझावों की सुनवाई 16.04.2025 को शाम 04.30 से 05.00 बजे कार्यालय उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी में की जाएंगी।जो कोई भी इस सुनवाई में उपस्थित रहना चाहता है, अपनी आपत्तियां/सुझावों की निर्धारित प्रारूप में प्रतिलिपी के साथ उपस्थित रह सकते है।

**उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी,**
**कार्यालय वृक्ष प्राधिकारी, पेंगुइन बिल्डींग,**
**2 रा तल, वीर माता जिजाबाई भोसले उद्यान , भायखळा (पूर्व), मुंबई 400027**
**फोन नं. 022-23742162, ई-मेल:** dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता./-
PRO/36/ADV/2025-26 उद्यान अधिक्षक एवं वृक्ष प्राधिकारी

बुखार के लक्षण दिखने पर तुरंत खून की जांच कराएं।

# लखनऊ बनाम मुंबई : किसका पलड़ा भारी ?



**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियन के बीच आईपीएल 2025 का 16वां मैच 4 अप्रैल को यहां इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। मुकाबले में भाग लेने के लिए हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को लखनऊ पहुंच गई। टीम ने शाम को स्टेडियम में अभ्यास किया। इस दौरान हार्दिक पांड्या मुख्य रूप से गेंदबाजी और फील्डिंग का अभ्यास करते हुए नजर आए। वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी में लंबे हाथ दिखाए।

इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मुंबई इंडियंस पर अब तक भारी पड़ी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मैच खेले गए हैं। जिनमें से लखनऊ ने 5 और मुंबई इंडियंस ने केवल एक मुकाबला जीता है । लखनऊ की पंजाब के खिलाफ लखनऊ में खेले गए पहले मुकाबले में हार के बाद उसका अगला मैच मजबूत मुंबई के साथ होगा, जिसने इस टूर्नामेंट में अब तक मिला-जुला प्रदर्शन किया है। ऐसे में मेजबानों के खिलाफ उसका मुकाबला अधिक रोमांचकारी होने की संभावना जताई जा रही है।

### LSG vs MI हेड टू हेड रिकॉर्ड्स

कुल मैच : 6
लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत : 5
मुंबई इंडियंस की जीत : 1

## लखनऊ के मौसम का हाल

लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को लखनऊ में मुकाबला खेला जाएगा।रिपोर्ट के अनुसार, मैच के दौरान बारिश का कोई खतरा नहीं है और पूरा मौसम साफ रहने की उम्मीद है।ह्यूमिडिटी का स्तर 38 प्रतिशत के आस-पास रहेगा।वहीं तापमान 37 डिग्री कर रहने की उम्मीद है।मैच के दौराम लखनऊ में मैच के दौरान 16 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हंवा चल सकती है।

### इकाना के आईपीएल रिकॉर्ड

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में अब तक आईपीएल के 14 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान 7 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली है। वहीं 6 मैचों में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को 6 मैचों में जीत मिली है। केकेआर ने सबसे बड़ा 235 रनों का स्कोर खड़ कर दिया था। इससे पहले और न इसके बाद इतना बड़ा स्कोर यहां पर बना है। अभी तक 200 से अधिक ज्यादा रनों का लक्ष्य चेज नहीं हुआ है।

### मुंबई इंडियंस की टीम

- रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकलटन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, विल जैक, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, सत्यनारायण पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुबीब-उर-रहमान और जसप्रीत बुमराह.

### लखनऊ सुपर जायंट्स टीम

ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुध बडोनी, आवेश खान, आकाश दीप, एम।सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह।

बीसीसीआई की हिदायत

# आईपीएल की 4 टीमों ने होम पिच को लेकर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल का ये सीजन अभी शुरुआती चरण में ही है लेकिन अबतक 4 टीमें होम पिच को लेकर सवाल उठा चुकी हैं। लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक कह दिए कि होम पिच ऐसी है जैसे उसे विरोधी टीम के क्यूरेटर ने बनाई हो। टीमें भले ही होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं लेकिन बीसीसीआई अबतक आईपीएल की पिचों को लेकर संतुष्ट है। इस आपीएल सीजन में अबतक 14 मैच हुए हैं लेकिन कई मौके ऐसे भी आए हैं जब टीमें पिच की शिकायत करती दिखीं। शिकायत ये कि होम ग्राउंड पर खेलने के बाद भी उन्हें फायदा नहीं मिल रहा क्योंकि पिच उनके मनमाफिक क्यूरेट नहीं हुई है। ताजा मामला मंगलवार को हुए लखनऊ बनाम पंजाब मैच का है। हार के बाद लखनऊ के मेंटॉर जहीर खान तो यहां तक बोल गए कि ऐसा लगा जैसे हमारे होम ग्राउंड की पिच को पंजाब के क्यूरेटर ने तैयार किया है। अब इन शिकायतों को लेकर बीसीसीआई ने फ्रैंचाइजियों को ही हिदायत दी है कि वे अपनी जरूरतों को लेकर पिच क्यूरेटर को पहले ही बताएं, सीजन के बीच में नहीं।



### पिचें अच्छी

बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से बताया कि बोर्ड का कहना है कि फ्रैंचाइजी पिच को लेकर अपनी जरूरतों के बारे में क्यूरेटर को अडवांस में बताएं, क्योंकि ये एक हफ्ते के भीतर तो हो नहीं जाएगा। बीसीसीआई सूत्र ने कहा, 'पिचें अबतक अच्छी रही हैं। वे ऐसी पिच की मांग कर सकते हैं जो गेंदबाजों को ज्यादा फायदा पहुंचाए लेकिन इसके लिए फ्रैंचाइजी और क्यूरेटर्स के बीच में बेहतर संवाद की जरूरत है। यह आईपीएल सीजन में एक हफ्ते के भीतर नहीं हो सकता।'


### कई फ्रैंचाइजी ने जताया असंतोष

- बीसीसीआई की गाउडलाइंस के मुताबिक, पिच का नेचर क्या हो, इसमें न तो किसी फ्रैंचाइजी की चलेगी और न ही किसी खिलाड़ी की। क्यूरेटर को ऐसी पिच तैयार करनी है जिससे तेज गेंदबाजों को भी मदद मिले और स्पिनर्स को। कुछ टीमें होम पिच को लेकर शिकायत कर रही हैं। आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी मांग की है कि ईडन गार्डन्स की पिच ऐसी हो जो स्पिनर्स को मदद पहुंचाए। दिल्ली कैपिटल्स का मैनेजमेंट भी अपने शुरुआती दो होम मैचों की पिच को लेकर क्यूरेटर से नाखुश है। ऐसा ही हाल चेन्नई का भी है।

# आरसीबी पर कहर बनकर टूटे सिराज

### जहीर खान का तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। मोहम्मद सिराज की शानदार गेंदबाजी और जोस बटलर की बल्लेबाजी से गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 8 विकेट से हरा दिया। 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने 17.5 ओवरों में जीत दर्ज की। मोहम्मद सिराज को मैच का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया, उन्होंने इस मैच में एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया और पूर्व खिलाड़ी जहीर खान को भी पीछे छोड़ा। आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं हुई थी। दूसरे ही ओवर में विराट कोहली 7 रन बनाकर आउट हो गए थे। उन्हें अरशद खान ने आउट किया था। तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज ने देवदत्त पाडिक्कल (4) को आउट कर दिया। 5वें ओवर में उन्होंने फिल साल्ट (14) जैसे बल्लेबाज को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने तीसरा विकेट 19वें ओवर में लियाम लिविंगस्टोन का विकेट लिया। सिराज ने 4 ओवरों के स्पेल में 3 विकेट लिए जबकि सिर्फ 19 रन ही दिए । मोहम्मद सिराज ने आईपीएल के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में जहीर खान को पीछे छोड़ दिया है।



### आरसीबी ने गंवाया पहला स्थान

इस हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अंक तालिका में पहले से तीसरे स्थान पर खिसक गई है ।ये आरसीबी की 3 मैचों में पहली हार है ।जबकि गुजरात टाइटंस जीत के बावजूद चौथे स्थान पर ही है ।पंजाब किंग्स पहले और दिल्ली कैपिटल्स दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।

# 'गब्बर' को फिर हो गया लव



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने ऐसा लगता है जैसे अपने नए रिलेशनशिप की पुष्टि कर दी है । यह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के समय की बात है जब धवन को एक मिस्ट्री वुमन के साथ बैठे देखा गया था । तब दावा किया गया कि उस महिला का नाम सोफी शाइन है, जो आयरलैंड की नागरिक हैं । अब एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक शो पर धवन से उनकी गर्लफ्रेंड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने ने गर्लफ्रेंड का नाम तो नहीं बताया, लेकिन बातों-बातों में अपने रिलेशनशिप की पुष्टि जरूर कर दी है।

# सारा तेंदुलकर बनीं मुंबई टीम की मालकिन



**मुंबईः** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ग्लोबल ई-क्रिकेट प्रीमियर लीग (जीईपीएल) के बहुप्रतीक्षित सीजन 2 के लिए मुंबई फ्रेंचाइजी की मालिक बन गई हैं। जीईपीएल रियल क्रिकेट पर खेला जाता है, एक ऐसा गेम जिसने 300 मिलियन से अधिक लाइफटाइम डाउनलोड किए हैं । अपने ओपनिंग सीजन के बाद से, लीग ने तेजी से विकास देखा है, जिसमें खिलाड़ियों की रुचि में 5 गुना वृद्धि हुई है, जो सीजन 1 में 200,000 की तुलना में 910,000 रजिस्ट्रेशन तक पहुंच गई है। सारा की मुंबई फ्रेंचाइजी का ऑनरशिप क्षेत्र के साथ उनके मजबूत जुड़ाव को दर्शाता है। नए भारत के उद्यमियों की एक विविध लाइन-अप के साथ जीईपीएल इकोसिस्टम में उनका समावेश, डिजिटल युग में प्रतिस्पर्धी गेमिंग को फिर से परिभाषित करने और क्रिकेट के प्रशंसकों को बढ़ाने के लीग के मिशन को और मजबूत करता है। सारा तेंदुलकर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'क्रिकेट हमारे परिवार का एक अभिन्न अंग रहा है। ई-स्पोर्ट्स में इसकी क्षमता की खोज करना रोमांचकारी है।

## मनोरंजन



वेब सीरीज पंचायत के चाहने वालों की कोई गिनती नहीं है।ये शो अब महज शो नहीं रहा बल्कि एक इमोशन बन गया है। ना सिर्फ पॉपुलर मीम कंटेंट बल्कि पंचायत के किरदारों ने हमें खूब हंसाया, रुलाया और बहुत प्यार से जिंदगी का फलसफा भी सिखाया है। इस सीरीज का तीसरा सीजन लोगों को इतना पसंद आया था कि वो आज तक इससे बाहर नहीं निकल पाए हैं। अब पंचायत के फैंस को सीरीज के पांच साल पूरे होने पर एक बड़ा तोहफा मिल गया है। पंचायत के मेकर्स ने इसके सीजन 4 का ऐलान कर दिया है। फैंस सीजन 3 के बाद से इसके अगले सीजन का बेसब्री से वेट कर रहे थे, ऐसे में इस बार मेकर्स ने फैंस का वेट खत्म करते हुए अगले सीजन की रिलीज डेट बता दी है, साथ ही ये वादा भी किया है कि इस बार 'पंचायत 4 में और भी ज्यादा ड्रामा, ठहाके और इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलने वाले हैं। मेकर्स ने सीरीज के पांच साल पूरे होने की खुशी में एक बहुत मजेदार वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एक्टर जितेंद्र कुमार कुछ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ दिखाई दे रहे हैं।साथ ही उनके साथ साथ निभाना साथिया की गोपी बहू भी नजर आ रही हैं। इसी दौरान वो पंचायत 4 की रिलीज डेट से बताते हैं।सीरीज 2 जुलाई को अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। पंचायत 4 में लीड रोल में जीतेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक, चंदन रॉय, सान्विका, दुर्गेश कुमार, सुनीता राजवार और पंकज झा हैं।ये सभी किरदार लोगों को बहुत पसंद हैं और सभी की जुबान पर इन किरदारों के डायलॉग्स रहते हैं। इसे प्रोड्यूस किया है 'द वायरल फीवर' ने।चंदन कुमार ने इसकी कहानी लिखी है और दीपक कुमार मिश्रा और अक्षत विजयवर्गीय ने इसे डायरेक्ट किया है।

# पंचायत 4 की डेट आई

# 'इस मुल्क में बस दो ही एक्टर'



राजकुमार हिंदी सिनेमा के जानें माने स्टार रहे हैं। भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी फिल्में और उनका डायलॉग बोलने का अंदाज आज भी उनके फैंस के बीच पॉपुलर है। राजकुमार एक ऐसे शख्स थे, जिनकी रील और रियल लाइफस्टाइल में ज्यादा अंतर नहीं था। रजा मुराद ने बताया कि राजकुमार रात को 1.30 बजे उस वक्त दिलीप कुमार के घर पहुंचे गए, जब उन्होंने फिल्म गंगा जमुना देखी। साथ ही रजा मुराद ने बताया कि बॉलीवुड में आजकल फिल्में क्यों फ्लॉप हो रही है। एक इंटरव्यू में रजा मुराद ने राजकुमार और दिलीप कुमार का किस्सा शेयर करते हुए बताया, 'राज कुमार ने फिल्म गंगा जमुना देखी और फिल्म में दिलीप साहब ने अच्छा काम किया, राज कुमार साहब को फिल्म अच्छी लगी और वह रात 1.30 बजे उनके घर पहुंच गए और दिलीप साहब चौंक गए कि राज कुमार उनके घर क्यों आए हैं, राजकुमार ने कहा जानी युसूफ..। हम तुम्हारी फिल्म गंगा जमुना देखकर यहां आए हैं, हमें पता है कि इस मुल्क में बस दो ही एक्टर हैं, राजकुमार और दिलीप कुमार, और इतना कहकर चल गए।

# 'कहीं और छूने लगा एक्टर'



कई सालों से मीडिया में इस तरह की खबरें आती हैं कि इंटीमेट सीन शूट के दौरान अभिनेत्रियों के साथ सही बर्ताव नहीं होता और वो असहज महसूस करने लगती हैं। अब कई एक्ट्रेसेज इस बारे में खुलकर बोलने लगी हैं। हाल में आश्रम एक्ट्रेस अनुप्रिया गोयनका ने इस बारे में खुलकर बात की। अनुप्रिया गोयनका ने उस भयावह घटना के बारे में बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि इंटीमेट सीन शूट करते समय एक एक्टर बेकाबू हो गया था और उन्हें शूट के दौरान बहुत अपमानित महसूस हुआ था। उन्हें लग रहा था कि को-स्टार समझदारी से काम लेगा, लेकिन उन्हें निराशा हुई कि वह हद से आगे निकल गया और उन्हें गलत तरीके से छूने लगा। एक इंटरव्यू में अनुप्रिया से पूछा गया कि क्या किसी अभिनेता ने उनका फायदा उठाने की कोशिश की? इस पर अनुप्रिया ने कहा,"मैं यह नहीं कहूंगी कि वह व्यक्ति मेरा फायदा उठा रहा था, लेकिन वो काफी ज्यादा एक्साइटेड था। मैं देख सकती थी कि वह उत्तेजित हो रहा था, जोकि नहीं होना चाहिए था। तब आप थोड़ा अपमानित और असहज महसूस करते हैं।

# जाट ने उड़ाया गरदा



आईएमडीबी की 2025 की मोस्ट एंटीसिपिटेड इंडियन मूवीज और शोज की लिस्ट में कई मजेदार नाम देखने को मिल रहे हैं। जिसमें भारतीय सिनेमा के दिग्गज सितारों और रोमांचक कहानियों का जबरदस्त कॉम्बिनेशनल है। इस लिस्ट सनी देओल ने टॉप पर बाजी मारी है जबकि आईएमडीबी की इस लिस्ट में रजनीकांत और प्रभास की फिल्में भी शामिल हैं। आईएमडीबी की 2025 की मोस्ट एंटीसिपिटेड इंडियन मूवीज और शोज की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है फिल्म जाट ने, जिसमें एक्शन और ड्रामा का तड़का देखने को मिलेगा। इसके बाद दूसरे नंबर पर साड़ी है, जो अपनी अनूठी कहानी से दर्शकों को आकर्षित कर रही है । तीसरे नंबर पर संत ज्ञानेश्वरांची मुक्ताई है, जो एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक कहानी पेश करेगी।

# अक्षय ने अनाउंस की 'केसरी 3'

### कहा- पंजाब का रूप सबको दिखाना है



अक्षय कुमार, अनन्या पांडे और आर माधवन की मोस्ट अवेटेड 'केसरी 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वहीं, अक्षय ने 'केसरी 3' की अनाउंसमेंट भी कर दी है। अक्षय ने ट्रेलर लॉन्च के बाद बताया कि 'केसरी 3' किस महान युद्धा पर आधारित होने वाली है। अक्षय के साथ 'केसरी 2' के डायरेक्टर करण सिंह त्यागी और प्रोड्यूसर करण जौहर भी मौजूद थे। अक्षय ने पंजाबी में कहा, 'अब बस केसरी-3 की तैयारी करनी है।' 'मैं तो कह रहा हूं आज ही अनाउंस कर देते हैं। केसरी-3 सरदार हरि सिंह नालवा पर बनाएंगे। अक्षय बोले, 'बस फिर, पंजाब का रूप सबको दिखाना है।' हरी सिंह नालवा महाराज रणजीत सिंह की फौज के सबसे भरोसेमंद कमांडर थे। वह कश्मीर, हाजरा और पेशावर के गवर्नर रहे थे। उन्होंने कई अफगान योद्धाओं को शिकस्त दी थी। इतना ही नहीं, हरी सिंह नालवा ने अफगान के कई हिस्सों पर अपना वर्चस्व भी स्थापित किया था। इतिहासकार कहते हैं कि अगर हरी सिंह नालवा ने पेशावर और उत्तरी-पश्चिमी युद्धक्षेत्र जो कि आज पाकिस्तान का हिस्सा हैं, में युद्ध नहीं जीता होता तो आज ये अफगानिस्तान के कब्जे में होते और इस तरह अफगानिस्तान हमेशा-हमेशा के लिए भारत के लिए सिरदर्द बन जाता।



# लॉजिस्टिक्स हब बनने की ओर अग्रसर राजस्थान : मुख्यमंत्री

**जयपुर।** राजस्थान को वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और निवेश अनुकूल औद्योगिक वातावरण सुनिश्चित करने के क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी की है। यह नीति राज्य में औद्योगिक विकास को प्रोत्साहन देने और कनेक्टिविटी में वृद्धि करते हुए लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाएगी और राजस्थान को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करेगी। राज्य सरकार पारदर्शिता, सुशासन और त्वरित नीतिगत सुधारों के माध्यम से राजस्थान को देश का सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य बनाने के लिए मजबूती से प्रयास कर रही है। गत सवा साल में प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास को रफ्तार देने के लिए राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, राजस्थान एमएसएमई नीति 2024, राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति, राजस्थान एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान AVGC&XR नीति 2024, राजस्थान पर्यटन इकाई नीति 2024, राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति 2024, राजस्थान खनिज नीति 2024, राजस्थान एम-सेण्ड नीति 2024 , राजस्थान टैक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी 2025, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी 2025, राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025 जैसी 13 नीतियां लाई गई हैं।

▸▸ राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 जारी

▸▸ नीति में आकर्षक छूट व रियायत के प्रावधान



### देश के बड़े हिस्से तक हमारी पहुंच

- राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। राज्य की भौगोलिक स्थिति इस प्रकार की है कि यहां लगने वाले उद्योग लॉजिस्टिक्स एवं परिचालन लागत को कम रखते हुए निर्यात के साथ-साथ स्थानीय मांग को भी बखूबी पूरा कर सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के साथ सीमा साझा करते हुए, हमारा राज्य देश के लगभग 40 प्रतिशत बाजार तक पहुंच रखता है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों का तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क

- देश के राष्ट्रीय राजमार्गों का तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क और दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क राजस्थान में ही है। इसके अलावा 9 इनलैंड कंटेनर डिपो, 7 एयरपोर्ट और एक एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स हमें लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में मजबूत स्थिति प्रदान कर रहे हैं। लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाते हुए उद्योगों को भी आगे बढ़ने के भरपूर अवसर प्रदान करेगी।

### ईएफसीआई की कैपिटल सब्सिडी

- मुख्यमंत्री द्वारा जारी राजस्थान लॉजिस्टिक्स पॉलिसी-2025 में राजस्थान को लॉजिस्टिक्स के लिए पसंदीदा गंतव्य स्थल बनाने के लिए कई विशेष छूट और अनुदान शामिल हैं। 5 से 50 करोड़ रुपए तक इलिजिबल फिक्स्ड कैपिटल इन्वेस्टमेंट (ईएफसीआई) की 25 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी दस वर्षों तक देने का प्रावधान किया गया है।

### लॉजिस्टिक्स पार्क पर विशेष रियायतें

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास करने वाले निवेशकों को भी विशेष रियायतें दी गई हैं। निजी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और एकीकृत लॉजिस्टिक्स पार्क डेवलपर्स को 7 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा, जिसकी वार्षिक सीमा 50 लाख रुपए होगी। कर एवं शुल्कों में विभिन्न रियायतें भी दी जाएंगी।

### युवाशक्ति को बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

युवाओं को सक्षम बनाने और निजी क्षेत्र में रोजगार के उचित अवसर उपलब्ध कराने प्रावधान किए हैं। इसमें दक्षता एवं प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने कार्मिक प्रशिक्षण की कुल लागत का 50 प्रतिशत पुनर्भरण का प्रावधान शामिल है।

### डीएमके नेता का विवादित फरमान

## तिलक-कलावा से दूर रहें पार्टी के नेता



**चेन्नई।** अभी कुछ ही महीने पहले हिंदू और सनातन धर्म पर अपने बयानों को लेकर घिर चुके डीएमके सांसद ए राजा ने फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अपनी ही पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे हिंदू धार्मिक प्रतीकों तिलक और कलावा को न अपनाएं, खासकर जब वे डीएमके की पारंपरिक धोती पहनते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है और किसी को पूजा-पाठ करने से नहीं रोका जा रहा है। लेकिन जब पार्टी कार्यकर्ता तिलक और पवित्र धागा पहनते हैं तो उनकी पहचान कट्टर हिंदू संगठनों से मिलती-जुलती लगने लगती है। रिपोर्ट के मुताबिक ए राजा ने तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में एक जनसभा के दौरान कहा कि यदि किसी के माता-पिता माथे पर विभूति भस्म लगाते हैं तो इसे स्वीकार करने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन जब कोई डीएमके की पहचान वाले कपड़े पहनता है, तो उसे तिलक जैसे प्रतीकों से दूर रहना चाहिए।



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** प.पू. आचार्य भगवंत श्री उदयवल्लभ सूरी जी मसा एवं प.पू. आचार्य भगवंत श्री ह्रदयवल्लभ सूरी जी मसा के साथ धर्मचर्चा करते हुए उद्योगपति, भामाशाह एवं गौभक्त बाबूलाल भंसाली। साथ में उपस्थित हैं देवकीनंदन नारानपुरा।

# ब्रह्माकुमारी बहनों को धमका रहा शब्बीर

▸▸ सनातनी प्रवचन हॉल पर कब्जे की साजिश



**इंदौर।** सनातन धर्म से जुड़े लोगों को परेशान करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मंगलवार को सिलिकॉन सिटी स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर की बहनें कलेक्टर की जनसुनवाई में एक व्यक्ति शब्बीर की शिकायत लेकर पहुंचीं। उनका आरोप है कि उनके प्रवचन हॉल के पास स्थित शब्बीर की बिल्डिंग से उसे वहां होने वाले सनातनी कार्यों से परेशानी हो रही है। प्रवचन हॉल के लिए अस्थायी टीन शेड बनाया गया है, जो ब्रह्माकुमारी सेंटर के निकट स्थित है। यहां नियमित रूप से आने वाले सनातन धर्म के अनुयायियों को शब्बीर लगातार परेशान कर रहा है।

### अवैध कब्जे की साजिश

ब्रह्माकुमारी बहनों ने प्रशासन को बताया कि शब्बीर ने उस स्थान पर अवैध रूप से बिल्डिंग बनाई है। उन्होंने इस अवैध निर्माण की शिकायत भी पहले की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बहनों को आशंका है कि शब्बीर उनके प्रवचन हॉल पर भी कब्जा करने और वहां कोई निर्माण करने की साजिश रच रहा है। इस मामले को लेकर जब प्रशासन से संपर्क किया गया तो अपर कलेक्टर राजेंद्र रघुवंशी ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### शब्बीर की पत्नी भी शामिल

शब्बीर की निजी जिंदगी को लेकर भी कई बातें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि वर्षों पहले उसने टीना नाम की एक हिंदू युवती को बहला-फुसलाकर शादी कर ली थी। बहनों का आरोप है कि जब भी शब्बीर किसी विवाद में फंसता है, तो वह खुद को बचाने के लिए अपनी पत्नी टीना को आगे कर देता है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि टीना भी सनातनी गतिविधियों के विरोध में अपने पति का समर्थन कर रही है।

### धार्मिक स्थल के बाहर गंदगी

शिकायत करने वाली बहनों ने बताया कि शब्बीर द्वारा लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है और वह प्रवचन हॉल के बाहर अशांति फैलाने के प्रयास में लगा हुआ है। आरोप है कि शब्बीर द्वारा प्रवचन हॉल के बाहर जानबूझकर अंडे के छिलके, चिकन-मटन की हड्डियां और शराब की खाली बोतलें फेंकी जाती हैं ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं को मानसिक रूप से परेशान किया जा सके। इसके अलावा, जब भी कोई उसे समझाने का प्रयास करता है, तो वह मानने को तैयार नहीं होता।

## शेखावाटी की हवेलियों का संरक्षण आवश्यक : उपमुख्यमंत्री



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरुवार को शासन सचिवालय में शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के संबंध बैठक आयोजित की गई। दिया कुमारी ने प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, शासन सचिव पर्यटन, झुन्झुनूं,सीकर,चुरू जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा पर्यटक स्वागत केंद्र, बीकानेर, झुन्झुनूं,सीकर उप निदेशक/ सहायक निदेशक, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन (विकास) की उपस्थिति में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए इस क्षेत्र से सम्बन्धित बिंदुओं का ध्यान में रखकर यदि आवश्यक हो तो विरासत संरक्षण बॉयलॉज को भी अपडेट किया जाए। उपमुख्यमुत्री ने निर्देश दिए कि सीकर, झुंझनूं और चूरू कलेक्टर पटवारियों के माध्यम से शेखावाटी की हवेलियों का सर्वे कर उसका डिजिटलाइजेशन करवाएं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के संरक्षण के लिए वृहद स्तर पर विरासत संरक्षण बॉयलॉज की आवश्यता है। जिसके लिए चरणबद्ध कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीकर के रामगढ़ की हवेलियों के संरक्षण के लिए तत्काल प्रभाव से सीकर कलेक्टर इस क्षेत्र में कार्य कर रहे विशेषज्ञों को साथ रामगढ़ का दौरा कर, वहां लोकल स्तर पर बिंदुवार अध्ययन कर सुधारात्मक कार्य शुरू करे।

- रामगढ़ को एक मॉडल के रूप में तैयार किया जाए

## तीन महीने में एयरलाइंस को मिलीं 24 फर्जी धमकियां



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सदन में बताया कि इस साल 25 मार्च तक एयरलाइन्स को 24 फर्जी बम धमकी के कॉल मिले थे। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि 2022 से 25 मार्च, 2025 तक एयरलाइन ऑपरेटरों को कुल 836 फर्जी बम धमकियां प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि, 2022 में कॉल की संख्या 13 थी और 2023 में बढ़कर 71 हो गई। पिछले साल, 728 ऐसी कॉल आई थीं।

▸▸ 13 लोग गिरफ्तार

### मजबूत प्रोटोकॉल बनाया

बीसीएएस ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों, सीआईएसएफ और हितधारकों के साथ समन्वय में ऐसे खतरों से निपटने के लिए मजबूत प्रोटोकॉल अनिवार्य किए हैं। जिससे उड़ान संचालन पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। खतरों से निपटने के लिए बम खतरा आकस्मिक योजना (बीटीसीपी) लागू की गई है। बीटीसीपी के एक हिस्से के रूप में, प्रत्येक हवाई अड्डे पर एक नामित बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) होती है। देश के सभी नागरिक विमानन हितधारकों को मजबूत विमानन सुरक्षा बुनियादी ढांचे के रखरखाव और जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए सलाह जारी की है।

### दोबारा दादा बने पूर्व मुख्यमंत्री

## वैभव गहलोत बने बेटे के पिता



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर दादा बन गए हैं। नवरात्रि में उनके बेटे वैभव गहलोत के घर खुशखबरी आई है और उनकी बहू हिमांशी ने बेटे को जन्म दिया है। इस बात की जानकारी खुद वैभव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। उन्होंने बताया कि भगवान की कृपा से हमें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। वैभव और उनकी पत्नी हिमांशी की यह दूसरी संतान है। इससे पहले उनके घर पर एक बेटी काश्विनी गहलोत पहले से है।

### मंगलप्रभात लोढ़ा की सिंगापुर के वाणिज्य दूत से चर्चा

## सिंगापुर के तर्ज पर महाराष्ट्र में बनेगा ग्लोबल स्किल सेंटर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल विकास विभाग कार्य कर रहा है। इसी दिशा में, महाराष्ट्र में भी सिंगापुर के तर्ज पर एक ग्लोबल स्किल सेंटर स्थापित करने के प्रयास जारी हैं। इसी संदर्भ में कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग से मंत्रालय में मुलाकात कर चर्चा की। मंत्री लोढ़ा ने बताया कि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होते ही महाराष्ट्र के युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रेड्स में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। इस बैठक के दौरान सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग ने महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न हिस्सों में चल रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्रों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और महाराष्ट्र के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण देने पर सहमति जताई। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय की संचालिका श्रीमती माधवी सरदेशमुख, कौशल विकास सोसायटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल सोनावणे और मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी कौस्तुभ धवसे उपस्थित थे।



### मिलेगा व्यवहारिक अनुभव

- सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन सर्विसेज (ITEES) में वैश्विक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल पाठ्यक्रम शामिल किए जाते हैं। इस पहल के माध्यम से महाराष्ट्र के युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रोजेक्ट्स में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, वे आधुनिक तकनीक, रोबोटिक्स, एआई टेक्नोलॉजी, औद्योगिक प्रणाली और सेवाओं से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

## जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

▸▸ पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन



**जयपुर।** जयपुर जिला कलेक्ट्रेट को गुरुवार (3 अप्रैल) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। दरअसल ये धमकी जिला कलेक्टर के ईमेल पर मिली। अधिकारियों ने बताया कि जयपुर कलेक्ट्रेट को गुरुवार को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि परिसर की गहन जांच की गई। डीसीपी पश्चिम अमित बुढानिया ने बताया कि कलेक्टर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर ईमेल आया था। डीसीपी बुढानिया ने बताया कि कलेक्ट्रेट की तलाशी ली गई। स्नीफर डॉग और बम निरोधक दस्तों को भी बुलाया गया। वहीं धमकीभरा मेल भेजने वाले की पहचान करने और उसका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### जयपुर पुलिस की कार्रवाई

## गैंगवार की आशंका पर आठ बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** मालवीय नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपराध नियंत्रण के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये सभी जिला स्तरीय हार्डकोर अपराधी रूपनारायण उर्फ रूपा मीणा की जेल से रिहाई पर जश्न मनाने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से दो चौपहिया वाहन भी जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुनलाल मीणा पुत्र मेवाराम (35 वर्ष) निवासी आमेर-जयपुर, राजेंद्र मीणा पुत्र चौथमल मीणा (27 वर्ष) निवासी मॉडल टाउन, मालवीय नगर-जयपुर, कन्हैयालाल पुत्र ओम प्रकाश (30 वर्ष) निवासी आमेर-जयपुर, विक्रम कुमार पुत्र डूंगाराम (26 वर्ष) निवासी आमेर-जयपुर, हरीश कुमार पुत्र नवल किशोर (20 वर्ष) निवासी आमेर-जयपुर, सचिन मीणा पुत्र कालूराम (19 वर्ष) निवासी बस्सी-जयपुर, लक्ष्मण मीणा पुत्र कैलाशचंद (29 वर्ष) निवासी निवाई, टोंक एवं शंभूदयाल पुत्र श्री रामकिशन (35 वर्ष) निवासी बस्सी, जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

- अपराध नियंत्रण को पुलिस की सख्त कार्रवाई



### पुलिस ने दिखाई तत्परता

- पुलिस उपायुक्त तेजस्वनी गौतम (आईपीएस) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस उपायुक्त आशाराम चौधरी और सहा. पुलिस आयुक्त आदित्य पूनिया के सुपरविजन में थाना मालवीय नगर पुलिस ने कार्रवाई की।

# रामनवमी शोभायात्रा पर हिंदू संगठन को झटका

## हावड़ा पुलिस ने नहीं दी इजाजत



**कोलकाता।** देशभर में नवरात्रि का उत्सव मनाया जा रहा है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाती है। वहीं देश में 6 अप्रैल को रामनवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इसको लेकर हिंदू संगठनों से अभी से तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच पश्चिम बंगाल के हावड़ा में पुलिस ने अंजनी पुत्र सेना को रामनवमी की शोभायात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने कहा कि पिछले साल यानी 2024 में भी शोभायात्रा की अनुमति नहीं थी। इसके बाद भी शोभायात्रा निकाली गई। परिणामस्वरूप हिंसा हुई, जिसमें हजारों रुपए के जान-माल की हानि हुई। इससे पहले 2022 और 2023 में शोभायात्रा के प्रस्तावित रूट पर हिंसा हुई थी। पुलिस ने कहा कि हिंदू संगठन की ओर से 17.04.2024 को निकाली गई रैली के दौरान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई शर्तों का उल्लंघन किया गया। रामनवमी की शोभायात्रा के लिए हावड़ा पुलिस ने दो नए रूट प्रस्तावित किए हैं।

### पुलिस ने बताए दो नए रूट

पुलिस ने अंजनी सेना के सचिव को लिखे पत्र में यात्रा के दो नए रूट बताए हैं। पुलिस ने बताया कि अंजनी सेना विवादित रूट की बजाय राम राजा मंदिर रोड से महेंद्र भट्टाचार्य रोड और नेताजी सुभाष रोड से मलिक फतेह मोड़ से यात्रा निकाली जा सकती है। वहीं दूसरा प्रस्तावित रोड भगवान नरसिंह मंदिर के पास अवनि मॉल से जगत बनर्जी घाट रोड होते हुए एमजी रोड और हावड़ा मैदान तक बताया है। पुलिस ने अंजनी सेना से कहा कि राम राजा रोड पर हर साल श्रीराम सेना की ओर से शोभायात्रा निकाली जाती है। ऐसे में आप भी श्रीराम सेना के रूट पर शोभायात्रा निकाल सकते हैं।

### शोभायात्रा में डीजे-बाइक पर रोक

बता दें कि इस बार बीजेपी ने पूरे बंगाल में रामनवमी पर 2 हजार शोभायात्राएं निकालने की योजना बनाई है। ऐसे में पुलिस मुख्यालय की ओर से शोभायात्राओं को लेकर गाइडलाइन जारी की गई है। राज्य के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने निर्देश जारी किया है कि हावड़ा ग्रामीण और हावड़ा कमिश्नरेट क्षेत्रों में दो से नौ अप्रैल तक सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। उन्होंने पुलिसकर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी हैं। इसके अलावा शोभायात्रा में डीजे और मोटरसाइकिल पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि इस रामनवमी पहले से बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। इस बार कम से कम 2 हजार शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

# करोड़ों के जेवर चोरी मामले में हाईकोर्ट का वकील गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने शहर में हुई करोड़ों रुपए के सोने के जेवरों की चोरी का मामला सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने हाई कोर्ट के वकील समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जम्मू पुलिस में 10 फरवरी को जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में एक ज्वेलरी शोरूम में चोरी हुई थी। ग्रेटर कैलाश में जगदंबा ज्वेलर्स में दिन दिहाड़े हेलमेट पहने दो मोटरसाइकिल सवारों ने हथियार की नोंक पर इस चोरी को अंजाम दिया था। दिनदहाड़े चोरी की इस घटना को लेकर जम्मू में रोष था और इस मामले को हल करने के लिए पुलिस पर खासा दबाव था। जम्मू के एसएसपी जोगिंदर सिंह ने कहा कि 10 फरवरी को इस चोरी की वारदात की रिपोर्ट होने के बाद एक स्पेशल जांच टीम का गठन किया गया।



### कोर्ट से जल्द रिहा कराने का दिया आश्वासन

- जम्मू कश्मीर पुलिस के सूत्रों के मुताबिक वकील राहुल शर्मा ने इस चोरी को अंजाम देने वाले सुनील शर्मा और तुषार से यह कहा था कि वकील होने के नाते वह उन्हें कोर्ट से जल्द रिहा करवा देगा और इसके बदले उनसे कोई फीस भी नहीं लेगा।

### चोरी का मास्टर माइंड वकील

एसएसपी जम्मू ने कहा कि वकील को गिरफ्तार किया गया है। एड. राहुल शर्मा और दो अन्य आरोपियों सुनील शर्मा और तुषार पिछले एक साल से इस चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्लान बना रहा था। चोरी का मास्टरमाइंड राहुल शर्मा है, जबकि इस चोरी को अंजाम देने वाले बाकी दो लोगों में से एक के खिलाफ पहले से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## हनुमानगढ़ के नोहर की टायर फैक्ट्री में भयानक आग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**हनुमानगढ़।** राजस्थान के हनुमानगढ़ के नोहर में एक पुराने टायरों के कारखाने में लगी भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक यह आग नोहर के सोती रोड पर स्थित एक कारखाने में लगी। आग लगने से करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग इतनी भयंकर थी कि आसमान पर कई मीटर ऊपर तक धूंए के काले बादल उठते हुए देखे जा सकते थे जो कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहे थे।



▸▸ आसमान पर छाया काला धुआं

▸▸ करोड़ों के नुक़सान का अंदेशा